राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 269
लखनऊ, सोमवार 1 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



बाइक की चॉबी न देने पर चचेरे भाईयों ने पीटा 10

सिर्फ हुनर ही नहीं, अब व्यक्तित्व भी बनेगा ग्रामीण युवाओं का हथियार 03

# मोदी ने छात्रों से एस्ट्रोनॉमी क्लबों से जुड़ने का किया आह्वान

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एस्ट्रोनॉमी क्लबों की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए छात्रों से अपनी रूचि के अनुसार इन क्लबों से जुड़ने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने रविवार को आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में कहा कि देशभर में बड़े शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, स्कूलों से लेकर पार्कों तक एस्ट्रोनॉमी क्लब तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में भी इसे लेकर काफी उत्साह दिखाई देता है। मुझे बेंगलुरू एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के बारे में जानकारी मिली। यहां विशेष सत्र आयोजित किए जाते हैं। इस संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में एस्ट्रोनॉमी को लोकप्रिय बनाने का मिशन भी शुरू किया है। खगोल मण्डल नाम की एक टीम ने 30 घंटे का एक बहुत नया कोर्स शुरू किया है।



▸ छात्रों को अपनी रूचियों के विषयों के लिए समय निकालना और लगातार कुछ नया सीखते रहना बहुत जरूरी

उन्होंने कहा कि इसी तरह अशोक केरल नाम की एक संस्था रात्रि शिविर और कार्याशाला आयोजित करती है। यहां युवा साथी टेलीस्कोप बनाना और स्टार मैप का इस्तेमाल करना सीखते हैं। राजकोट के बिग बैंग एस्ट्रोनॉमी क्लब ने गिर के जंगलों से लेकर कच्छ के रण तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। ज्योतिर्विद्या परिसंस्था भी इस विषय के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है। यहां किताबें, पुस्तकालय और टेलीस्कोप लाइब्रेरी की सुविधा भी है। उन्होंने आईसैक संस्था का भी जिक्र किया और कहा कि यह छात्रों का एक देशव्यापी नेटवर्क है जो एस्ट्रोनॉमी और एस्ट्रोफिजिक्स क्लबों को आपस में जोड़ता है। उन्होंने छात्रों से कहा कि उनके लिए अपनी रूचियों के विषयों के लिए समय निकालना और लगातार कुछ नया सीखते रहना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे किसी एस्ट्रोनॉमी क्लब से जरूर जुड़ें और इन छुट्टियों में किसी तारामंडल को भी जरूर देखने जाएं।

## लोगों के प्रेरणादायी कार्यों की शक्ति से निरंतर आगे बढ़ रहा है देश : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के गांवों और शहरों में ऐसे अनेक प्रेरणादायी कार्य हो रहे हैं जिनसे यह विश्वास मजबूत होता है कि देश लोगों की शक्ति से निरंतर आगे बढ रहा है। श्री मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेड़ियो कार्यक्रम मन की बात की 134 वीं कड़ी में इसी तरह के अनेक प्रेरणादायी कार्यों का उल्लेख करते हुए लोगों से इनकी सराहना करने तथा इनसे जुड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के हर गाँव में, हर शहर में, कुछ-न-कुछ ऐसा हो रहा है जो हमें प्रेरणा देता है। कई बार, इन प्रयासों की ज्यादा चर्चा नहीं होती, लेकिन जब हम इन्हें जानते हैं, तो ये विश्वास और मजबूत होता है, कि देश, अपने लोगों की शक्ति से आगे बढ़ रहा है। मेरा आपसे आग्रह है, अपने आसपास ऐसे प्रयासों को जरूर देखिए। जो लोग समाज के लिए अच्छा काम कर रहें हैं, उन्हें पहचानिए, उनकी सराहना कीजिए, उनसे सीखिए, और हो सके तो खुद भी किसी अच्छे काम से जुड़िए। श्री मोदी ने तमिलनाडु के नागरकोइल में एक शिक्षिका गिरिजा अम्मा के साथ अपनी मुलाकात को साझा करते हुए कहा कि गिरिजा अम्मा जी करीब 15 स्कूल चलाती हैं। इनमें चेन्नई का जयगोपाल गरोडिया हिन्दू विद्यालय बहुत प्रमुख है। उनकी देशभक्ति की भावना हर भारतवासी को प्रेरित करने वाली है। उन्होंने मन की बात से प्रेरणा लेकर देश के अनेक सैनिकों के लिए योगदान का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने अपने सभी स्कूलों के को प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे वीर जवानों के लिए हर दिन एक रुपया योगदान दें। यानी एक साल में हर छात्र की ओर से 365 रुपये जमा हुए। इस छोटे-छोटे योगदान से करीब 40 लाख रुपये इकट्ठा हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि गिरिजा अम्मा जी ने इस पूरी राशि का चेक मुझे सौंपा। उनसे बातचीत के दौरान मैंने महसूस किया कि माँ भारती के प्रति उनका समर्पण कितना गहरा है। पिछले वर्ष ही चेन्नई के पहले हिन्दू विद्यालय ने अपने 50 वर्ष पूरे किए हैं। देश की शिक्षा और सांस्कृतिक गौरव को आगे बढ़ाने में इस स्कूल नेटवर्क की भूमिका बहुत प्रशंसनीय है। उन्होंने केरलम के आलुवा में, साजी वलाशेरिल द्वारा चलाये जा रहे निशुल्क स्वीमिंग क्लब का भी उल्लेख किया और कहा कि यहां अब तक 15 हजार से ज्यादा लोग यहाँ तैरना सीख चुके हैं ।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,57,190/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,44,100/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,930/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |



# लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि बने देश के नए सीडीएस

एजेंसी, नई दिल्ली।

जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि ने रविवार को भारत के नए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) का पदभार संभाल लिया। उनके सामने सबसे बड़ी जिम्मेदारी महत्वाकांक्षी थिएटराइजेशन योजना को लागू करना और तीनों सेनाओं के बीच समन्वय को और मजबूत करना होगी।

जनरल सुब्रमणि ने जनरल अनिल चौहान का स्थान लिया है, जिन्होंने शनिवार को देश के वरिष्ठतम सैन्य कमांडर के रूप में अपना कार्यकाल पूरा किया। पाकिस्तान और चीन मामलों के विशेषज्ञ माने जाने वाले जनरल सुब्रमणि इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। वह पिछले वर्ष 31 जुलाई को सेना के उप प्रमुख के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष के रूप में जनरल सुब्रमणि का प्रमुख दायित्व थिएटराइजेशन मॉडल



▸ कई चुनौतियों को करना होगा पार

को लागू करना होगा, जिसके तहत एकीकृत सैन्य कमान स्थापित की जाएगी। चार दशक से अधिक लंबे सैन्य करियर में जनरल सुब्रमणि ने विभिन्न प्रकार के संघर्ष क्षेत्रों और भौगोलिक परिस्थितियों में सेवाएं दी हैं। उन्होंने सेना में अनेक कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण संबंधी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने एक जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2025 तक सेना के उप प्रमुख के रूप में कार्य किया। इससे पहले वह मार्च 2023 से जून 2024 तक मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

## एडमिरल स्वामीनाथन ने नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभाला



एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन ने रविवार को यहां 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का स्थान लिया जो 41 वर्षों की विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। एडमिरल स्वामीनाथन को एक जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक युद्धकला विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने लगभग चार दशकों के विशिष्ट सैन्य जीवन में अनेक परिचालन, स्टाफ तथा प्रशिक्षण संबंधी नियुक्तियों पर कार्य किया है। एडमिरल स्वामीनाथन की समुद्री कमानों में निर्देशित प्रक्षेपास्त्र पोत आईएनएस विद्युत और आईएनएस विनाश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र कार्वेट ,आईएनएस कुलिश, निर्देशित प्रक्षेपास्त्र विध्वंसक आईएनएस मैसूर तथा विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य शामिल हैं। रियर एडमिरल पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने कोच्चि स्थित दक्षिणी नौसैनिक कमान मुख्यालय में मुख्य स्टाफ अधिकारी (प्रशिक्षण) के रूप में सेवा दी। इसके पश्चात उन्हें फ्लैग ऑफिसर समुद्री प्रशिक्षण नियुक्त किया गया तथा बाद में उन्होंने नौसेना की प्रहारक शक्ति माने जाने वाले पश्चिमी बेड़े की कमान संभाली। इसके बाद उन्हें फ्लैग ऑफिसर अपतटीय रक्षा सलाहकार समूह तथा भारत सरकार के अपतटीय सुरक्षा एवं रक्षा सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया। वाइस एडमिरल पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने पश्चिमी नौसैनिक कमान के प्रमुख स्टाफ अधिकारी, नौसेना मुख्यालय में कार्मिक सेवा नियंत्रक, कार्मिक प्रमुख तथा नौसेना उप प्रमुख जैसे पदों पर कार्य किया। नौसेना प्रमुख का पदभार ग्रहण करने से पूर्व एडमिरल स्वामीनाथन प्रतिष्ठित पश्चिमी नौसैनिक कमान के प्रमुख थे। एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन को विशिष्ट सेवाओं के लिए परम विशिष्ट सेवा पदक, अति विशिष्ट सेवा पदक तथा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### टिफनी ट्रम्प जैसलमेर पहुंचीं, पर्यटन स्थलों का करेंगी भ्रमण

जैसलमेर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पुत्री टिफनी ट्रम्प अपने पति माइकल बोलोस के साथ रविवार सुबह विशेष विमान से जैसलमेर पहुंचीं। उनका विमान जैसलमेर नागरिक हवाई अड्डे पर उतरा। उनके दौरे को देखते हुए एयरपोर्ट से लेकर होटल और प्रमुख पर्यटन स्थलों तक कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। टिफनी ट्रम्प और माइकल बोलोस जैसलमेर के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। उनके प्रवास के दौरान जैसलमेर किला, पटवों की हवेली, गड़ीसर झील तथा सम सैंड ड्यून्स सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों के भ्रमण की संभावना है। दंपती शहर के प्रसिद्ध सूर्यगढ़ जैसलमेर में ठहरे हुए हैं। वे होटल के सबसे महंगे आवास में रुके हैं।

### सूर्या प्रताप हत्याकांड का आरोप पुलिस मुठभेड़ में मारा गया

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के खोडा क्षेत्र में 17 वर्षीय सूर्या प्रताप चौहान की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में फरार चल रहा मुख्य आरोपी एवं 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश असद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। यह कार्रवाई खोडा थाना और इंदिरापुरम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गयी। पुलिस उपायुक्त (नगर/ट्रांस हिंडन/मुख्यालय) धवल जायसवाल ने रविवार को बताया कि सूर्या प्रताप चौहान हत्याकांड में वांछित चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी आरोपी असद को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया, तो आरोपी ने गोली चला दी। इसके बाद पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में की गयी जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। उसे उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गयी। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस में तकनीकी खराबी से चार घंटे तक वाराणसी में खड़ी रही ट्रेन

वाराणसी। बनारस-खजुराहो वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार सुबह तकनीकी खराबी के कारण वाराणसी जंक्शन (कैंट रेलवे स्टेशन) के समीप लगभग चार घंटे तक खड़ी रही। इसकी वजह से ट्रेन का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को भी काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर पहुंच मरम्मत कार्य करने के बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना की गई। जानकारी के अनुसार मंडुवाडीह स्थित बनारस रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस निर्धारित समय पर सुबह 5:15 बजे खजुराहो के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन जैसे ही वाराणसी जंक्शन के निकट पहुंची, पैंटोग्राफ में चिंगारी निकलती देखकर रेलवे गेटमैन ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। इसके बाद सुरक्षा के मद्देनजर ट्रेन को प्लेटफॉर्म संख्या-3 के पास रोक दिया गया।

# पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों को मिलेगा भूमिधरी अधिकार

▸ विदुर प्रेरणा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे सीएम योगी

▸ अप्रैल में लखीमपुर खीरी में भी बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किया था

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शोषित-वंचित समुदाय, विस्थापितों को निरंतर भूमिधरी अधिकार पत्र मिल रहा है। ऐसे लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में सुरक्षा, सुविधा व सम्मान मिल रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सोमवार को बड़े पैमाने पर पाकिस्तान से विस्थापित परिवारों को भी उनका अधिकार दिलाएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बिजनौर के आलमपुर गांवड़ी, अफजलगढ़, धामपुर में विकास की बड़ी योजनाओं से स्थानीय लोगों को जोड़ेंगे। वह पाकिस्तान से विस्थापित 1645 परिवारों तथा 50 पूर्व सैनिकों लीजधारकों को भूमिधरी अधिकार पत्र देंगे। मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को आवंटन पत्र व चेक वितरित करेंगे। कॉमन सर्विस सेंटर और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर प्रेरणा कैफे का उद्घाटन करेंगे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने अप्रैल में लखीमपुर खीरी में भी बांग्लादेश से विस्थापित 331 परिवारों को भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित किया था। चंदन चौकी पलिया में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया था। सीएम योगी ने मार्च में भी बहराइच के ग्राम पंचायत सेमरहना में आयोजित कार्यक्रम में भरथापुर गांव के 118 लाभार्थियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि आदि परिसंपत्तियों के समतुल्य 21.55 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया था। उन्होंने 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का वितरण भी किया था।

# अभिषेक बनर्जी के बाद एक और टीएमसी नेता पर हमला, सिर पर लगी चोट

एजेंसी, कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के जाने के बाद पार्टी नेताओं पर हमलों का सिलसिला शुरू हो गया है। पहले दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी पर हमला हुआ, अब होली जिले में ममता बनर्जी के करीबी सांसद कल्याण बनर्जी पर हमला कर दिया गया।

हुगली जिले के चंदिताला पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक डेलिगेशन का नेतृत्व कर रहे सांसद कल्याण बनर्जी पर प्रदर्शनकारियों ने हमला बोल दिया। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें घेर लिया, काले झंडे दिखाए और नारेबाजी की। सुरक्षा कर्मियों और सहयोगियों ने उन्हें बचाने



की कोशिश की, लेकिन इस दौरान कल्याण बनर्जी सिर पकड़कर सड़क पर गिर पड़े।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे पहले दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में अभिषेक बनर्जी के कार्यक्रम के दौरान भी भारी विरोध प्रदर्शन हुआ था। उनके ऊपर अंडे फेंके गए और धक्का-मुक्की की गई थी। टीएमसी नेताओं का आरोप है कि पार्टी के नेताओं को निशाना बनाकर हमले किए जा रहे हैं।

वहीं विपक्षी दलों का कहना है कि जनता अपने मुद्दों को लेकर विरोध जता रही है। इस घटना पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी से बात की और पार्टी को हर संभव सहयोग देने की बात कही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो के आधार पर कार्रवाई की तैयारी में है। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद राजनीतिक तनाव बढ़ता दिख रहा है।

### भारत-ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में करेंगे डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग

एजेंसी, नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज नई दिल्ली में अपने समकक्ष और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस के साथ इंडिया-ऑस्ट्रेलिया डिफेंस मिनिस्टर्स डायलॉग की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस डायलॉग में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में हुई प्रगति का आकलन किया जाएगा और आपसे सहयोग के नए रास्ते खोजे जाएंगे। चर्चा में रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने, सैन्य अंतर संचालनीयता बढ़ाने, उद्योग सहयोग और आपसी फायदे के क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा विकास पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। इस बैठक से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और मजबूत होने, सामरिक भरोसा और सहयोग बढ़ने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने के नए क्षेत्र की पहचान होने की उम्मीद है।




मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

**सनातन संस्कृति में वृक्षों, पहाड़ों, नदियों और प्राणियों की पूजा की परंपरा रही है। वेदों में प्रकृति की पूजा को साक्षात ईश्वर की उपासना माना गया है।** प्रकृति के विभिन्न तत्वों यथा- अग्नि, वायु, जल एवं पृथ्वी को देव स्वरूप माना गया है। **5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस का अवसर वार्षिक औपचारिकता न होकर प्रकृति के प्रति हमारी साझी कृतज्ञता का ज्ञापन होना चाहिए।**

सनातन परंपरा में वर्णित **तीन ऋणों- देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण में देव ऋण का सीधा संबंध प्रकृति से है।** जल, वन, भूमि और समस्त सृष्टि का संरक्षण ही इस ऋण से उऋण होने का मार्ग है। हमारी संस्कृति में वृक्ष केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि देवत्व, जीवन, ज्ञान, स्वास्थ्य और लोककल्याण के जीवंत प्रतीक हैं। **कुछ दिन पूर्व ही लाखों माताओं और बहनों ने वट सावित्री व्रत रखा था। यह प्रकृति से हमारी संस्कृति के प्रगाढ़ संबंधों को दर्शाता है। छठ और महाकुम्भ जैसे महापर्व इसी अमूर्त आस्था के प्रतीक हैं।**

आज वृक्ष, जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन का संकल्प पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। **'जल है तो हम हैं'-यह केवल एक वाक्य नहीं, बल्कि जीवन का सार है। पारिस्थितिकी के प्रति हमारी संवेदनशीलता का ही प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश में शेखा झील पक्षी अभयारण्य को मिलाकर रामसर स्थलों की संख्या 12 हो गई है।** प्रदेश सरकार की नदियों के पुनरुद्धार की 'एक जनपद एक नदी योजना' की सफलता दर्शाती है कि यदि समाज और शासन मिलकर प्रयास करें, तो प्रकृति को संरक्षित किया जा सकता है।

**मैं प्रदेश के युवाओं से विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि वे जल संरक्षण, स्वच्छता, वृक्षारोपण और नदियों के संरक्षण का सशक्त आधार बनें।** युवा ऊर्जा और सहभागिता ही हरित एवं समृद्ध उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति है। **प्यारे बच्चों, आपसे भी एक बात कहना चाहूंगा। हर वर्ष अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल करें।**

आइए, विश्व पर्यावरण दिवस पर हम सभी प्रकृति के संरक्षण, जलस्रोतों के संवर्धन और वृक्षों की रक्षा का संकल्प लें। सुरक्षित, स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण ही विकसित प्रदेश का आधार है।



आपका
योगी आदित्यनाथ

सुरक्षित पर्यावरण समृद्ध भविष्य

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

# राजीव कृष्ण को मिली पुलिस की कमान

## डीजीपी के रूप में स्थायी नियुक्ति का आदेश जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश सरकार ने 1991 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को प्रदेश का पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। वह कार्यवाहक डीजीपी के रूप में प्रदेश पुलिस की कमान संभाल रहे थे। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिया गया है।

राजीव कृष्ण ने तत्कालीन डीजीपी प्रशांत कुमार की सेवानिवृति के बाद कार्यवाहक डीजीपी का पदभार संभाला था। इससे पहले डीजी विजिलेंस और उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं।

पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक अनुभवी, अनुशासित और परिणामोन्मुख अधिकारी के रूप में रही है। गौतमबुद्ध नगर निवासी राजीव कृष्ण ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक की शिक्षा प्राप्त की है। तीन दशक से



अधिक पुलिस सेवाकाल में उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों और महत्वपूर्ण इकाइयों में कार्य किया है। आगरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में उनका कार्यकाल विशेष रूप से चर्चित रहा, जहां उन्होंने संगठित अपराध, अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर अलग पहचान बनाई थी। पुलिस मुख्यालय, विजिलेंस और भर्ती बोर्ड में काम करने का अनुभव रखने वाले राजीव कृष्ण प्रशासनिक दक्षता और संस्थागत सुधारों के लिए जाने जाते हैं।

### धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से ईरान के साथ एक अच्छे समझौते के करीब पहुँच रहा है अमेरिका : ट्रंप



एजेंसी, वाशिंगटन। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ईरान के साथ एक बहुत अच्छे समझौते के करीब पहुंच रहा है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ, तो अमेरिका सैन्य कार्रवाई पर लौट आएगा। श्री ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज़ को दिये साक्षात्कार में कहा कि अगर आप जल्दबाजी करेंगे, तो आप कोई अच्छा समझौता नहीं कर पाएंगे। मुझे लगता है कि धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से हम वह पा रहे हैं जो हम चाहते हैं। अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे एक अलग तरीके से खत्म करेंगे।

इस बीच, तस्नीम समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया कि उसने रविवार सुबह देश के क्षेत्रीय जल क्षेत्र के ऊपर एक अमेरिकी एमक्यू-1 प्रीडेटर मल्टी-रोल ड्रोन का पता लगाया और उसे मार गिराया। एजेंसी ने आईआरजीसी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि आज सुबह-सवेरे एक अमेरिकी सेना का एमक्यू1 ड्रोन ईरानी क्षेत्रीय जल क्षेत्र में घुस आया था, लेकिन तुरंत उसका पता चल गया और आईआरजीसी के हवाई रक्षा प्रणाली से दागी गयीं मिसाइलों से उसे मार गिराया गया। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी ड्रोन ईरानी क्षेत्रीय जल क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण हरकतें करने के इरादे से घुसा था। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़राय ल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किये थे, जिसमें 3,000 से अधिक लोग मारे गये थे। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई में इजरायल और पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी ठिकानों पर हमले किये । फिर अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की। शांति स्थापित करने को लेकर दोनों देशों ने पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बातचीत की, जो बेनतीजा रही और फिर से दुश्मनी शुरू होने की कोई रिपोर्ट नहीं मिली। हालाँकि, अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी।

# राहुल गांधी ने सीबीएसई उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार को घेरा

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को लेकर केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि 18.5 लाख बच्चों की उत्तर पुस्तिकाओं को नियमों को ताक पर रखकर मोबाइल फोन से स्कैन किया गया, जिसके कारण बच्चों के अंकों का गलत मूल्यांकन हुआ।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में निविदा शर्तों में किए गए बदलावों को सिलसिलेवार तरीके से साझा करते हुए इसे एक बड़ा फर्जीवाड़ा करार दिया है। कांग्रेस नेता के अनुसार, इस पूरे मामले की शुरुआत निविदा प्रक्रिया से हुई। सीबीएसई ने मई 2025 में जारी किए गए टेंडर में स्पष्ट रूप से यह शर्त रखी गई थी कि उत्तर पुस्तिकाओं को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर्स के जरिए स्कैन किया जाए, उनकी बाइंडिंग (स्पाइन) सुरक्षित रहे और स्कैनिंग कम से कम 300 डीपीआई की गुणवत्ता पर हो। इसके बाद अगस्त में इसी टेंडर को दोबारा जारी किया गया, जिसमें से इन सभी कड़े नियमों को गुपचुप तरीके से हटा दिया गया। इसमें रोबोटिक स्कैनर्स की जगह सामान्य स्कैनर्स शब्द का इस्तेमाल किया गया और स्कैनिंग रेजोल्यूशन को भी 300 डीपीआई से घटाकर 200 डीपीआई कर दिया गया।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नियमों में यह ढील एक खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए दी गई थी। उन्होंने कहा, अब हमें पता चला है कि व्यावहारिक रूप से इसका क्या मतलब था। यह बात सामने आ चुकी है कि कोएम्प्ट नाम की कंपनी ने उत्तर पुस्तिकाओं को स्कैन करने के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया। श्री गांधी ने कहा कि बच्चों को जो धुंधली कॉपियां मिली हैं, जो पन्ने गायब हैं या जो कॉपियां स्कैन होने से रह गई हैं, वे कोई गलतियां नहीं हैं।

# अहिल्याबाई जयंती समारोह में भाजपा सरकार पर बरसे विपक्षी नेता

- भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के लगाए गंभीर आरोप
- कार्यक्रम में क्षेत्रीय पत्रकार हुए सम्मानित

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर आयोजित समारोह राजनीतिक रंग में रंग गया। कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं ने भाजपा सरकार और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों पर जमकर निशाना साधते हुए भ्रष्टाचार, प्रशासनिक हस्तक्षेप और विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगाए। जरही रोड स्थित बुद्धिलाल पिक्चर पैलेस परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित हरेंद्र पासवान ने भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए सवाल दागा कि जब विपक्षी नेताओं के खिलाफ जांच एजेंसियां सक्रिय रहती हैं तो सत्ता पक्ष के उन नेताओं की संपत्तियों की जांच क्यों नहीं होती, जिनकी संपत्ति में लगातार इजाफा हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बलहा क्षेत्र की जनता विकास के दावों के बावजूद मूलभूत सुविधाओं के लिए भटक रही है, जबकि अधिकारियों के तबादलों से लेकर विकास योजनाओं तक में कथित रूप से भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पासवान ने कहा कि क्षेत्र में विकास के नाम पर राजनीति हावी है और आम जनता की समस्याएं लगातार नजरअंदाज की जा रही हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी होती जा रही हैं।

समारोह में मौजूद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जुगी लाल यादव ने भी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि क्षेत्र में बढ़ रही अव्यवस्थाओं और कथित अवैध गतिविधियों के लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दबाव के चलते प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम नहीं कर पा रहा है, जिससे जनता का भरोसा कमजोर हो रहा है। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

रहीश खान, अनिल कुशवाह, जुनैद खान, असलम खान, साकेत कुमार वर्मा, अजीत कुमार मौर्य, शरीफ अहमद, डॉ. खबीर, इरशाद, एम. सलीम (बाबागंज), मिथिलेश जायसवाल और विनोद शर्मा सहित कई पत्रकारों को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार एवं शिक्षक जमील कुरैशी ने किया। वक्ताओं ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के न्यायप्रिय एवं जनकल्याणकारी शासन को याद करते हुए उनके आदर्शों को वर्तमान समय में भी प्रासंगिक बताया। समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### गरीबों के निवाले पर डाका

## गंगापुर में 1000 कुंटल राशन घोटाले के आरोप से मचा हड़कंप

- बलहा विधायक सरोज सोनकर ने खोला मोर्चा



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मिहींपुरवा विकास खंड के ग्राम पंचायत गंगापुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को लेकर उठे गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गरीबों के हक का राशन व्यवस्था की भेंट चढ़ गया और महीनों तक पात्र परिवारों को उनका अनाज नहीं मिला। कथित तौर पर करीब 1000 कुंतल राशन के गबन के आरोपों ने पूरे इलाके में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई लाभार्थियों से मशीन पर अंगूठा लगवा लिया गया, लेकिन राशन नहीं दिया गया। आरोप है कि गरीबों के हिस्से का अनाज कागजों में बांट दिया गया और हकीकत में लाभार्थी खाली हाथ लौटते रहे। गांव में यह मामला अब चर्चा का सबसे बड़ा विषय बन चुका है।

मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा संबंधित कोटेदार को निलंबित किए जाने की जानकारी सामने आई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि अनियमितताएं नहीं थीं तो कार्रवाई क्यों हुई, और यदि अनियमितताएं थीं तो फिर गरीबों को उनका बकाया राशन अब तक क्यों नहीं मिला? इस पूरे प्रकरण को लेकर बलहा विधायक सरोज सोनकर ने कड़ा रुख अपनाया है। विधायक ने जिलाधिकारी बहराइच एवं संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच, गरीबों के बकाया राशन के तत्काल वितरण, कथित गबन की रिकवरी तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि जनवरी, फरवरी और मार्च 2026 का राशन आज तक अनेक पात्र परिवारों को नहीं मिला। इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। गांव के लोगों का कहना है कि गरीबों के हक पर डाका डालने वालों को संरक्षण नहीं, बल्कि सजा मिलनी चाहिए। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि ग्रामीणों के आरोप सही हैं तो गरीबों के हिस्से का अनाज आखिर गया कहां? क्या पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी? क्या दोषियों से रिकवरी कर गरीबों को उनका हक मिलेगा? इन सवालों के जवाब का इंतजार पूरा क्षेत्र कर रहा है। विधायक सरोज सोनकर के हस्तक्षेप के बाद मामला तूल पकड़ चुका है और अब लोगों की निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## खबरें एक नजर में

### सड़क पर बैठे तेंदुए के सामने गिरा बाइक सवार

- हिम्मत दिखाकर आगे बढ़ा युवक, तो जंगल में भागा तेंदुआ



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट रेंज के बिछिया-सुजौली मार्ग पर अचानक एक तेंदुआ बीच सड़क पर आ गया। तेंदुआ करीब 10 मिनट तक सड़क पर बैठा रहा। इससे एक बाइक सवार युवक घबराकर अनियंत्रित होकर गिर गया। जान बचाकर वह बाइक को छोड़कर बाजार की ओर भागा। हालांकि, कुछ देर बाद हिम्मत जुटाकर आगे आया। इसे देखकर तेंदुआ जंगल की ओर भाग निकला। घटना रविवार दोपहर करीब 2 बजे की है। इसका वीडियो भी सामने आया है।स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा होने के बाद तेंदुआ जंगल की ओर से चला गया। इस पूरी घटना का वीडियो कई राहगीरों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, जो अब वायरल हो रहा है। रेंजर आशीष गौड़ ने बताया सूचना मिली है वन कर्मियों की टीम मौके पर भेजी गई है, बाइकसवार युवक कौन था इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। भीषण गर्मी में अचानक लगातार भारी बारिश से जानवरों तेज उथल-पुथल मची हुई है। जानवर जंगल में चहलकदमी कर रहे हैं। यह तेंदुआ और टाइगर का इलाका है। अक्सर सड़क पर जानवर निकलते रहते हैं लोगों को धीमी गति से वाहन चलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

### विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

- सात युवकों को टूरिस्ट वीजा थमाकर किया धोखा, मुकदमा दर्ज

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना जरवल रोड क्षेत्र के कस्बा जरवल स्थित कटरा दक्षिणी निवासी मसूद अहमद ने एक व्यक्ति पर विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है तथा कार्रवाई की मांग की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसूद अहमद ने अपनी शिकायत में बताया है कि उनके गांव के सात बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहते थे। इसी दौरान उनकी मुलाकात मोहम्मद वारिस निवासी भसंडा, थाना मोहनलालगंज, जनपद लखनऊ से हुई। आरोप है कि वारिस ने ओमान में होटल, सफाई कर्मी एवं सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी दिलाने का भरोसा देते हुए प्रति व्यक्ति 95 हजार रुपये खर्च होने की बात कही। शिकायतकर्ता के अनुसार सातों युवकों से धनराशि एकत्र कर विभिन्न बैंक खातों में कुल 7 लाख 85 हजार रुपये जमा कराए गए। आरोप है कि रुपये लेने के बाद युवकों को नौकरी के लिए कार्य वीजा उपलब्ध कराने के बजाय टूरिस्ट वीजा दे दिया तथा रोजगार दिलाने का वादा पूरा नहीं किया गया। मसूद अहमद का कहना है कि आरोपित ने जालसाजी और धोखाधड़ी कर युवकों के साथ छल किया है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। पीड़ित ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई तथा धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा कार्य में गड़बड़ी का आरोप

- 50 मजदूर दर्ज, मौके पर कम मिले श्रमिक

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत विश्वनाथगांव में मनरेगा के तहत कराए जा रहे नाला खुदाई कार्य को लेकर ग्रामीणों ने अनियमितता के आरोप लगाए हैं।

अलापुरवा से दोड़रा नाला तक चल रहे कार्य में रिकॉर्ड और जमीनी हकीकत में अंतर होने की शिकायत प्रशासन से की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि मनरेगा अभिलेखों में 50 मजदूरों की उपस्थिति दर्ज दिखाई गई है, जबकि कार्यस्थल पर इतनी संख्या में श्रमिक कार्य करते नहीं मिले। इससे फर्जी हाजिरी और भुगतान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ ऐसे लोगों के नाम भी श्रमिक सूची में दर्ज किए गए हैं, जो नियमित मजदूरी कार्य नहीं करते। उनका कहना है कि मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पूरे मामले की जांच आवश्यक है।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की स्थिति अपेक्षित नहीं है। इसके बावजूद विभिन्न योजनाओं में धन खर्च होने के दावे किए जा रहे हैं। ऐसे में विकास कार्यों और व्यय का सामाजिक एवं प्रशासनिक सत्यापन कराया जाना चाहिए। इधर, ग्रामीणों के बीच एक कथित बयान को लेकर भी चर्चा है, जिसमें फाइलों के निस्तारण में कमीशन दिए जाने की बात कही गई है।

हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि मनरेगा का उद्देश्य गांव के जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। यदि अभिलेखों और वास्तविक कार्य में अंतर है तो इसकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए।

### जांच के बाद ही साफ होगी स्थिति

मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकेगी। फिलहाल ग्रामीणों की शिकायत के बाद पूरे प्रकरण की चर्चा क्षेत्र में बनी हुई है।



### पति ने काटी पत्नी की नाक जिला अस्पताल में महिला भर्ती



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जरवल थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी की नाक दांत से काट ली। रसूलपुर गांव में अमर बहादुर परिवार के साथ रहते हैं। अमर बहादुर हरियाणा में प्राइवेट नौकरी करते हैं। एक महीने पहले घर आए थे। शुक्रवार को उनका पत्नी शुभांगी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अमर बहादुर ने गुस्से में अपनी पत्नी शुभांगी की नाक दांत से काट दी। जिससे शुभांगी चीख पड़ीं। गंभीर रूप से घायल शुभांगी ने तत्काल मेरठ में रहने वाले अपने मायके वालों को घटना की जानकारी दी। पुलिस स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद लेकर गई। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।जरवल थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया, पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद पति ने पत्नी पर हमला किया है। पुलिस ने घायल महिला के परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## बहराइच का युवक गोवा में ड्रग्स तस्करी आरोप में गिरफ्तार

- एसटीएफ व गोवा पुलिस ने दरगाह इलाके से पकड़ा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

दरगाह थाना क्षेत्र से गोवा पुलिस और एसटीएफ ने एक युवक को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गोवा में ड्रग्स की बिक्री और तस्करी करवाने का मामला दर्ज था। गिरफ्तार युवक की पहचान मंसूरगंज निवासी अखलाख उर्फ मन्ना के रूप में हुई है। उस पर पहले से ही हत्या और मादक पदार्थ की तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। अखलाख पर गोवा में मादक पदार्थ की तस्करी करवाने का आरोप है, जिसके बाद नॉर्थ गोवा के एक थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।



### आरोपी को गोवा लेकर चली गई पुलिस

गोवा पुलिस ने अखलाख की गिरफ्तारी के लिए लखनऊ एसटीएफ से संपर्क किया। उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश मिश्र के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम गोवा पुलिस के साथ शनिवार को बहराइच पहुंची। दरगाह पुलिस की मदद से अखलाख को उसके इलाके से गिरफ्तार किया गया। गोवा पुलिस उसे अपने साथ लेकर गोवा रवाना हो गई है।

## प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रदीप कुमार को दी गई विदाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोण्डा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रदीप कुमार का प्रशिक्षण कार्यकाल पूर्ण होने पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल के निर्देशन में कैंप कार्यालय में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रदीप कुमार को उपस्थिति अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सफल पुलिस सेवा जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की गईं। अपने प्रशिक्षण काल के दौरान प्रदीप कुमार ने थाना प्रभारी मोतीगंज के रूप में कार्य कर जनपद में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, विवेचना, जनसुनवाई एवं सामुदायिक पुलिसिंग



के विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन किया। उन्होंने पुलिस कार्यप्रणाली को निकटता से समझते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि प्रदीप कुमार ने अपने प्रशिक्षण काल में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं सीखने की उत्कृष्ट क्षमता का परिचय दिया। उनका सकारात्मक दृष्टिकोण एवं कार्य के प्रति समर्पण भाव भविष्य में उन्हें एक कुशल एवं प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करेगा।

अपने संबोधन में प्रदीप कुमार ने जनपद गोण्डा में प्राप्त मार्गदर्शन, सहयोग एवं आत्मीयता के लिए पुलिस अधीक्षक गोण्डा सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि के दौरान प्राप्त अनुभव एवं सीख उनके भावी सेवा जीवन में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री प्रदीप कुमार के उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल सेवा जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

### 36 उप निरीक्षक भेजे गए गैर जनपद, आठ मिले नए

**झंझरी/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने काफी दिनों से जिले में तैनात रहे 36 उपनिरीक्षक का स्थानांतरण गैर जनपद कर दिया है। जिले को आठ नए उप निरीक्षक मिले है। आई जी अमित पाठक ने काफी दिनों से जिले के तैनात रहे उप निरीक्षक दिग्विजय यादव परशुराम यादव अखिलेश कुमार यादव सुभाष यादव राजेंद्र यादव ज्ञानेश्वर प्रसाद राजेश कुमार यादव चंद्रिका यादव अशोकं कुमार सिंह घनश्याम वर्मा राम सुंदर सिंह आशीष कुमार मुकेश कुमार मनीष कुमार मनोज कुमार अजय कुमार सिंह रवि प्रकाश यादव अंकित सिंह आदित्य गौतम अवनीश शुक्ला अमित कुमार सिंह अखिलेश उमर यादव अंकित यादव अभिषेक भदौरिया को बहराइच जिला भेजा गया ।प्रदीप कुमार सिंह नीरज कुमार अनिरुद प्रसाद यादव सुरेंद्र कुमार कोमल प्रसाद यादव को बलराम पुर जिला भेजा गया है । सरफराज खान पशु पति नाथ तिवारी विश्वास कुमार चतुर्वेदी सुरेन्द्र कुमार शैलेन्द्र कुमार यादव को श्रावस्ती भेजा गया। श्रवण कुमार कल्पना सिंह जगन्नाथ यादव ओंकार यादव राजेश दुबे गोपाल तिवारी शैलेन्द्र कुमार सोनकर अहमद हुसैन को गोंडा भेजा गया है।

# कैसरगंज में अवैध खनन पर प्रशासन सख्त



- दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक रेपर मशीन सीज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कैसरगंज तहसील प्रशासन और पुलिस विभाग ने अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। रविवार देर रात मंझारा तौकली गांव में संयुक्त अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर, एक ट्रॉली और एक रेपर (पट्टा मशीन) को जब्त कर सीज कर दिया गया। यह कार्रवाई कोतवाली कैसरगंज के गोड़हिया चौकी इंचार्ज संजीत सिंह और राजस्व विभाग के कानूनगो छत्र पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ की गई। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। प्रशासन के अनुसार, पिछले एक सप्ताह में दर्जन भर से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी-रेपर मशीनें जब्त की जा चुकी हैं। प्रशासनिक और पुलिस टीमें क्षेत्र के कई संवेदनशील इलाकों में लगातार दबिश दे रही हैं। गोड़हिया चौकी इंचार्ज संजीत सिंह ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि उनके क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि या तो ऐसे लोग यह क्षेत्र छोड़ दें या कोई दूसरा काम ढूंढ लें। यह लगातार कार्रवाई जिलाधिकारी अखिलेश सिंह के निर्देश पर शासन की मंशा के अनुरूप तहसील कैसरगंज में की जा रही है। यह कदम अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन की दृढ़ता को दर्शाता है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से 14 वर्षीय बालक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**कर्नलगंज, गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार सुबह एक बार फिर लापरवाही और तेज गति ने एक मासूम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज नगर के मोहल्ला बजरंग नगर मेहंदीहाता स्थित सारी पुरवा निवासी 14 वर्षीय दीपांशू रविवार सुबह करीब 10:30 बजे नवीन सब्जी मंडी से अपने घर लौट रहा था। मंडी समिति के बगल खुशियाली केंद्र के सामने पहुंचते ही भट्ठे की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपांशू पुत्र पिंटू के सिर में गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बालक को तत्काल एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बालक के परिजन विष्णु प्रसाद मौर्य ने कोतवाली कर्नलगंज में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई न होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, जिससे आम नागरिकों की जान खतरे में पड़ रही है। यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की पोल खोल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## पुलिस ने तीन दहेज हत्याभियुक्त को किया गिरफ्तार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

वादी मैकू पुत्र रामफेर निवासी ग्राम गुडसड़ा पूरे अचली पुरवा, पोस्ट परसा महेसी, थाना करनैलगंज, जनपद गोण्डा द्वारा थाना कटरा बाजार पर लिखित तहरीर दी गई कि उसकी पुत्री नन्दिनी की शादी दिनांक 25.07.2025 को राजकुमार पुत्र ननके निवासी ग्राम सिटकहवा बनगांव थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा के साथ हुई थी।

शादी के बाद पति राजकुमार, सास कलावती तथा ससुर ननके द्वारा मोटरसाइकिल की मांग को लेकर नन्दिनी को लगातार प्रताड़ित किया जाता था। उक्त दहेज उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर नन्दिनी ने दिनांक 29.05.2026 को समय करीब 06:00 बजे सायं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कटरा बाजार में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसमे आज दिनांक 31.05.2026 को थाना कटरा बाजार पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी अभियुक्तों- 01. राज कुमार गौतम उर्फ चंचल पुत्र दयाराम,02. दयाराम गौतम उर्फ ननके पुत्र स्व. मनीराम गौतम,03. कलावती पत्नी दयाराम गौतम उर्फ ननके को टेढ़ी पुल बनगांव के निकट पाण्डेय तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कटरा बाजार पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।



### गिरफ्तार अभियुक्तगण

01. राज कुमार गौतम उर्फ चंचल पुत्र दयाराम
02. दयाराम गौतम उर्फ ननके पुत्र स्व. मनीराम गौतम
03. कलावती पत्नी दयाराम गौतम उर्फ ननके निवासीगण ग्राम सिकटहवा मौजा बनगांव थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।

# कर्नलगंज में हाईवे व फुटपाथ पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड

- सड़कों व उसके किनारे सरकारी भूमि पर डग्गामार वाहनों, आटो-रिक्शा, बस व फल ठेलों ने कर रखा है अवैध कब्जा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्नलगंज कस्बे में गोंडा-लखनऊ हाईवे, परसपुर रोड, कटरा बाजार रोड स्थित यतीमखाने के पास, हुजूरपुर रोड पर छतई पुरवा के पास, बहराइच मोड़ सहित कई स्थानों पर जिम्मेदार पुलिस प्रशासन व आरटीओ विभाग के संरक्षण मे खुलेआम अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि जिम्मेदार पुलिस प्रशासन, नगर प्रशासन और आरटीओ विभाग सब कुछ जानते हुए भी प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। अवैध स्टैंड और सड़क कब्जा हटाने के बजाय केवल खानापूर्ति की कार्रवाई होती है, जिससे दबंगों,स्टैंड संचालकों के हौसले बुलंद हैं। कर्नलगंज कस्बे में अव्यवस्थाओं का आलम चरम पर पहुंच चुका है।

कस्बे की मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से बैटरी रिक्शा, डग्गामार बसें, ट्रक,आर्टिका वाहन, टैक्सी और फल-ठेले तक कब्जा जमाए खड़े रहते हैं, जिससे आए दिन जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती है। आम राहगीरों, स्कूली बच्चों, मरीजों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस कह रही है किस किस से मार करूं इसलिए, जैसे चल रहा है ठीक है। यदि समय रहते स्थायी और कठोर कार्रवाई नहीं हुई तो कर्नलगंज की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है। जनता अब जवाब चाहती है कि आखिर कानून केवल आम लोगों के लिए ही है या अवैध वसूली और दबंगई के दम पर सड़कें कब्जाने वालों के लिए भी कोई नियम बनेगा?

कर्नलगंज में खुलेआम अवैध टैक्सी-बस अड्डे संचालित हो रहे हैं। अधिकारियों की सांठगांठ से टोकन के नाम पर लाखों की अवैध वसूली हो रही है। टैक्सी-बस अड्डों को नहीं हटाया जा रहा है। कर्नलगंज कस्बे की स्थिति काफी खराब है। संपूर्ण कस्बे की सड़क पर अवैध रूप से बैटरी रिक्शा, बस, ट्रक आर्टिका,फल के ठेले सब सड़क पर ही खड़े रहते हैं।

कर्नलगंज के बहराइच मोड़ पर डबल डेकर बसों-टैक्सियो का अवैध स्टैण्ड धड़ल्ले चल रहा है।

यहां से दूसरे प्रदेशों को दो दर्जन से अधिक डबल डेकर बसों का आवागमन हो रहा है।

रोज भारी जमावड़ा लगता है जिससे जाम स्थति बनी रहती है सड़क जाम की वजह से बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है लेकिन जिम्मेदार प्रशासन मौन साधे हुए है।

कर्नलगंज में हाईवे सड़क कम, अवैध स्टैंड ज्यादा दिख रहा है। डग्गामार गाड़ियां, ई-रिक्शा, ऑटो, ट्रक और फल-ठेले तक सड़कों पर कब्जा जमाए हैं। जनता रोज घंटों जाम में फंस रही, एम्बुलेंस तक अटक रही हैं, स्कूल जाने वाले बच्चे परेशान हैं।

प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस सिर्फ सब कंट्रोल में है का दावा कर रहे हैं लेकिन स्थिति इसके विपरीत है। हेलमेट चेकिंग में पूरी फोर्स लग जाती है, मगर अवैध पार्किंग, डग्गामार वाहनों और रोज लगने वाले जाम पर कार्रवाई क्यों नहीं? जिस दिन बड़ा हादसा होगा, उसी दिन जिम्मेदारों की नींद खुलेगी।

# जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज नई दिल्ली के मंगोलपुरी स्थित सैनी भवन में अखिल भारतीय शाक्य महासभा द्वारा बुद्ध जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस भव्य समारोह में समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया और भगवान बुद्ध के विचारों व सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की गई।

भारतीय शाक्य महासभा के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को स्मृति चिह्न और शॉल भेंट कर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

उप मुख्यमंत्री ने समाज की होनहार प्रतिभाओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि तथागत भगवान बुद्ध का संदेश शाश्वत है। आज विश्व के 40 देशों में भगवान बुद्ध को पूजा जाता है और वहां के करोड़ों लोग उनके शांति और करुणा के मार्ग के अनुयायी हैं। सम्राट अशोक हमारे पूर्वज थे, जिन्होंने तथागत भगवान बुद्ध के शांति और लोक-कल्याणकारी संदेशों का देश-दुनिया में व्यापक प्रचार-प्रसार किया। हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

उन्होंने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को भेजने के ऐतिहासिक कार्य के लिए पूरे देश में से प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने मुझे चुना। यह पूरे समाज और उत्तर प्रदेश के लिए अभूतपूर्व सम्मान की बात है। श्री मौर्य ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी का स्पष्ट सपना है कि ष्चाहें जो मजबूरी हो, शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा ही समाज के सशक्तिकरण का एकमात्र सशक्त माध्यम है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार देश और समाज के हर वर्ग के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि देश और प्रदेश की जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ है। 2027 के आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा 2017 से भी बड़ी और ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। देश में विकास और राष्ट्रवाद की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी और वर्ष 2047 तक देश में भाजपा की सरकार मजबूती से कार्य करती रहेगी।

**▸ सरकार देश के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री**

**125 दिनों की रोजगार गारंटी से ग्रामीण परिवारों की आर्थिक सुरक्षा होगी सुदृढ़**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं समृद्ध बनाने की दिशा में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम, 2025 जीरामजी महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी कदम है। यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का विस्तार करने, आजीविका को सुदृढ़ बनाने तथा प्रत्येक ग्रामीण परिवार को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री मौर्य ने कहा कि इस अभिनव अधिनियम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, स्वरोजगार एवं कौशल विकास को नई गति प्राप्त होगी तथा आय सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। अधिनियम केवल आर्थिक प्रगति का माध्यम नहीं है, बल्कि विकसित भारत के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का एक प्रभावी अभियान है।

# मदरसा बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित करेगी यूपी सरकार, टॉप-3 छात्रों को मिलेगा टैबलेट

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगी। मुंशी, मौलवी सेकेंडरी और आलिम सीनियर सेकेंडरी परीक्षा के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। इनमें से दोनों वर्गों के टॉप- 3 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया जाएगा।

जून के पहले सप्ताह में राजधानी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम होगा। 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में कुल 80,933 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। इनमें से 63,211 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया था, इसमें से 55,788 छात्रों ने परीक्षा पास की थी। मुंशी मौलवी सेकेंडरी और आलिम सीनियर सेकेंडरी की मेरिट सूची में टॉप-10 में पांच छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं।

सभी टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।प्रदेश सरकार लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है कि अल्पसंख्यक समाज के छात्र आधुनिक शिक्षा से जुड़ें और समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ें। अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि योगी सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि जून के पहले सप्ताह में सेकेंडरी और सीनियर सेकेंडरी वर्ग के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को लखनऊ बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। दोनों वर्गों के टॉप-3 को टैबलेट फोन दिए जाएंगे, जिससे वह अपनी आगे की पढ़ाई और बेहतर ढंग से कर सकें।

## खबरें एक नजर में

### एग्जाम के बाद बोला अभ्यर्थी- बीएड प्रवेश परीक्षा का पेपर था उबाऊ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के 38 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा-2026 कराई जा रही है। इन सभी केंद्रों के लिए कुल 17 हजार 881 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। शहर के बीबीएयू सेंटर से पहली पाली का पेपर देकर निकले एक अभ्यर्थी ने कहा- पेपर का समय 3 घंटे का दिया गया था। मैंने 2 घंटे में सॉल्व कर लिया। बहुत ही उबाऊ पेपर था। इस बार फिर से इस प्रदेश स्तरीय परीक्षा के सफल आयोजन की जिम्मेदारी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को दी गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय को पांच जिलों लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और सीतापुर के लिए नोडल विश्वविद्यालय नामित किया गया है। लखनऊ मंडल के पांचों जिलों में कुल 68 परीक्षा केंद्र हैं। बीबीएयू से पहली पाली का पेपर देकर निकले सुशील कुमार ने बताया कि 3 घंटे का पेपर था। मेरा पेपर 2 घंटे में ही मेरा पेपर खत्म हो गया। मुझे बहुत उबाऊ लगा। पहला पेपर जीएस का था।

### पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी, फंदे से झूलता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने दुपट्टे के सहारे फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान प्रदीप कुमार (30) पुत्र गिरधारी लाल निवासी छठा मील के रूप में हुई है। वह हजरतगंज स्थित एक पैथोलॉजी में काम करता था। परिवार में पत्नी रितु और एक बेटा है। परिजनों के मुताबिक, प्रदीप और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद उसने घर में ही दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के भाई सरोज कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद प्रदीप ने यह कदम उठाया। घटना के बाद परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से 11वीं के छात्र की मौत, मौसेरा भाई गंभीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के इंदिरानगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात सड़क हादसे में 11वीं के छात्र की मौत हो गई। उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा रात करीब 10 बजे सेक्टर-25 इलाके में हुआ। कल्याणपुर निवासी अनास अपनी यामाहा आर 1-5 स्पोर्ट्स बाइक से मौसेरे भाई अयान के साथ मुंशी पुलिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान सेक्टर-25 के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान अनास की मौत हो गई। अयान का निजी अस्पताल में गंभीर हालत में उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार, अनास 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता टेलरिंग का काम करते हैं। परिवार में छोटा भाई अली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके।

### माध्यमिक शिक्षा विभाग में बंपर तबादले, एक साथ बदले गए बगपत समेत 28 जिलों के डीआईओएस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने यूपी माध्यमिक शिक्षा विभाग में रविवार को बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। विभागाध्यक्ष, शासन और मंत्री स्तर की चर्चा के बाद लखनऊ, कानपुर समेत 28 जिलों के जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) का एक साथ तबादला कर दिया गया। देवेंद्र पांडे डीआईओएस लखनऊ बनाए गए, अमिता सिंह डीआईओएस बाराबंकी बनीं, संतोष राय डीआईओएस प्रयागराज बनाए गए, अरविंद पाठक डीआईओएस हरदोई बनाएगए, जयकरण यादव डीआईओएस सहारनपुर बने, कौस्तुभ सिंह डीआईओएस अंबेडकरनगर बने, प्रवीण तिवारी कानपुर डीआईओएस बने, देवेंद्र सिंह प्रभारी डीआईओएस जौनपुर बने, रविंद्र तोमर प्रभारी डीआईओएस आगरा बने, चंद्र शेखर डीआईओएस नोएडा बनाए गए, डीपी सिंह डीआईओएस गाजियाबाद बने, मोदिता पांडे प्रभारी डीआईओएस फिरोजाबाद, मनोज मिश्रा डीआईओएस बलिया बने, बाबू लाल मौर्य प्रभारी डीआईओएस कौशांबी, विजय कुमार प्रभारी डीआईओएस पीलीभीत, जगदीश शुक्ला डीआईओएस मेरठ बने, राजवीर दिवाकर प्रभारी डीआईओएस कासगंज बनाये गये है।

# लोकमाता अहिल्याबाई के कार्य सुशासन, लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं : मुख्यमंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा, देशभर में मंदिरों, घाटों और धर्मस्थलों के पुनर्निर्माण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से एक आदर्श शासन व्यवस्था का उदाहरण प्रस्तुत करने वाली लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कोटिशः नमन। उन्होंने कहा, प्रजा के हित को सर्वोपरि रखते हुए विकास, धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए उनके द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्य आज भी हमें सुशासन और लोकहित के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करते हैं।

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अहिल्याबाई को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, देश में न्यायप्रिय, धर्मनिरपेक्ष एवं लोक कल्याणकारी महान शासक के रूप में प्रसिद्ध अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर शत्-शत् नमन एवं अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास की महान शासक अहिल्याबाई होल्कर जी ने अपने आदर्शों, सेवा-भाव और जनहितकारी कार्यों से समाज को नयी दिशा प्रदान की। मायावती ने कहा, उनका जीवन नारी शक्ति, सुशासन, सामाजिक समरसता एवं जनसेवा का प्रेरणा स्त्रोत है। आज उनकी जयंती के पावन अवसर पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि एवं उनके अनुयायियों को शुभकामनाए। अठारहवीं शताब्दी के मालवा में होल्कर वंश की रानी अहिल्याबाई होलकर को उनके असाधारण शासन, सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता और संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के प्रति योगदान के लिए याद किया जाता है।

# सिर्फ हुनर ही नहीं, अब व्यक्तित्व भी बनेगा ग्रामीण युवाओं का हथियार

**▸ कौशल मिशन का नया कैलेंडर जारी**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए सिर्फतकनीकी प्रशिक्षण देने तक सीमित न रखते हुए अब उनके व्यक्तित्व विकास पर भी फोकस शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत चलने वाले सभी आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के लिए सालभर का गतिविधि कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर के तहत हर महीने राष्ट्रीय दिवस, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, उद्यमिता सत्र, डिजिटल साक्षरता और करियर वर्कशॉप आयोजित होंगे। करियर काउंसलिंग से लेकर अंग्रेजी बोलने और रिज्यूम बनाने की ट्रेनिंग तक, युवाओं को कॉरपोरेट माहौल के हिसाब से तैयार किया जाएगा। कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि अब ग्रामीण युवा सिर्फ तकनीकी दक्षता नहीं, बल्कि संवाद, नेतृत्व और आत्मविश्वास से भी सशक्त बनेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे के अनुसार, हर केंद्र में सांस्कृतिक, खेल, डिजिटल, साहित्य, पर्यावरण और उद्यमिता जैसे छह क्लब अनिवार्य होंगे, जिनमें छात्राओं और दिव्यांग प्रशिक्षुओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। कौशल मिशन का यह कदम युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोलने के साथ आत्मविश्वास बढ़ाने की दिशा में बड़ी पहल मानी जा रही है।

# पत्रकारिता सिर्फ खबर नहीं, समाज को सही दिशा देने का माध्यम : भारत सिंह




लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

नारद जयंती और हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ÷पत्रकारिता एवं सोशल मीडिया विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

महापुरुष स्मृति समिति और मीडिया को-ऑप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यक्रम पार्क रोड, हजरतगंज स्थित सेंटर कोर्ट बिल्डिंग परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि नारद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम संयोजक भारत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारिता की भूमिका और सोशल मीडिया की चुनौतियों पर गहन चर्चा की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज डिजिटल युग में पत्रकारिता सिर्फ खबर देने तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का माध्यम बन गई है। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया सूचना को तुरंत पहुंचाने का एक अच्छा माध्यम है, लेकिन इसके साथ ही गलत सूचनाओं की पहचान की चुनौती भी बढ़ गई है। हमें नैतिकता और जिम्मेदारी के साथ पत्रकारिता को आगे बढ़ाना होगा। वरिष्ठ पत्रकार पद्माकर पांडेय ने कहा, हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्ष की यात्रा गौरवशाली रही है। नई पीढ़ी को इस विरासत को संभालते हुए सोशल मीडिया को सकारात्मक प्लेटफॉर्म बनाने की जरूरत है। वरिष्ठ पत्रकार आशीष मौर्य ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में हिंदी पत्रकारिता की शाब्दिक समीक्षा जरूर होनी चाहिए। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों, सोशल मीडिया के प्रभाव, फेक न्यूज की चुनौती और जिम्मेदार पत्रकारिता की आवश्यकता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार विनय तिवारी, बृजनंदन राजू, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, संतोष कुमार सिंह, शम्भू शरण वर्मा, भास्कर सिंह, एडवोकेट अनुरक्त सिंह, एडवोकेट अमर बहादुर, ज्योतिषाचार्य अभिषेक सिंह, अजय शर्मा, जितेंद्र कुमार वर्मा, सहित मीडिया जगत के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 2027 के चुनावों में भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी जनता : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

**▸ सपा अध्यक्ष ने भाजपा पर अनैतिक तरीकों से चुनाव जीतने का लगाया आरोप**



समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को भाजपा पर अनैतिक तरीकों से चुनाव जीतने का आरोप लगाया और दावा किया कि लोग भविष्य के चुनावों में पार्टी की राजनीतिक चालों को नाकाम कर देंगे। यादव ने यह बात भाजपा विधायक श्याम प्रकाश के शनिवार के एक बयान के जवाब में कही। प्रकाश ने कहा था कि चुनाव केवल विकास के आधार पर नहीं जीते जाते, बल्कि तिकड़म और रणनीति के माध्यम से भी जीते जाते हैं।

भाजपा विधायक के इस बयान का वीडियो एक्स पर साझा करते हुए यादव ने पार्टी पर तंज कसते हुए कहा, भाजपा में जितना अधिक बेईमान व्यक्ति होता है, वह उतना ही ऊंचा पद पाता है। उन्होंने कहा, भाजपा बेईमानी से चुनाव जीतती है, इस बात को स्वीकार करके भाजपा के विधायक ने भ्रष्ट भाजपाई राजनीति का एनकाउंटर कर दिया है, साथ ही उसके ऊपर बुलडोजर भी चलवा दिया है।

सपा प्रमुख ने यह सवाल भी किया कि देखते हैं कि भाजपा इस विधायक के बयान पर कैसे प्रतिक्रिया देगी। उन्होंने कहा, अब देखना होगा कि क्या इस भाजपा विधायक को पार्टी से निकाला जाएगा या अगले मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा। यादव ने दावा किया कि मतदाता भाजपा को 2027 के चुनावों में खारिज कर देंगे। यादव ने दावा किया इस बार जनता भाजपा की सारी तिकड़म निकाल देगी। भाजपा हारेगी और फिर कभी नहीं आएगी। गौरतलब है कि हरदोई जिले के गोपामऊ विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रकाश ने कहा था कि चुनाव विकास से नहीं, तिकड़म से जीते जाते हैं। टड़ियावां ब्लॉक में प्रधानों के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि होने पर शनिवार को आयोजित सम्मान समारोह में प्रधानों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा, चुनाव केवल विकास कार्यों के आधार पर नहीं जीते जाते। राजनीतिक तिकड़म और रणनीति भी अहम भूमिका निभाती है। प्रकाश ने प्रधानों से आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी करने को कहा। उन्होंने कहा, साम, दाम, दंड, भेद जो भी तिकड़म कर पाना कर लेना, लेकिन अगला चुनाव जीतना है।

# रोडवेज के चालक-परिचालक का प्रदर्शन, पुलिस ने लिया हिरासत में

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



राजधानी में हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर रोडवेज के दुबग्गा डिपो के संविदा चालकों-परिचालकों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर कई दिनों से दुबग्गा डिपो पर कार्य बहिष्कार करके विरोध कर रहे थे, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद आज हजरतगंज में चक्का जाम करने पहुंचे। प्रदर्शनकारी परिचालकों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा गया।

दुबग्गा डिपो के संविदा कर्मचारियों का प्राइवेट कंपनी एसएस एंटरप्राइजेज में विलय किया जा रहा है, जो स्वीकार नहीं है। किसी भी चालक या परिचालक को प्राइवेट कंपनी के साथ काम करना स्वीकार नहीं है।

सिटी बसों में सेवा देने वाले लगभग 500 परिचालक विगत कई दिनों से हड़ताल पर हैं। जिसकी वजह से शहर के 22 प्रमुख रूट पर चलने वाली सिटी बसें प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन कर रहे महेंद्र ने कहा कि जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं हो जाएगी यह विरोध चलता रहेगा। लगातार चालकों और परिचालकों के अधिकारों का हनन करने की कोशिश की जा रही है।

हम लोग संविदा पर काम कर रहे हैं पहले से ही वेतन बहुत कम है और सुविधाएं जीरो। अब अगर प्राइवेट कंपनियों के हाथ में चले जाएंगे तो शोषण अत्यधिक बढ़ जाएगा। इसलिए सभी परिचालक कार्य बहिष्कार करके सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। परिवहन निगम और कार्यदाई संस्थाओं को सीधी चुनौती है कि हम लोग निजी कंपनियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## अर्चना अग्रवाल बनी राजस्व परिषद की अध्यक्ष



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद की चेयरमैन सीनियर आईएएस अर्चना अग्रवाल को बनाया गया है।उत्तर प्रदेश शासन ने आज 1990 बैच की आईएएस अधिकारी अर्चना अग्रवाल को नया चेयरमैन बनाया है। आईएएस अर्चना अग्रवाल परिवहन भी बनी रहेंगी। राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार रिटायर हो गए हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद नए चेयरमैन की तैनाती की गई है।

**सराहनीय** — **पारदर्शी व मेरिट आधारित चयन प्रक्रिया ने युवाओं का बढ़ाया विश्वास**

# यूपी सरकार ने नियुक्त किये 33 हजार से अधिक माध्यमिक शिक्षक

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

योगी आदित्यनाथ सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से चले आ रहे भर्ती संकट को समाप्त कर व्यवस्था परिवर्तन का नया अध्याय लिखा है।

2012 से 2017 तक माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया लगभग ठप रही, जिसके कारण विद्यालयों में शिक्षकों के हजारों पद रिक्त हो गए और शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों से घिर गई। 2017 में योगी सरकार के गठन के बाद स्थिति तेजी से बदली। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को मिशन मोड में आगे बढ़ाते हुए पारदर्शिता, सुशासन और मेरिट को केंद्र में रखा, जिसका परिणाम 33,401 पदों पर सफल चयन के रूप में सामने आया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2017 से वर्ष 2022 तक प्रधानाचार्यों के 783, प्रवक्ता के 5,321 तथा प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी के 27,297 पदों पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। 33,401 पदों पर भर्ती कर माध्यमिक शिक्षा व्यवस्था को नया संबल प्रदान किया गया।माध्यमिक शिक्षा में भर्ती प्रक्रिया की यह सफलता योगी सरकार की नीति, नीयत और नतीजों का स्पष्ट उदाहरण है।



सरकार की नीति विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की रही, नीयत पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करने की रही, जबकि इसका नतीजा हजारों रिक्त पदों पर भर्ती के रूप में सामने आया। जहां पूर्ववर्ती सरकार के दौरान चयन प्रक्रिया ठहराव का शिकार रही, वहीं योगी सरकार ने लंबित प्रक्रियाओं को गति देकर यह साबित किया कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रभावी प्रशासनिक क्रियान्वयन से वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान संभव है। माध्यमिक शिक्षा में 33 हजार से अधिक पदों पर भर्ती केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह उस बदलाव की कहानी है जिसमें ठप पड़ी चयन प्रक्रिया को गति मिली, युवाओं को अवसर मिला और विद्यालयों को शिक्षक मिले।वर्षों तक भर्ती प्रक्रिया प्रभावित रहने के कारण माध्यमिक विद्यालयों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी। इसका सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा था। योगी सरकार ने चुनौती को शिक्षा सुधार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा बनाते हुए रिक्त पदों को भरने की दिशा में ठोस कदम उठाए। प्रदेश में ऑपरेशन अलंकार, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण, डिजिटल शिक्षा और नकलविहीन परीक्षा प्रणाली जैसी पहल के साथ बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाई है।

# योग ओलम्पियाड में सी.एम.एस. छात्रा अव्वल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।




सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रा आरना ओम सिंह ने कानपुर में आयोजित रीजनल योगा ओलम्पियाड में द्वितीय पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन काउन्सिल फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन्स (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वावधान में किया गया, जिसमें आरना ने अण्डर-14 गर्ल्स कैटेगरी में अपने योग कौशल का परचम लहराया है। इस उपलब्धि के साथ ही आरना ने नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु अपना चयन सुनिश्चित कर लिया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने आरना की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि कानपुर के वीरेन्द्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में आयोजित इस ओलम्पियाड में नार्थ जोन के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की इस छात्रा ने विभिन्न योगासनों, यौगिक क्रियाओं एवं शारीरिक क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर सिद्ध कर दिया कि निकट भविष्य में यह छात्रा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु सदैव प्रोत्साहित करता है और यही कारण है कि सी.एम.एस. के छात्र शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### जिलाध्यक्ष का निधन, शौक

**शाहजहांपुर।** सेवानिवृत कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय सिंह वर्मा का आज सुबह 8 बजे मेडिसिटी अस्पताल बरेली में निधन हो गया। बावत कैम्प कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बरिष्ठ उपाध्यक्ष एम एम ए खान ने की तथा उनके द्वारा जीवन भर कर्मचारियों, सेवानिवृत कर्मचारियों के हितों हेतु संघर्ष को याद किया गया तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि एवं शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। सभा में जागेश कुमार पाली, सन्त कुमार विश्वकर्मा, राम सेवक शर्मा, सर्वेश गुप्ता, नन्हे लाल आदि सदस्य मौजूद रहे।

### वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता-जागरूकता शिविर आयोजित



**शाहजहांपुर।** जनपद न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु कुमार शर्मा के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 'वृद्धजनों के अधिकार' के विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन वृद्धाश्रम बनतारा में किया गया। अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपेक्षा सिंह द्वारा की गयी। सचिव द्वारा शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धजन हमारे समाज की धरोहर और मार्गदर्शक हैं। जीवन के इस पड़ाव पर उनका सम्मान, देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल हमारा नैतिक कर्तव्य ही नहीं, बल्कि कानूनी दायित्व भी है। उनके द्वारा 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007' के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यदि कोई संतान या रिश्तेदार (जो संपति का उत्तराधिकारी है) वृद्धजनों की उचित देखभाल करने से इंकार करता है या उन्हें प्रताड़ित करता है, तो वरिष्ठ नागरिक इस अधिनियम के तहत भरण-पोषण भत्ते की मांग कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, वृद्धजनों को अपनी संपति से बेदखल होने से बचाने के कानूनी उपायों और ट्रिब्यूनल में शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई। स्पष्ट किया कि वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क और त्वरित कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। किसी भी प्रकार की विधिक समस्या या अधिकार हनन की स्थिति में वे सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शाहजहाँपुर कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। अन्त में विनोबा सेवा आश्रम की सचिव विमला बहन द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के वरिष्ठ लिपिक मो. अफजल द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त शिविर में पीएलवी राकेश राठौर, केयर टेकर अंजलि, वृद्धाश्रम का स्टॉफ व अधिक संख्या में वृद्धजन आदि उपस्थित रहे।

### आवारा पशुओं का आतंकः राहगीरों का निकलना हुआ मुश्किल



**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या आमजन के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। रविवार को स्थानीय निवासी एवं स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में भौतिकी विभाग के अध्यक्ष डॉ शिशिर शुक्ला ने अपने आवास के निकट का एक दृश्य कैमरे में कैद किया, जिसमें कई आवारा गाय और सांड सड़क पर खड़े होकर आपस में लड़ते दिखाई दिए। पशुओं के इस झुंड के कारण मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया और राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सांडों की लड़ाई के दौरान सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई लोग दुर्घटना की आशंका से काफी देर तक रास्ता साफ होने का इंतजार करते रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। अधिवक्ता संतोष पाण्डेय ने कहा कि आवारा पशुओं की समस्या केवल यातायात बाधित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आमजन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ विषय है। विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति अत्यंत जोखिमपूर्ण बन चुकी है। निगोही रोड स्थित मोहल्ला हरदयाल कूंचा निवासी विकास शर्मा ने कहा कि समस्या के निस्तारण हेतु आवश्यक है कि आवारा पशुओं को सुरक्षित गौशालाओं अथवा निर्धारित स्थलों पर भेजने की प्रभावी व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। आवारा पशुओं के कारण सड़क सुरक्षा और जनसुविधा दोनों प्रभावित हो रही हैं, जिसके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई आवश्यक है। वही नगर वासियों ने संबंधित विभाग और स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने टिफिन बैठक में सहभोज कर स्थानीय मुद्दों पर की चर्चा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने रविवार को गृह जनपद में प्रसाद भवन आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार एवं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक को दिलाना उनकी प्रतिबद्धता है। इसके लिए हर जगह प्रशासन भी पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है, यदि फिर भी जनमानस की किसी समस्या का समाधान में कोई कठिनाई आ रही हो तो वह जनप्रतिनिधियों एवं उनकी पार्टी के नेताओं को अवगत कराएं ताकि उनकी समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता पर निदान कराया जा सके। तदोपरांत श्री प्रसाद ने जलालाबाद विधान सभा क्षेत्र के ग्राम ककराहा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 134वें संस्करण को क्षेत्रवासियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं देवतुल्य कार्यकर्ताओं के साथ सुना। तत्पश्चात उन्होंने टिफिन बैठक में क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओ के साथ सहभोज कर स्थानीय मुद्दों, समस्याओं को सुनकर उसके समाधानों पर चर्चा की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हरिप्रकाश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा, मंत्री के मीडिया प्रभारी विनीत मिश्र,जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख लता सिंह,बरिष्ठ भाजपा नेता उपेन्द्र पाल सिंह,अवधेश दीक्षित,कौशल मिश्र,श्याम बाबू सिंह,जितेंद्र सिंह,ब्रह्म कुमार दीक्षित,मनमोहन द्विवेदी, रामू अग्निहोत्री प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में हुआ संजीवनी पशु आहार का शुभारंभ




**बंडा, शाहजहांपुर।** उन्नत कृषि प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड की तरफ से देवकली रोड रनमस्तपुर बुजुर्ग में संजीवनी पशु आहार का भव्य शुभारंभ किया गया है जिससे पशुपालन किसानों में खुशी की लहर देखने को मिलीं संजीवनी के मार्केटिंग प्रमुख द्वारा बताया गया है कि आप संजीवनी पशु आहार की सही समय पर दुधारु पशुओं को खिलाते हो तो लाभ होगा दुध बढ़ेगा किसान खुशहाल होगा इस मौके पर बन्डा ब्लाक प्रमुख डा ओमप्रकाश खुटार ब्लांक प्रमुख नमित दीक्षित पुवायां चीनी मिल डायरेक्टर पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र पाल जिला पंचायत सदस्य अभिषेक तोमर पूर्व मंडल अध्यक्ष खुटार विजय नगर पंचायत बन्डा के सभासद ठाकुर मुनेंद्र सिंह राजीव पासवान मोहित मिश्रा नरेंद्र कुमार शंकर अवस्थी जी एफ पी ओ डारेक्टर परमेश्वर दीन वर्मा अरुणेश कुमार हरिचन्द्र विनोद कुमार गुड्डू लाल अंकित कुमार बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# कोलाघाट पुल पर बाइक सवार दंपती को पिकअप ने मारी टक्कर

> पति की मृत्यु व पत्नी-पुत्र घायल

**मिर्ज़ापुर, शाहजहांपुर।** शनिवार अपराह्न करीब चार बजे कोलाघाट पुल पर बाइक सवार 40 वर्षीय सुरजीत और उसकी पत्नी मीना व पुत्र सात वर्षीय लब्बू को लोडर वाहन पिकअप ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक चालक सुरजीत की मौके पर ही मृत्यु होगी। जबकि उसकी पत्नी मीना और पुत्र लब्बू घायल हो गए। मृतक की पत्नी मीना देवी ने रोते बिलखते हुए बताया कि वह अपने पति और पुत्र के साथ ननद के घर नगर पंचायत कटरा से बाइक पर अपने घर ग्राम पृथ्वीपुर लौट रहे थे। जब वह कोलाघाट पुल पर आए तभी सामने से आए लोडर वाहन पिकअप ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे पति,पत्नी और पुत्र तीनों घायल होकर रोड पर गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने दुर्घटना की सूचना मिर्ज़ापुर पुलिस को दी। थाना मिर्ज़ापुर पुलिस के पहुंचने तक बाइक चालक सुरजीत पुत्र रामगोपाल ने दम तोड़ दिया। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। मृतक अपने पीछे दुर्घटना में घायल पत्नी मीना देवी, तीन पुत्र अरुण, रोहित, घायल मासूम लब्बू व दो बेटियों दुर्गा और वैष्णवी को रोते बिलखते छोड़ गया।

# समाज के सजग प्रहरी होते हैं पत्रकारः प्रदीप गुप्ता

> हिंदी पत्रकारिता दिवस पर दरगाहे शमशिया के सज्जादा नशीन ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर दरगाहे शमशिया के सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने निज आवास पर आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सराफ व भाजपा नगर अध्यक्ष साहू रोहित गुप्ता के सानिध्य में पत्रकारों को अंग वस्त्र ओढ़कर सम्मानित किया ।



शनिवार देर शाम हुए सम्मान समारोह में नगर के वरिष्ठ पत्रकार लोकेश आर्य, मनोज प्रबल, मिर्ज़ा फिरोज बेग, कुलदेव मिश्रा, इंद्रभान सिंह वीनू, विवेक शर्मा अंशु, मो एजाज, अमुक सक्सेना, अनुराग मिश्रा, राजाराम गुप्ता, इमरान सागर, धर्मेंद्र यादव, कामरान अंसारी को अंग वस्त्र ओढ़ाकर व पेन डायरी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदीप गुप्ता सराफ ने कहा कि पत्रकार समाज के सजग प्रहरी हैं और निर्भीकता और निष्पक्षता से जनहित के मुद्दों को उठाने का काम करते हैं । लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयोजक इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज सेवा का सशक्त माध्यम है। समारोह के दौरान पत्रकारों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके मशकूर खान, अंजुम खान, असलम, शरीफ़ कुरैशी, रईस कुरैशी, गुलाम अहमद रज़ा, नत्थू खान, विकास, दिनेश कुमार, साजिद आदि शामिल रहे।

# अवैध हथियारों के साथ दो अपराधी गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जलालाबाद पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए दो शातिर अपराधियों को अवैध देशी तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्तों में से एक के खिलाफ पहले से ही पॉक्सो एक्ट और दुराचार जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह चौहान के नेतृत्व में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, कांस्टेबल आनंद कुमार, सुशील कुमार और आरक्षी दीपक शर्मा की टीम शनिवार-रविवार की रात को क्षेत्र में संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक हथियार लेकर किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही की और रात करीब 12:30 बजे जमदग्निनगर से ढकियाईन मन्दिर रोड पर स्थित पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में वहां पहुंचे दोनों संदिग्धों को पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मौके पर ही दबोच लिया। जामा तलाशी के दौरान पुलिस ने अभियुक्त रामजी गुप्ता (21 वर्ष) पुत्र राजकुमार गुप्ता, निवासी सुभाषनगर (कानूनगोयान), जलालाबाद के पास से एक 12 बोर का देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। वहीं, उसके साथी शेखर (24 वर्ष) पुत्र रामबहादुर, निवासी कानूनगोयान के पास से एक 315 बोर का देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। ?पुलिस पड़ताल में सामने आया कि पकड़े गए आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्त शेखर के खिलाफ वर्ष 2018 में थाना जलालाबाद में दुराचार, घर में घुसकर मारपीट करने और 7/8 पॉक्सो एक्ट के तहत संगीन मामला दर्ज हुआ था। इसके अलावा, हाल ही में दोनों अभियुक्तों (रामजी और शेखर) के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक अन्य मुकदमा भी पंजीकृत किया गया था। ?थाना जलालाबाद पुलिस ने बताया कि अवैध शस्त्र बरामदगी के मामले में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ मुअसं. 244/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत नया मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# एक्शनः अवैध होर्डिंग्स पर कसेगा शिकंजा, तीन दिन का अल्टीमेटम

**नगरायुक्त बोलीं- अनाधिकृत होर्डिंग-बैनर वालों को नोटिस जारी**

**शाहजहांपुर।** शहर में अनाधिकृत रुप से होर्डिंग बैनर लगाने वालों की अब खैर नहीं है। क्योंकि यह होर्डिंग बैनर आए दिन हादसे को दावत देते हैं, जब आंधी-बारिश आती है तो खतरा और बढ़ जाता है। शहर क्षेत्र में तमाम जगहों पर लगे अनाधिकृत होर्डिंग, बैनर व फेम को हटाने के लिए नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी के निर्देश पर नगर निगम ने कार्यवाही को कमर कस ली है। नगर निगम अधिकारियों ने अनाधिकृत होर्डिंग लगाने वालों को चेताया है कि महानगर के क्षेत्रान्तर्गत अवैध रूप से लगे होर्डिंग बैनर इत्यादि लोहे के फेम सहित तीन दिवस में स्वयं हटा लें, अन्यथा नगर निगम द्वारा स्वयं अवैध होर्डिंग बैनर, लोहे के फेम इत्यादि हटवाकर जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी तथा संबंधित पर जुर्माना भी अधिरोपित किया जाएगा। नगरायुक्त ने बताया कि जो भी लोग शहर की शोभा बिगाड़ रहे और नगर निगम की बगैर परमीशन होर्डिंग बैनर लगा रहे हैं। उनको चिंहित कर नोटिस भेजा गया है। जिसमें तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद सख्त एक्शन लिया जाएगा।



# पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित कर किया लोगों को जागरूक

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच पक्षियों को जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकासार्थ विद्यार्थी, शाहजहांपुर जिला की नगर इकाई ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे वितरित किए गए।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता का भाव जागृत करना था। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आमजन से अपील की कि वे अपने घरों की छतों, आंगनों सहित आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना एवं स्वच्छ पानी की व्यवस्था अवश्य करें,जिससे भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान शाहजहांपुर विभाग के विभाग संयोजक हर्षिल ठाकुर ने कहा कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता भारतीय संस्कृति की पहचान है।पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना केवल सेवा का कार्य नहीं,बल्कि हमारी सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी भी है।कार्यकर्ताओं ने इस दौरान एसडीएम जीत सिंह राय,सीओ इशिका सिंह, कोतवाली प्रभारी प्रिंस शर्मा के कार्यालय पहुंचकर उन्हें मिट्टी के स्कोर भेंट किए।अभियान के दौरान नगर मंत्री वैभव मिश्रा, तहसील संयोजक आदित्य गुप्ता, दिव्यांश अग्रवाल,संदीप वर्मा, सारांश गुप्ता, रितिक, सोनू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन मां बगला मुखी मंदिर के निर्माण को आगे आए विधायक

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

> मंदिर प्रांगण एवं मुख्य मार्ग पर इंटरलॉक कराने का दिया आश्वासन, दो श्रद्धालुओं ने मंदिर के नाम दान की जमीन

क्षेत्र के गांव समुलिया में निर्माणाधीन मां बगलामुखी मंदिर निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने के लिए विधायक ने आश्वासन दिया। इस आयोजन में भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जय माई बगलामुखी दसों महाविद्या मंदिर ट्रस्ट द्वारा गांव सबुलिया में मंदिर निर्माण का भूमि पूजन 24 अप्रैल को ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रोहित मुनि की अगुवाई में गांव सबूलिया में किया गया था। जिसमें दूर दराज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मंदिर निर्माण के लिए सहयोग भी किया। जिसके बाद अब विधायक चेतराम मंदिर निर्माण में सहयोग करने आगे आए। रविवार को विधायक गांव सबुलिया स्थित निर्माणाधीन मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां पहुंच कर उन्होंने मां बगलामुखी को प्रणाम किया और मंदिर निर्माण को आगे बढ़ाने को सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मां बगलामुखी का पहला मंदिर का निर्माण होना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रांगण में मिट्टी भराई से लेकर इंटरलॉक तथा मंदिर को आने वाले मुख्य मार्ग पर एक किलोमीटर तक मिट्टी भराई जल्द ही कराई जाएगी। वही ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रोहित मुनि ने बताया कि सबूलिया निवासी बृजेश चौधरी की मनोकामना पूर्ण होने पर उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए सवा दो बीघा जमीन दान की, इससे पूर्व अरविंद चौधरी ने एक प्लाट दान किया। जिसके बाद क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों का निरंतर सहयोग बना हुआ है। उन्होंने विधायक चेतराम द्वारा मंदिर में सहयोग करने पर उनका एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विधायक चेतराम, विशाल तिवारी, ओमेंद्र चौधरी, पुनीत शर्मा, ट्रस्ट अध्यक्ष रोहित मुनि, सचिव अधिवक्ता विनय शर्मा, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार सिंह तथा विशेष सहयोगी कर्ता महेश शर्मा, जयप्रकाश पांडेय, अरविंद चौधरी, विजेंद्र सिंह, सुमित शर्मा, रणजीत सिंह, रोहित सिंह, संत कुमार सिंह, रामप्रताप मिश्रा, चौधरी रविंदर सिंह, सोनू पाल आदि लोग मौजूद रहे।



# राहगीरों के लिए बने कूलिंग रूम के पास लगा ऊंचा झूला, सुरक्षा को लेकर चिंता

> आंधी-तूफान के अलर्ट के बीच प्रशासन सतर्क, जांच को जाएगी टीम

**आदर्श मिश्रा**



**शाहजहांपुर।** जहां एक ओर मौसम विभाग एवं आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लगातार जनपद में अलर्ट जारी कर आंधी-तूफान की चेतावनी दे रहा है। वहीं शहर के मुख्य भीड़भाड़ वाले खिरनीबाग चौराहा के पास राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में लगी नुमाइश के झूलों को लेकर बड़ा प्रश्नचिह्न बना हुआ है। क्योंकि झूलों की चौराहे से कोई विशेष दूरी नहीं है और सबसे खास बात यह है कि झूलों के पास नगर निगम द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अभी हाल ही में कूलिंग रूम बनवाए गए हैं। जहां राहगीरों के रुकने की व्यवस्था की गई है और यहां राहगीर रुकते भी हैं। ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा।खिरनीबाग मैदान में नुमाइश लगाई गई है, जहां शहर से बड़ी संख्या में लोग नुमाइश देखने के लिए आते हैं, लेकिन यह नुमाइश शुरू से ही विवादों में घिरी हुई है।जहां नुमाइश में जलपरी को लेकर लोगों के अंदर रोष है और सोशल मीडिया पर भी यह रोष दिखाई दिया। वहीं भीड़भाड़ वाले इलाके में लगे ऊंचे झूले से हादसे की आशंका बनी हुई है। क्योंकि लगातार मौसम विभाग की ओर से अलर्ट जारी किया जा रहा है कि आंधी-बारिश में सुरक्षित रहें लेकिन जहां यह झूला लगाया गया है वह भीड़भाड़ वाला इलाका है। यहां खिरनीबाग चौराहे पर रेड लाइट सिग्नल भी लगे हुए हैं, जहां लोग रुकते भी हैं। ऐसे में यह झूला आंधी में हादसे का कारण बन सकता है।हालांकि झूला बंद चल रहा है, लेकिन इसकी ऊंचाई अधिक होने से खतरा बना हुआ है। सबसे खास बात यह है कि झूलों के पास नगर निगम द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए अभी हाल ही में कूलिंग रूम बनवाए गए हैं जहां राहगीरों के रुकने की व्यवस्था की गई है और यहां राहगीर रुकते भी हैं। ऐसे में अगर कोई हादसा हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा।हालांकि प्रशासन की ओर से इस पर संज्ञान लिया गया है लेकिन अब देखना यह होगा कि झूले को लेकर प्रशासन क्या निर्णय लेता है।

> मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के दृष्टिगत जानकारी मिली है कि खिरनीबाग नुमाइश में कूलिंग रूम के निकट झूला लगाया गया है। मामले की जांच के लिए टीम भेजकर मौके का निरीक्षण कराया जाएगा। इस संबंध में नगर निगम के अधिकारियों से भी वार्ता की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर स्वयं भी स्थल का निरीक्षण किया जाएगा।
> -सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत

> भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने बरेली मोड़ और खिरनीबाग रामलीला मैदान में अस्थायी कूलिंग रूम बनाए हैं। जानकारी मिली है कि इनके पास झूले लगाए गए हैं, जो सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं हैं। निगम की टीम को मौके पर भेजा जाएगा और झूलों को अन्य स्थान पर शिफ्ट कराया जाएगा। जनसुरक्षा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
> -सौम्या गुरुरानी, नगर आयुक्त

**मुख्य मार्ग के पास लगा झूला, सुरक्षा को लेकर चिंता:** खिरनीबाग चौराहा शहर के प्रमुख और व्यस्त मार्गों में शामिल है। आसपास स्कूल, कॉलेज, बीएसए कार्यालय सहित कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। क्षेत्र में पूरे दिन लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। ऐसे में मुख्य मार्ग के निकट संचालित झूलों को लेकर सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है।

**बच्चों के खेल मैदान में नुमाइश:** राजकीय क्रीड़ा मैदान बच्चों और खिलाड़ियों के खेलकूद के लिए महत्वपूर्ण स्थल है, लेकिन यहां अक्सर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन होते रहते हैं। वर्तमान में मैदान में नुमाइश लगाई गई है, जिससे खेल गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। गर्मियों की छुट्टियों में बड़ी संख्या में बच्चे खेलने के लिए मैदान की ओर रुख करते हैं, लेकिन मैदान उपलब्ध न होने से उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में बच्चों और खिलाड़ियों के सामने यह समस्या खड़ी हो गई है कि आखिर वे खेलने और अभ्यास के लिए कहां जाएं।

# कई मोहल्ले की बिजली गुल, उपभोक्ता परेशान

**तिलहर - शाहजहांपुर।** लोकल फॉल्ट एवं ट्रांसफार्मर की लीड जल जाने से फर्स्ट पॉइंट फीडर के कई मोहल्लों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना उठाना पड़ा। रविवार की दोपहर फर्स्ट पॉइंट फीडर पर कई जगह लोकल फाल्ट होने एवं स्टेशन रोड पर लगे ट्रांसफार्मर की लीड जल जाने से बिजली सप्लाई ठप हो गई। घरों में लगे इन्वर्टर डाउन होने से गर्मी में बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। फाल्ट होने से बहादुरगंज आंशिक, सिंह कॉलोनी, मधुबन कॉलोनी, स्टेशन रोड, बनवारीपुर आदि मोहल्ला में बिजली सप्लाई नहीं मिल सकी। उपभोक्ताओं की नाराजगी के बाद जेई अनिल कुमार ने कर्मचारियों को लगाकर लोकल फाल्ट ठीक कराए तथा ट्रांसफार्मर की लीड बदलवाई, इसके बाद करीब तीन घंटे बाद बिजली सप्लाई से चालू हो सकी।

# मन की बात कार्यक्रम का भारत की दशा-दिशा बदलने में बड़ा योगदान: वित्त मंत्री

▸ नगर निगम की नामित पार्षद के आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें एपिसोड का लाइव प्रसारण नगर निगम की नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव के आवास पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने देखा। मन की बात कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना भी शामिल रहे। मंत्री ने प्रधानमंत्री के द्वारा मन की बात की कहे गए विचारों को सुनकर उनको आत्मसात करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा। वित्तमंत्री बोले युवाओं को दृढ़ निश्चय, संकल्प के साथ रात दिन एक करके अपनी मंजिल पानी चहिए। बिना प्रयास कुछ भी संभव नहीं है, जीवन जीने का मकसद होना चाहिए, तभी सफलता मिलेगी। मंत्री ने कहा कि पीएम का मन की बात कार्यक्रम भारत की दशा-दिशा बदलने में बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम काफी प्रेरणादायी है। उन्होंने आगे कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की सभी स्कीमों में सबसे अच्छा, मन की बात कार्यक्रम में प्रतिभाओं को जानने का अवसर और एक मंच। साथ ही समाज के लिए प्रेरक कहानियों को समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष समेत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व प्रसिद्ध रासलीला आज से तिलहर के गांधी ग्राउंड में

**तिलहर – शाहजहांपुर।** श्री राधा रानी सेवा समिति के आयोजत्व में नगर पालिका गांधी ग्राउंड में विश्व प्रसिद्ध वृंदावन धाम के रसाचार्य पं लेखराज ओम प्रकाश शर्मा द्वारा संचालित श्री राम श्याम मंडल के कलाकार भगवान श्री राधा कृष्ण की रास लीला का मनोहारी मंचन करेंगे। एक जून से सात जून तक यह रास लीला मंचन प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से 11 बजे तक होगी । समिति ने नगर के श्रद्धालु जनों से इस मनोहारी भक्तिमय कार्यक्रम में पहुंचकर लाभान्वित होने का निवेदन किया है।

# कांग्रेस कार्यालय पर हुई विचार गोष्ठी

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एक विचार गोष्ठी आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में बोलते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मालवा क्षेत्र की विनम्र और उदार शासिका के साथ साथ एक महान शिवभक्त भी थी।

उनके हृदय में गरीबों, जरूरतमंदों, असहाय लोगों के प्रति दया व परोपकार की भावना कूट कूट कर भरी थी। उन्होंने अपने राज्य की सीमा के बाहर देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थानों में मंदिर, घाट, कुँए,मार्गों का निर्माण कराया इसके साथ ही गुजरात में स्थित सोमनाथ मंदिर व बनारस में स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार व पुनर्निर्माण भी सम्मिलित है। पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि उन्होंने ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने, महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जीवनपर्यन्त कार्य किया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मानवता के कल्याण के लिए आज भी याद किया जाता है। गोष्ठी में प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरुणोद मिश्रा, अल्प संख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सईद अंसारी, छात्र संगठन जिलाध्यक्ष रफ़ी उल हसन, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, फुरकान अहमद कुरैशी, महेंद्र त्रिपाठी, इक़बाल अंसारी, अखलेश पाल, यूसुफ खान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### अवैध असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर वायरल



**तिलहर–शाहजहांपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धन्योरा में एक युवक द्वारा अवैध असलाह के साथ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किए गया है। उक्त फोटो वायरल होने से बेखौफ युवक कानून की खुले आम धज्जियां उड़ाते नजर आ रहा है। गौरतलब है कि आये दिन अवैध हथियारों के साथ फोटो अपलोड किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं । युवकों में कानून का कोई खौफ नहीं है। फिलहाल समाचार भेजे जाने तक उक्त वायरल फोटो बाला युवक अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

### हरियाली उजाड़ रहे लकड़कट्टे, प्रशासन मौन

**सिधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र में हरियाली को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। सिधौली थाना क्षेत्र के रक्शा गांव में लकड़कट्टों द्वारा एक हरे–भरे आम के पेड़ को काट दिए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया कि गांव के पूर्व प्राथमिक विद्यालय के समीप स्थित यह आम का पेड़ वर्षों से खड़ा था और क्षेत्र की हरियाली बढ़ाने के साथ–साथ लोगों को छाया भी प्रदान करता था।। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत वन विभाग से की। ग्रामीणों का कहना है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार लगातार वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग हरे–भरे पेड़ों का अवैध कटान कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मामले की सूचना मिलने पर वन विभाग ने घटना का संज्ञान लिया है। वन रेंजर वीरेश राव ने बताया कि अवैध कटान हुआ है। विभाग द्वारा मामले की जांच कराई जा रही है। जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से पेड़ों का कटान होता दिखाई दे तो इसकी सूचना तुरंत बनविभाग को दें, ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

### प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किसानों का होगा चयन: पुनीत

**शाहजहांपुर।** उद्यान विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य औद्यानिक विकास योजना राज्य सेक्टर के अन्तर्गत संकर शाकभाजी क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम एवं मशीनीकरण कार्यक्रम यथा ट्रैक्टर, पॉवर ट्रिलर, पॉवर नैपसेक स्प्रेयर हेतु लक्ष्य प्राप्त हो चुके है। जानकारी देते हुए उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि शाकभाजी एवं मशीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने के किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा। आवेदन हेतु भू अभिलेख, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र ,अनुसूचित जाति–जनजाति कृषकों की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। साथ ही मशीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत उपरोक्त प्रपत्रों के अतिरिक्त क्रय किये जाने वाले कृषि यन्त्र– उपकरण की कोटेशन, बैंक स्टेटमेन्ट जिसमें कृषि यन्त्र क्रय किए जाने हेतु उपकरण की लागत के अनुसार धनराशि की उपलब्धता हो भी उपलब्ध कराया जाना आवश्यक हो। उक्त प्रपत्रों को निदेशालय उद्यान विभाग लखनऊ में स्वीकृति हेतु प्रेषित किया जाएगा, जिसमें प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर किसानों का चयन किया जाएगा। सभी किसानों से अनुरोध है कि योजना का लाभ प्राप्त करने तथा योजना की विस्तृत जानकारी हेतु जिला उद्यान अधिकारी के मोबाइल नंबर 9151066860 अथवा किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय जिना उद्यान अधिकारी भूतल विकास भवन में सम्पर्क कर सकते है।

### ज्योति कलश रथयात्रा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

**शाहजहांपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली जा रही ज्योति कलश रथयात्रा के दूसरे दिन खुटार क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न गांवों में रथयात्रा का पुष्पवर्षा, आरती और जयघोष के साथ भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के प्रभाव से क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना और नैतिक जागरण का वातावरण मजबूत होता नजर आया। रथयात्रा ग्राम मलिका से पूजन–अर्चन के बाद सौंफरी, खुटार, तिकुनिया, कुइया, लालपुर, रामपुर अटकौना, गेहूंआ, रुझाहा खुर्द और रुझाहा कलां समेत कई गांवों से होकर गुजरी। रास्ते भर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। गायत्री मंत्र और युग निर्माण के नारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं, युवाओं और बच्चों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जिला सह समन्वयक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव और रथ सारथी राकेश जी ने कहा कि युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रारंभ किया गया विचार क्रांति अभियान समाज में नैतिकता, संस्कार, सद्भाव और आत्मपरिष्कार की चेतना जगाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा के जरिए लोगों को नशामुक्ति, कुरीतियों के त्याग, पारिवारिक एकता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सायंकाल रुझाहा कलां स्थित रुझाहा धाम सरकार आश्रम में भव्य दीपयज्ञ का आयोजन किया गया। दीपों की अलौकिक रोशनी से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने विश्व शांति, परिवार की सुख–समृद्धि और सामाजिक सद्भाव की कामना की। दीपयज्ञ का संचालन जिला समन्वयक सूरज वर्मा, जिला सह समन्वयक सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह सीताराम और रथ सारथी राकेश जी ने किया। इस अवसर पर सूरज वर्मा ने कहा कि ज्योति कलश रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जनजागरण और आत्मजागरण का अभियान है। जब व्यक्ति अपने विचारों को श्रेष्ठ बनाता है तो परिवार, समाज और राष्ट्र स्वत: सशक्त बनते हैं। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को अखंड ज्योति पत्रिका, युग निर्माण साहित्य और पूज्य गुरुदेव का सद्साहित्य वितरित किया गया। साथ ही सभी से विचार क्रांति अभियान से जुड़कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया गया। रथयात्रा के साथ यात्रा प्रभारी प्रमोद सिंह, चिरौंजी लाल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, विनोद, मनोज वर्मा, मुकेश वर्मा, रामसागर, रमेश कश्यप, अभिषेक वर्मा, राकेश जी सपत्नीक, राजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में गायत्री परिजन मौजूद रहे। जिला मीडिया प्रभारी रंजीत वर्मा ने बताया कि रथयात्रा का अगला पड़ाव बड़ा गांव साकुलिया क्षेत्र होगा, जहां जनजागरण और आध्यात्मिक चेतना का संदेश जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

# ढाईघाट गंगातट पर पुरुषोत्तम पूर्णिमा के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था और विश्वास की डुबकी

मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज़।



ढाईघाट में रविवार को ज्येष्ठ पूर्णिमा (पुरुषोत्तम पूर्णिमा) के पावन पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा मैया में आस्था और विश्वास की डुबकी लगाकर मोक्ष की कामना से गंगा पुरोहितों को अन्न, वस्त्र, फल, मिष्ठान और नकद मुद्रा दान कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

ढाईघाट गंगातट पर शाहजहांपुर जिले के अलावा आसपास के जिलों फर्रुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बरेली आदि के हजारों श्रद्धालु विभिन्न वाहनों से गंगातट की ओर उमड़ पड़े। ढाईघाट मार्ग पर अपने जिले की सीमा तक यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए मिर्जापुर पुलिस जगह जगह तैनात रही। गंगातट पर फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाने की पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से तैनात रही। पुरुषोत्तम पूर्णिमा के पावन पर्व पर प्रातः चार बजे से शुरू हुआ गंगास्नान का क्रम दुपहर बाद तक चलता रहा। तमाम श्रद्धालुओं ने गंगास्नान करने के बाद सत्यनारायण भगवान की कथा श्रवण कर संतों के स्थाई आश्रमों में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। महिला श्रद्धालुओं ने मेले में प्रसाद के रूप में श्रृंगार और पूजा सामग्री की खरीददारी की। गंगा पुरोहित अवधेश कुमार औदीचय ने बातचीत में गंगा मैया की महिमा का बखान करते हुए कहा कि गंगा मैया पाप नाशनी और मोक्ष दायिनी ही नहीं, बल्कि इंसानों से लेकर पशु, पक्षियों,जीव जंतुओं, व्यापारियों, किसानों, मजदूरों, पंडा, पुरोहितों, साधु संतों और मांगने खाने वालों के लिए जीवन दायिनी हैं। गंगा मैया सांसारिक मां की तरह सभी का पेट भरती हैं। जिससे कलियुग में भी गंगा मैया की महिमा कम नहीं है।

## दंपती को बालू भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, पत्नी की मौके पर ही मौत



**मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर)।** पुरुषोत्तम पूर्णिमा (ज्येष्ठ पूर्णिमा) के पावन पर्व पर बाइक से ढाईघाट में गंगास्नान करके बाइक से आ रहे पति – पत्नी को मिर्जापुर – ढाईघाट सिंगल रोड पर ढाई गांव के ईंट भट्ठे के समीप पीछे से आए बालू भरी ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे पत्नी की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिर्जापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि रविवार सुबह लगभग आठ बजे थाना क्षेत्र के ग्राम चितरऊ निवासी रामप्रकाश वर्मा अपनी 50 वर्षीय पत्नी रामवती के साथ बाइक से ढाईघाट गंगास्नान करके लौट रहे थे। रास्ते में मिर्जापुर – ढाईघाट सिंगल रोड पर पीछे से आ रहे बालू भरे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी रामप्रकाश की 50 वर्षीय पत्नी रामवती की रोड पर गिरकर मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि उसके पति रामप्रकाश बाइक सहित रोड से नीचे खाई में जा गिरे। ट्रैक्टर ट्राली चालक अपने बालू भरे वाहन को मौके पर ही छोड़कर भाग गया। दुर्घटना में महिला की मृत्यु की सूचना पर उसके परिवार के लोग आ गए। परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना करने वाले ट्रैक्टर चालक की पुलिस तलाश कर रही है। इस मामले में समाचार लिखे जाने तक मृतका के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाने के लिए तहरीर पुलिस को नहीं दी है। मृतका अपने पीछे चार बेटियां मीना, नीलम, मिथलेश, रेखा व बेटे शिवओम और हरी सिंह को रोता बिलखता छोड़ गई।

# गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मोमिन सौंपेंगे ज्ञापन

▸ सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन के आवास पर हुई बैठक

**तिलहर–शाहजहांपुर।** शाह शमसुद्दीन मियां दरगाह सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर एक बैठक की गई। जिसमें गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग उठाई गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि गाय भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार रही है। इसलिए इसे राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाना चाहिए। सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि गाय का भारतीय समाज में विशेष महत्व है। विभिन्न धर्मो और समुदायों के लोग गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करते रहे हैं। उन्होने कहा कि गाय से प्राप्त होने वाले दूध एवं अन्य उत्पाद मानव स्वास्थ्य तथा कृषि क्षेत्र के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार को जनभावनाओं का सम्मान करते हुए गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर विचार करना चाहिए। साथ ही गोवंश संरक्षण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू कर निराश्रित पशुओं की देखभाल की व्यवस्था को और मजबूत किया जाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सरकार से मांग की कि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के साथ-साथ गोवंश संरक्षण हेतु कठोर एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया इस संबंध में एक ज्ञापन अधिकारियों के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा। अंत में सभी उपस्थित लोगों ने गाय के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में इमाम गुलाम अहमद रजा, मौलाना वकार हुसैन, अंजुम खान, मोहम्मद जाहिद, क़ारी इदरीस, असलम, शरीफ़ कुरैशी, रईस कुरैशी आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।




सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर भारतीय इतिहास की प्रसिद्ध शासिका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। उनके चित्र पर पार्टी के सभी नेताओं व पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर एक गोष्ठी का आयोजन सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खान की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी ने महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाया और महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन पर्यंत प्रयत्न किया प्रकार उन्होंने महिलाओ को आगे बढ़ाने के लिए विसेश योगदान दिये। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर जी का मुख्य योगदानों में से एक 12 ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ मंदिर है, जिसका जीरणद्धार महारानी अहिल्याबाई होलकर ने करवाया। सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव,सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह सपा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा सपा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, हफीज अंसारी, सपा युवज़न सभा के प्रदेश सचिव पार्थ यादव, जिला पंचायत सदस्य पिंटू यादव, राजपाल भोजवाल, जफरीन, सविता कठेरिया, शौकत अली,सुरजीत यादव, रकीम खान, परविंदर यादव, मोहम्मद बिलाल, अवनीश कुमार कनौजिया, गुफरान खान, श्लोक मौर्य,रानू खान, मोहम्मद जामिन, मोहम्मद वकार खान, शरीफ, आरिफ खान, मुनेंद्र पाल यादव रोहित यादव आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आये युवक की हुई शिनाख्त

▸ शुक्रवार की देर रात सीतापुर हाईवे पर हुई थी घटना, शव के ऊपर से गुजरते रहे थे वाहन

रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।




रोजा थाना क्षेत्र में सीतापुर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक युवक की कुचलकर दर्दनाक मौत हो गई थी। देर रात और अंधेरा होने के कारण सड़क पर पड़े शव को वाहन चालक देख नहीं पाए। नतीजतन, कई वाहन शव को कुचलते हुए निकल गए, जिससे युवक का शरीर और चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। रविवार को युवक के परिजनों ने उसकी शिनाख्त कर ली हैं। मृतक थाना सिंधौली के गांव लधौली का रहने वाला महेश मौर्य था। जिसकी उम्र लगभग तीस साल थी।

ज्ञात हो कि शुक्रवार की देर रात रोजा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर रात करीब 11 बजे के बाद हुई। एक युवक सड़क पार करते समय किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल होकर सड़क पर गिर गया था। अंधेरा होने के कारण सड़क पर पड़े शव को वाहन चालक देख नहीं पाए। नतीजतन, कई वाहन शव को कुचलते हुए निकल गए, जिससे युवक का शरीर और चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया।

सूचना मिलते ही रोजा थाना प्रभारी उमेश मिश्रा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये थे। उन्होंने दोनों ओर से वाहनों को रुकवाकर सड़क पर बिखरे शव के टुकड़ों को एकत्र कराया। पुलिस ने युवक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन उसके कपड़ों और जेबों की तलाशी में पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को थाना सिंधौली के गांव लधौली निवासी अमरपाल पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचे और मृतक के जूते और कपड़ो से अपने भाई महेश मौर्य के रूप में शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि महेश शराब पीने का आदी था। शुक्रवार सुबह वह घर से अपने बड़े भाई कमलेश की ससुराल जाने को निकला था। जब देर रात वह वहां नहीं पहुंचा तो उसकी खोज खबर की, लेकिन उसका पता नहीं चला था। रविवार को खबर सुनकर पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचा था। शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

# मारपीट में घायल युवक की मौत, परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का लगाया आरोप

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी शिवकुमार उर्फ लल्ला की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में परिजनों ने आरोप लगाया है कि मारपीट में घायल होने के बावजूद पुलिस ने न तो समय पर रिपोर्ट दर्ज की और न ही मेडिकल परीक्षण कराया। इससे युवक की हालत लगातार बिगड़ती गई और उपचार के लिए ले जाते समय उसकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक शिवकुमार ने 26 और 29 मई को पुलिस को लिखित शिकायत देकर गांव के कुछ लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे, धमकी और संभावित हमले की आशंका जताई थी।

आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इसके बाद 27 मई को आरोपितों ने शिवकुमार को घेरकर मारपीट की, जिससे उसके सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शिकायत में कहा गया है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन थाना सिंधौली पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही घायल का मेडिकल परीक्षण कराया। परिजनों का आरोप है कि कई बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला। हालत गंभीर होने पर शिवकुमार को उपचार के लिए आगरा ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बच्चों और गर्भवती पत्नी को छोड़ गया है।

परिवार का आरोप है कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो संभवतः शिवकुमार की जान बचाई जा सकती थी। परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी, तत्कालीन थाना प्रभारी समेत संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच, दोषी पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई तथा मृतक परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

> प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्यवाही की जा रही है।
> –प्रवीण मलिक, सीओ पुवायां

> आरोप निराधार है कोई थाने में प्रार्थना पत्र लेकर आया ही नहीं था।
> –रविन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना सिंधौली

# पत्रकार सरकार को आईना दिखाने का करते हैं काम: वित्तमंत्री

▸ उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।




हिंदी पत्रकारिता के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन उत्तर प्रदेश की ओर से एक कार्यक्रम प्रेस क्लब में आयोजित किया गया, जिसमें समाज निर्माण में प्रेस प्रशासन और राजनीति की भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना पहुंचे। यहां वित्त मंत्री का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिनमें पत्रकार हरिओम त्रिवेदी, विवेक सैंगर, कु. शिशांत शुक्ला, सुखलाल वर्मा और अंकित गुप्ता सम्मानित किए गए। मंच पर मुख्य अतिथि के साथ विनोबा सेवा आश्रम के संस्थापक रमेश भैया, वरिष्ठ पत्रकार ओमकार मनीषी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक, और भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह मंचासीन रही। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सुरेश चंद्र मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि पत्रकार सरकार को आईना दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर सकारात्मक पत्रकारिता की जाए तो इसके बेहतर परिणाम सामने आते हैं। कार्यकर्ता के दौरान श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक और महामंत्री शिवकुमार ने वित्त मंत्री को उत्कृष्ट विधायक का सम्मान मिलने पर उन्हें हनुमान जी की मूर्ति देखकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई वक्ताओं ने पत्रकारों की दशा दिशा और चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, डीपी चेयरमैन डीपी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता इम्तियाज अली, पार्षद कल्पना श्रीवास्तव, डॉ आनंद प्रकाश मिश्रा, तराना जमाल, पार्षद प्रदीप सक्सेना, भाजपा नेता विपुल त्रिवेदी, कांग्रेस नेता अशफाक उल्ला खान, पूर्व प्राचार्य दो रानी त्रिपाठी पार्षद जगदीश कुशवाहा, उद्योगपति अशोक अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार ओमकार मनीषी, मोहम्मद इरफान, राकेश श्रीवास्तव, संजीव कुमार गुप्ता, प्रेम शंकर गंगवार, अमित सक्सेना, कमल सिंह, आसिफ अली, अमित सिंह, अनूप कुमार, तबस्सुम हुसैन, जगदीश सिंह, कमल सिंह, सुखविंदर, रोमी आनंद डॉ आनंद प्रकाश मिश्रा,शुभम श्रीवास्तव, शुभम कुमार श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, शान मोहम्मद, महेंद्र चावला, रागिनी श्रीवास्तव, बलराम शर्मा, पंकज सक्सेना, उदित शर्मा, अमित गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विमलेश अवस्थी, योगेश शुक्ला, स्वदेश शुक्ला, विवेक शर्मा, नितेश गंगवार, संजय श्रीवास्तव, बलजीत सिंह, मोहम्मद खान, अभिनव गुप्ता, हामिद फ़रीदी, दीपक साहू, सुनील अग्निहोत्री, रविंद्र सिंह, राजू बग्गा, आले नबी ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, शाहिद सहित तमाम पत्रकार और गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रमजीव पत्रकार यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप दीपक और महामंत्री शिवकुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संवैधानिक है 'सर'

सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) को पूरी तरह वैध और संवैधानिक करार दिया है। इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव और शुद्ध, साफ मतदाता सूची के संदर्भ में चुनाव आयोग का संवैधानिक अधिकार भी माना है। संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 21 (3) का किसी भी तरह उल्लंघन स्वीकार नहीं किया है। 'वोट चोरी' और 'नागरिकता छीन लेने' सरीखे विपक्ष के आरोपों और याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है। न्यायिक पीठ का मानना है कि मतदाता सूची से नाम कटने का अर्थ यह नहीं है कि आप भारत के नागरिक नहीं हैं। नागरिकता का अंतिम फैसला सक्षम अथॉरिटी (केंद्रीय गृह मंत्रालय) लेगी। अलबत्ता आयोग नागरिकता की सीमित जांच कर सकता है, ताकि पात्र मतदाता तय किया जा सके। नागरिकता का विवादाधीन निर्णय आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव और उससे बाद के विधानसभा चुनावों तक ले लिया जाना चाहिए। सारांश यह है कि एसआईआर (सर) संवैधानिक है और आगे भी जारी रहेगा। सर्वोच्च अदालत ने किसी भी प्रकार की 'रोक' से साफ इंकार कर दिया। अधिकांश याचिकाएं बिहार के संदर्भ में थीं, लिहाजा 'सर' के तहत जिन 7.2 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से काट दिए गए हैं, उन पर सर्वोच्च अदालत ने कुछ नहीं कहा। सवाल मौजू है कि क्या वे लोग विदेशी नागरिक या घुसपैठिए हैं? क्या उनके नाम न्यायिक समीक्षा के चक्रव्यूह में फंस कर रह जाएंगे? आयोग ऐसे लोगों का अधिकृत आंकड़ा ही दे दे, बेशक व्यक्ति की पहचान न बताए। यदि इन नामों में से अधिकांश भारत के नागरिक हैं, तो वे मतदाता क्यों नहीं हैं? बुनियादी संवैधानिक व्यवस्था यही है कि जो पात्र नागरिक है, वह मतदाता भी है, लेकिन 'सर' की प्रक्रिया और नीयत ने इस व्यवस्था को ही सवालिया और संदेहास्पद बना दिया है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। एक महिला भारत सरकार के कृषि मंत्रालय के तहत एक विभाग में वरिष्ठ वैज्ञानिक थी और लंबी नौकरी के बाद वहीं से सेवानिवृत्त हुई। उन्हें नियमित पेंशन भी मिलती है। चुनाव आयोग के छुटभैयों ने उनके वोटर होने पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनसे मतदाता सूची में उनके पिता के नाम का ब्यौरा मांगा है, जबकि उनकी मृत्यु को कई साल बीत चुके हैं। एक वायुसेना, भारत सरकार के प्रथम श्रेणी अधिकारी, सेवामुक्त और पेंशनभोगी-क्या ये आधार एक मतदाता होने के लिए पर्याप्त नहीं हैं? पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान कुछ अधिकारियों के चेहरे सामने आए। वे राज्य सरकार के कर्मचारी थे, नियमित वेतन पाते रहे थे, चुनाव में ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन 'सर' में उनके नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। चुनाव आयोग की संवैधानिकता, 'सर' की वैधता और लोकतंत्र के साथ इससे भद्दा और अवैध मजाक नहीं किया जा सकता। सवाल 'तार्किक विसंगति' का है। आयोग 14 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में 'सर' का अभियान समाप्त कर चुका है। 19 राज्यों और केंद्रशासित क्षेत्रों में अभी बाकी है। वहां जून से अभियान शुरू होने वाले हैं। अभी पांच राज्यों में चुनाव सम्पन्न हुए हैं, लेकिन 'तार्किक विसंगति' की व्यवस्था बंगाल में ही क्यों लागू की गई? वहां जिन 27 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम काट दिए गए थे, उनमें से सिर्फ 6000 को ट्रिब्यूनल से न्याय मिला है। यदि यही गति रही, इतना ही वक्त लगता रहा, तो न्यायिक समीक्षा में 25 साल से अधिक का समय लग सकता है! हम न जाने किस योनि में होंगे? संविधान के मौलिक अधिकार 'मताधिकार' का क्या होगा? लोगों से पिता का ही नहीं, दादा का भी ब्यौरा पूछा और मांगा जा रहा है। क्या इससे पहले जो 'सर' अभियान चलाए गए थे, उनमें ऐसे ब्यौरे और दस्तावेज मांगे जा रहे थे? जिसने पहले कई बार वोट दिया है और वह साक्षात रूप में आयोग के सामने मौजूद है, उसका पासपोर्ट बना हुआ है। उस भारतीय को मतदाता होने से कौन और कैसे रोक सकता है? ऐसा महसूस होने लगा है कि मतदाता सरकार को नहीं, बल्कि सरकार मतदाताओं को चुनेगी और फिर इसी तर्ज पर चुनाव होंगे। क्या आपको भारत में ऐसा लोकतंत्र स्वीकार है? सभी पक्षों को सुनकर ही कोई फैसला होना चाहिए।

# सूर्य घर योजना से आत्मनिर्भर बन रहे लाखों परिवार

*प्रवीण मालवीय*



*सरकार का लक्ष्य केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र को रोजगार और आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनाना भी है। सरकार की पारदर्शी और सरल व्यवस्था योजना की सफलता का एक बड़ा कारण इसकी पारदर्शी और सरल प्रक्रिया भी है। उपभोक्ता ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बिजली बिल, बैंक खाते का विवरण और घर की छत की जानकारी आवश्यक होती है। आवेदन के बाद डिस्कॉम द्वारा तकनीकी जांच की जाती है और अनुमोदन मिलने पर अधिकृत विक्रेता सोलर सिस्टम स्थापित करते हैं। सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह योजना आम नागरिकों के लिए आर्थिक राहत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत माध्यम बन चुकी है।यह योजना केवल बिजली उत्पादन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की सोच को साकार करने का अभियान है। लाखों परिवार अब बिजली उपभोक्ता के साथ-साथ बिजली उत्पादक भी बन रहे हैं।यदि इसी प्रकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलता रहा, तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश को हरित ऊर्जा और स्वच्छ विकास का नया मॉडल भी प्रदान करेगा।*

भारत आज ऊर्जा के क्षेत्र में एक नए युग की ओर बढ़ रहा है। बढ़ती जनसंख्या, तेजी से बढ़ती बिजली की मांग और पर्यावरण संरक्षण की वैश्विक चुनौतियों के बीच स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना देश में ऊर्जा क्रांति का आधार बन रही है। वहीं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह योजना अभूतपूर्व सफलता प्राप्त कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की दूरदर्शी नीतियों, बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था और जनकल्याणकारी सोच के कारण उत्तर प्रदेश आज देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल हो चुका है जहां रूफटॉप सोलर ऊर्जा का तेजी से विस्तार हो रहा है। यह योजना केवल बिजली बिल कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिकों को ऊर्जा उत्पादक बनाकर आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य भी कर रही है।

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदमः-** उत्तर प्रदेश लंबे समय तक बिजली संकट, कटौती और बढ़ती ऊर्जा मांग जैसी चुनौतियों से जूझता रहा। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ऊर्जा क्षेत्र में बड़े सुधार हुए हैं। गांवों से लेकर शहरों तक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार, नए विद्युत उपकेंद्रों की स्थापना, ट्रांसमिशन नेटवर्क का विस्तार और रिकॉर्ड बिजली आपूर्ति जैसी उपलब्धियों ने प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में नई पहचान दी है। अब सूर्य घर योजना इस परिवर्तन को नई ऊंचाई दे रही है। प्रदेश सरकार ने इस योजना को केवल एक सरकारी योजना के रूप में नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के मिशन के रूप में आगे बढ़ाया है। राज्य सरकार लगातार लोगों को सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित कर रही है।

**क्या है प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना?:-** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करना है। इसके माध्यम से आम नागरिक अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन कर सकते हैं और हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा 3 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर रु. 78,000 तक की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रु0 30 हजार के अतिरिक्त सहयोग से यह सब्सिडी रु. 1,08,000 तक पहुंच जाती है। इससे मध्यम वर्ग और सामान्य परिवारों के लिए सोलर सिस्टम लगाना बेहद आसान हो गया है। मा.मुख्यमंत्री जी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आवेदन प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

**उत्तर प्रदेश बना सौर ऊर्जा का उभरता केंद्रः-** आज उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है जहां सूर्य घर योजना को लेकर लोगों में सबसे अधिक उत्साह देखने को मिल रहा है। राजधानी लखनऊ, वाराणसी, कानपुर, प्रयागराज, आगरा, बरेली जैसे शहरों में लाखों घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग तेजी से इस योजना से जुड़ रहे हैं। पहले जहां गांवों में बिजली बिल एक बड़ी चिंता हुआ करता था, वहीं अब लोग अपनी छतों से बिजली उत्पादन कर आत्मनिर्भर बनने लगे हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के विस्तार को समान प्राथमिकता दे रही है।राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खाते में भेजी जा रही है, जिससे पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों का विश्वास मजबूत हुआ है।

**आम लोगों की जिंदगी में बड़ा बदलावः-** सूर्य घर योजना का सबसे बड़ा लाभ आम जनता को मिल रहा है। लगातार बढ़ते बिजली बिलों से परेशान परिवारों के लिए यह योजना राहत का बड़ा माध्यम बनकर सामने आई है। एक सामान्य 3 किलोवाट का सोलर सिस्टम प्रतिमाह लगभग 300 से 450 यूनिट बिजली उत्पन्न कर सकता है। इससे उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी कमी आ रही है।नेट मीटरिंग व्यवस्था के माध्यम से अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजा जा रहा है, जिससे भविष्य के बिलों में और अधिक राहत मिलती है।

सोशल मीडिया और विभिन्न डिजिटल मंचों पर लोग इस योजना की खुलकर सराहना कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि सब्सिडी मिलने के बाद सोलर सिस्टम की लागत लगभग 4 से 5 वर्षों में निकल आती है, जबकि इसके बाद अगले 20 से 25 वर्षों तक लगभग मुफ्त बिजली का लाभ मिलता है।यह योजना केवल आर्थिक बचत का माध्यम नहीं है, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का अभियान भी है। प्रदेश सरकार का ध्येय है कि प्रदेश का हर परिवार ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने और भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को स्वयं पूरा कर सके।

**पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिकाः-** सौर ऊर्जा केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक बिजली उत्पादन में कोयला और अन्य जीवाश्म ईंधनों का उपयोग होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन बढ़ता है और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सूर्य घर योजना के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिल रहा है। इससे कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता कम होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। बड़े स्तर पर रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने से भविष्य में ऊर्जा संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों दोनों से काफी हद तक राहत मिल सकती है। उत्तर प्रदेश सोलर पार्क, रूफटॉप सोलर और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के माध्यम से ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**युवाओं और रोजगार के लिए अवसरः-** सूर्य घर योजना ने रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए हैं। सोलर पैनल निर्माण, इंस्टॉलेशन, मेंटेनेंस और तकनीकी सेवाओं में बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र के विस्तार से तकनीकी विशेषज्ञों, इलेक्ट्रिशियन और इंजीनियरों की मांग बढ़ी है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हो रहा है और युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। सरकार का लक्ष्य केवल बिजली उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र को रोजगार और आर्थिक विकास का मजबूत आधार बनाना भी है। सरकार की पारदर्शी और सरल व्यवस्था योजना की सफलता का एक बड़ा कारण इसकी पारदर्शी और सरल प्रक्रिया भी है। उपभोक्ता ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आसानी से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, बिजली बिल, बैंक खाते का विवरण और घर की छत की जानकारी आवश्यक होती है। आवेदन के बाद डिस्कॉम द्वारा तकनीकी जांच की जाती है और अनुमोदन मिलने पर अधिकृत विक्रेता सोलर सिस्टम स्थापित करते हैं। सब्सिडी सीधे बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उत्तर प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यह योजना आम नागरिकों के लिए आर्थिक राहत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत माध्यम बन चुकी है।यह योजना केवल बिजली उत्पादन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की सोच को साकार करने का अभियान है। लाखों परिवार अब बिजली उपभोक्ता के साथ-साथ बिजली उत्पादक भी बन रहे हैं। यदि इसी प्रकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलता रहा, तो आने वाले समय में उत्तर प्रदेश न केवल ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा, बल्कि पूरे देश को हरित ऊर्जा और स्वच्छ विकास का नया मॉडल भी प्रदान करेगा।

विचार

# संस्कारों का अकाल और समाज में स्थापित होते नर पिशाच



*राहुल कुमार गुप्ता*

> फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में डेढ़ साल के मासूम को पटक-पटक कर जान से मारने की घटना और ऐसी तमाम घटनाएं जो इंसानियत का कत्ल कर समाज को भयावह बना रही हैं उसका जिम्मेदार आखिर कौन?

सभी नन्हें मासूम बच्चों में निर्मलता, सहजता और भोलेपन के लगभग बहुत से ईश्वरीय गुणों का निर्मल और पवित्र संयोजन है। लेकिन हमारा नूतन समाज, प्रगतिशील और तकनीकियों से भरा समाज ईश्वर के इन प्यारे और दुलारों के साथ हो रही दु:खद घटनाओं पर जिस तरह से मौन है लगता है इस समाज का भी इन दुखद घटनाओं पर मूक समर्थन है।

30 मई में फिरोजाबाद के शिकोहाबाद से एक ऐसी घटना सामने आई है जो समाज की बढ़ती भयावहता का एक और ज्वलंत उदाहरण लेकर समाज के समक्ष मूक प्रश्न के साथ खड़ा है।

एक डेढ़ साल के मासूम, अबोध बच्चे को पटक पटक मार डालने की घटना संपूर्ण मानवता के सीने को छलनी करती है। यह केवल एक मासूम के प्राणों का अंत नहीं है बल्कि हमारी समूची सामाजिक चेतना की निर्मम हत्या है। उस बच्चे को जमीन पर पटक-पटक कर मार डालने वाला वह वहशी दरिंदा अकेले इस अपराध का भागीदार नहीं है, बल्कि इस भयानक पतन के जिम्मेदार हम सब हैं! हमारी वह आधुनिक खोखली व्यवस्था है जो ऐसे नरपिशाचों को पनपने की जमीन दे रही है। समाज आज एक बेहद दयनीय और संवेदनशील मोड़ पर आ खड़ा हुआ है, जहां हर दिन ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं जिससे समाज से इंसानियत मर रही है और पिशाचों से भी बद्तर और घटिया सोच वाली प्रजाति पनप रही है।

दिल्ली की सड़कों पर सरेआम किसी बेटी को चाकू से गोदना हो, या किसी बुजुर्ग की लिंचिंग, या फिर पारिवारिक संपत्ति के लिए अपनों का ही लहू बहा देना, ऐसी न जाने कितनी घटनाएं चीख-चीख कर कह रही हैं कि भारत का वह पारंपरिक, सहिष्णु और करुणा से भरा समाज अब अंदर से सड़ रहा है। इंसानियत, जो हमारे देश की मिट्टी का मूल स्वभाव थी, उसका हर रोज किसी न किसी रूप में कत्ल हो रहा है और हम मूकदर्शक बने, अपनी स्क्रीन पर उंगलियां सरकाते हुए इस भयावह नूतन सामाजिक व्यवस्था के मूक संवर्धक बनते जा रहे हैं।

इस घोर अमानवीयता के मूल में झांकें तो इसके सामाजिक और पारिवारिक कारण सबसे पहले उभरकर सामने आते हैं। वह भारत जो कभी संयुक्त परिवारों की छांव में फलता-फूल था, जहां बड़ों की डांट में भी संस्कार होते थे और बच्चों को नीतिपरक कहानियां लोरी की तरह सुनाई जाती थीं, वह अब बिखर चुका है। एकल परिवारों के इस दौर में संवादहीनता की एक ऐसी गहरी खाई पैदा हो गई है, जहां बच्चा अकेलापन और कुंठा लेकर बड़ा हो रहा है। इसके साथ ही, हमारी व्यवस्था ने केवल और केवल भौतिकवाद को बढ़ावा दिया है, जहां सफलता का पैमाना इंसान की अच्छाई नहीं, बल्कि उसकी जेब का आकार और उसकी रसूख बन गई है। जब समाज में केवल पाने की अंधी दौड़ हो और देने या त्यागने का भाव शून्य हो जाए, तो वहां मानसिक विकृतियां अक्सर जन्म लेती हैं। हमारे समाज में सबसे शर्मनाक बदलाव तो यह आया है कि पूर्व के समय में यदि कोई व्यक्ति अपराध करता था, तो समाज और परिवार मिलकर उसका पूर्ण बहिष्कार करते थे, जिससे एक कड़ा नैतिक दबाव बना रहता था। किंतु आज, अपराधी चाहे कितना भी जघन्य कृत्य क्यों न कर दे, उसे, परिवार, जाति, क्षेत्र, धर्म और राजनीतिक दलों के आधार पर प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन मिलने लगता है। अपराधियों की पीठ पर जब उनकी जाति, परिवार या दल का वरदहस्त होता है, तो कानून का डर हवा हो जाता है और समाज का यह ढांचा अपराधियों के लिए एक सुरक्षित कवच बन जाता है।

हमारे भीतर से धर्म का वास्तविक मर्म भी गायब हो चुका है। धर्म आज केवल कर्मकांडों, लाउडस्पीकरों और प्रदर्शनों तक सिमट कर रह गया है, जबकि सभी धर्मों का अंतिम ध्येय और मोक्ष का एकमात्र मार्ग केवल और केवल इंसानियत है। जब तक मनुष्य के भीतर परहित सरिस धरम नहिं भाई का भाव जाग्रत नहीं होता, तब तक वह सच्चा धार्मिक हो ही नहीं सकता। आज की नूतन सामाजिक व्यवस्था में संवेदनशीलता और नैतिकता की जो कमी आई है, उसने इंसानी मस्तिष्क को एक भयानक मनोवैज्ञानिक विकार की ओर धकेल दिया है। जब किसी समाज में लगातार हिंसा, अश्लीलता और डिजिटल माध्यमों पर परोसी जाने वाली क्रूरता को सामान्य मान लिया जाता है, तो मानव मस्तिष्क डीसेंसिटाइज यानी संवेदनहीन हो जाता है। डिजिटल स्पेस में दिखाई जाने वाली विकृत हिंसा युवाओं के अवचेतन मन में बैठ जाती है, जिससे उनमें आवेग नियंत्रण की क्षमता समाप्त हो जाती है और वे एक पल के क्रोध या सनक में किसी मासूम की जान लेने से भी नहीं हिचकते।

वैज्ञानिक रूप से भी यह सिद्ध है कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और उसके न्यूरॉन्स आसपास के वातावरण से ही प्रतिक्रियाएं सीखते हैं। जब चारों तरफ केवल घृणा, प्रतिस्पर्धा और संवेदनहीनता का वातावरण होगा, तो हमारी आने वाली पीढ़ियां मानसिक रूप से कुंठित और हिंसक ही बनेंगी। इस मानसिक और सामाजिक पतन का प्रभाव हमारे समूचे राष्ट्र की आत्मा पर पड़ रहा है। समाज में हर तरफ एक अदृश्य भय व्याप्त है, जहां कोई किसी अजनबी की मदद करने से कतराता है और इंसान का इंसान पर से विश्वास पूरी तरह उठ चुका है। हम एक ऐसे समाज का निर्माण कर रहे हैं जो बाहर से तो चमक-दमक से भरपूर और तकनीकी रूप से उन्नत है, लेकिन अंदर से पूरी तरह खोखला और संवेदनशून्य हो चुका है। इस भयावह लाइलाज दिखती बीमारी का समाधान केवल एक अपराधी को फांसी की सजा दे देने से नहीं होगा, क्योंकि वह केवल एक लक्षण का इलाज है, उस वायरस का नहीं जो समाज की रगों में दौड़ रहा है। हमें इस सामाजिक कैंसर को जड़ से मिटाने के लिए सामूहिक रूप से सोचना होगा और इसकी शुरुआत हमारे अपने घरों से होगी।

हमें पुनः अपने बच्चों को भौतिक सुख-सुविधाओं की जगह नैतिक मूल्य और इंसानी सरोकार सिखाने होंगे। शिक्षा व्यवस्था में केवल डिग्री और पैकेज पाने की होड़ को बदलकर उसमें चरित्र निर्माण, दया और सहानुभूति के पाठों को अनिवार्य रूप से जोड़ना होगा। हर परिवार को एक ऐसी नर्सरी बनना होगा जहां नफरत नहीं, बल्कि प्रेम और करुणा के बीज बोए जाएं। इसके साथ ही, समाज के तौर पर हमें एक बेहद कड़ा संकल्प लेना होगा कि अपराधी चाहे किसी भी जाति, धर्म या रसूख का हो, उसका पूरी तरह से सामाजिक बहिष्कार किया जाए। जब तक अपराधियों को मिलने वाला सामाजिक और राजनीतिक संरक्षण बंद नहीं होगा, तब तक कानून की कोई भी धारा इन नरपिशाचों के हौसलों को पस्त नहीं कर पाएगी।

डिजिटल मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म्स पर परोसी जाने वाली हिंसक और विकृत सामग्री पर भी कड़ा नियंत्रण और आत्म-नियमन जरूरी है ताकि हमारी युवा पीढ़ी के मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा की जा सके। यह समय केवल आंसू बहाने या किसी एक घटना पर मोमबत्तियां जलाकर आक्रोश व्यक्त करने का नहीं है, बल्कि आत्मनिरीक्षण करने का है कि कहीं हम भी अपनी चुप्पी से, अपने स्वार्थ से इस खौफनाक व्यवस्था को बढ़ावा तो नहीं दे रहे। जब तक हम सब मिलकर इंसानियत की इस कटी हुई पतंग को थामने के लिए सक्रिय नहीं होंगे, तब तक मोक्ष की कल्पना तो दूर, हम एक सुरक्षित जीवन की उम्मीद भी नहीं कर सकते। याद रखिए, अगर आज समाज में कई हिस्से जल रहे हैं, तो उसकी आंच कल हमारे अपने घरों तक भी जरूर पहुंचेगी। इस संवेदनशील विषय पर केवल किंकर्तव्यविमूढ़ बन कर बैठे रहना और स्वार्थ सिद्ध के लिए सक्रिय रहना किसी बड़े अपराध की श्रेणी से कम नहीं। संविधान और कानून न सही लेकिन हमारी आने वाली पीढ़ियां हमें जरूर कोसेंगी।

साहित्य

## एक साथ हो चुनाव...!



**संजय एम तराणेकर**

*हर मौसम में शोर यहाँ, बस चुनाव का ही रहता है,*
*जनता का हर छोटा सपना, बीच राह में ढहता है।*
*लोकसभा की हलचल, कहीं विधानसभा की बारी,*
*नगर निगम और पंचायत में, फिर से वही तैयारी।*

*धन का भारी व्यय हैं होता, समय बहुत खो जाता,*
*आचार संहिता लगते ही, विकास थम-सा जाता।*
*यहाँ कर्मचारी भी उलझे हैं रहते, चुनावी कामों में,*
*जनसेवा के कई काम जरूरी, अटकते है राहों में।*

*यदि सरकारें हर पल केवल, सत्ता का डर पालेंगी,*
*तो जनहित की योजनाएँ, कैसे आगे बढ़ पाएंगी?*
*1967 तक तो साथ हुए थे, चुनावों के पर्व यहाँ,*
*क्यों? बिखराव हुआ है, सोचें मिलकर हम जहाँ।*

*एक देश में एक चुनाव, अब चर्चा का विषय बने,*
*राजनीति से ऊपर उठके, जनहित के निर्णय बने।*
*मतदाता की एक हो सूची, सरल व्यवस्थाएँ आए,*
*यूं बार-बार के इस खर्चे से, देश भी उबरता जाए।*

*लोकतंत्र की गरिमा रखकर, ऐसा कदम उठाना है,*
*जनता के विश्वास तले, भारत को नया बनाना है।*
*लोकतंत्र के उजियारे को चहूँओर हमें फैलाना हैं,*
*सभी राजनैतिक दलों को इसमें योगदान देना हैं।*



# राशिफल

**मेषः-** आप के लिए भाग्यवृद्धि का दिन है ऐसा गणेशजी कहते हैं। विदेश स्थित स्नेहीजनों से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे।

**वृषभः-** भावनाओं के बंधन में बंध जाने का अनुभव आज आपको होगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। भाई-बहनों से लाभ होगा।

**मिथुनः-** नकारात्मक मानसिक व्यवहार न रखने के लिए गणेशजी आपको सलाह देते हैं। आज का प्रवास भी आनंददायी रहेगा।

**कर्कः-** भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं इसके लिए गणेशजी आपको चेतावनी देते हैं। धन का खर्च अधिक होगा।

**सिंहः-** आज किसी भी निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे इसलिए आवश्यक निर्णय आज न लेने की गणेशजी सलाह देते हैं। मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** आज का आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। आज परिस्थिति अनुकूल रहेगी।

**तुलाः-** आज पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा ऐसा गणेशजी कहते हैं। संतानों की ओर से सुख मिलेगा।

**वृश्चिकः-** आज संभलकर कदम उठाने की गणेशजी सलाह देते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से आप व्यग्रता का अनुभव करेंगे।

**धनुः-** आज प्रातःकाल के समय आप का शारीरिक स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है ऐसा गणेशजी कहते हैं। प्रवास का योग है।

**मकरः-** आज के दिन परिवारजनों के साथ आनंदपूर्वक प्रवास या पर्यटन का आनंद मनाएंगे।

**कुंभः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आप का आज का दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा।

**मीनः-** आज के दिन विजातीय आकर्षण से दूर रहने की गणेशजी सलाह देते हैं। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त कर सकेंगे।

# अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़कर बरेली में उभरने लगे नाथ नगरी के रंग

उत्तर प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे आधुनिक विकास से जोड़ने के प्रयासों के तहत बरेली का नाथ कॉरिडोर इस समय एक बेहद महत्वपूर्ण और दूरगामी परियोजना के रूप में आकार ले रहा है। अयोध्या और काशी जैसी सांस्कृतिक नगरियों के वैश्विक पुनरुद्धार के बाद अब प्रदेश सरकार प्राचीन नाथ परंपरा के ऐतिहासिक केंद्र बरेली के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को नए सिरे से स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस समय करीब साठ करोड़ रुपए से अधिक की लागत से इस महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सदियों पुराने धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार कर वहां श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करना है। बरेली के चारों कोनों और मध्य क्षेत्र में फैले प्राचीन शिव मंदिरों को एक सुव्यवस्थित सर्किट के रूप में जोड़कर न केवल आस्था के केंद्रों को नया स्वरूप दिया जा रहा है, बल्कि इस पूरे क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य को बदलने की भी मजबूत आधारशिला रखी जा रही है। विकास और विरासत के इस अनूठे समन्वय से बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में सुधार के कार्य चल रहे हैं, जो आने वाले समय में समूचे जनपद के लिए प्रगति के नए द्वार खोलने का काम कर रहे हैं। इस पूरी कार्ययोजना के तहत बरेली के सात ऐतिहासिक और पौराणिक शिव मंदिरों को आपस में जोड़कर एक सुदृढ़ कनेक्टिविटी तंत्र का निर्माण किया जा रहा है, जिससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच की दूरी कम हो रही है।

लगभग नौ सौ तीस वर्ष पुराने अलखनाथ मंदिर परिसर में इस समय व्यापक स्तर पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिनमें एक आधुनिक वैदिक लाइब्रेरी और भव्य मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य शामिल है। इसी प्रकार बाबा त्रिवटी नाथ जी मंदिर में नवदुर्गा मंदिर भवन और विशाल सत्संग हॉल के साथ-साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने की विशेष व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तपेश्वर नाथ मंदिर में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए रेलवे अंडरपास और सड़कों के चौड़ीकरण की योजना पर काम चल रहा है, जिस पर बड़े पैमाने पर वित्तीय निवेश किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त मढ़ीनाथ, धोपेश्वर नाथ, वनखंडी नाथ और पशुपतिनाथ मंदिरों में एकीकृत विकास नीति के तहत यात्री विश्राम गृह, परिक्रमा मार्ग, आकर्षक एलईडी लाइटिंग, व्यवस्थित प्रसाद केंद्र और डिजिटल सूचना बोर्ड स्थापित करने के कार्य गति पकड़ रहे हैं। इन बुनियादी बदलावों से न केवल आम दिनों में बल्कि सावन के पवित्र महीने में आने वाले लाखों कांवड़ यात्रियों और श्रद्धालुओं को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सकेगा। इस पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने में जिला प्रशासन और विभिन्न विकास प्राधिकरणों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण दिखाई दे रही है, जो आपसी समन्वय से चौबीसों घंटे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और गति की निगरानी कर रहे हैं।

कॉरिडोर के अंतर्गत आने वाले सभी प्रमुख चौराहों को भगवान शिव के प्रतीकों जैसे त्रिशूल और डमरू की थीम पर कलात्मक रूप से सजाया जा रहा है, जिससे शहर में प्रवेश करते ही एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो रहा है। इसके साथ ही एक बड़े और भव्य मुख्य स्वागत द्वार का निर्माण किया जा रहा है, जो इस पावन नगरी की ऐतिहासिक पहचान को रेखांकित करता है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए कॉरिडोर के भीतर केवल इलेक्ट्रिक बसों और ई-रिक्शा जैसे पर्यावरण-अनुकूल वाहनों के संचालन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि क्षेत्र में प्रदूषण मुक्त वातावरण बना रहे। पैदल चलने वाले श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा के लिए सड़कों के किनारे चौड़े फुटपाथों का जाल बिछाया जा रहा है। इसके अलावा ग्रेटर बरेली योजना के तहत एक विशेष आध्यात्मिक पार्क और नाथ संप्रदाय के समृद्ध इतिहास को प्रदर्शित करने वाले एक आधुनिक संग्रहालय का निर्माण भी तेजी से आगे बढ़ रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़े रखने का काम करेगा। धार्मिक पर्यटन के इस बड़े केंद्र के रूप में उभरने से बरेली के पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को भी एक नया जीवन मिल रहा है। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के कारण बरेली के विश्वप्रसिद्ध ज़री-ज़रदोज़ी के काम और बांस से बनी कलाकृतियों को एक बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय बाजार मिलने की उम्मीद जगी है, जिससे इस विधा से जुड़े शिल्पकारों और ग्रामीण कारीगरों की आय में सीधे तौर पर वृद्धि हो रही है।

होटल उद्योग, परिवहन व्यवस्था और खुदरा व्यापार के विस्तार से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर स्थानीय स्तर पर ही सृजित हो रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से होने वाले पलायन पर काफी हद तक रोक लग रही है। बुनियादी ढांचे का यह सुनियोजित विकास और चौड़ी सड़कों का तंत्र न केवल शहरी आबादी को बल्कि दूर-दराज के गांवों को भी मुख्यधारा के आर्थिक विकास से जोड़ रहा है, जिससे पूरे जिले का संतुलित विकास सुनिश्चित हो रहा है। इस कॉरिडोर के माध्यम से ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्था के बीच के अंतर को पाटते हुए विकास को एक समावेशी रूप दिया जा रहा है।

आर्थिक और सामाजिक समृद्धि की इस नई बयार में प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण जीवन को स्थिरता प्रदान की है। कॉरिडोर के विकास के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ होने से लोगों के जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। बेहतर परिवहन और मजबूत कनेक्टिविटी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों की पहुंच मुख्य बाजारों तक आसान हुई है, जिससे वे अपनी गतिविधियों को बाजार की मांग के अनुसार संचालित करने में सक्षम हो रहे हैं। इस धार्मिक पर्यटन महाअभियान के समांतर ग्रामीण इलाकों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है, जिसके तहत सड़कों की स्थिति सुधारी जा रही है और परिवहन के साधनों का विस्तार किया जा रहा है ताकि सुदूर क्षेत्रों के लोग भी इस विकास यात्रा का हिस्सा बन सकें।

इस पूरे क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से व्यापारिक गतिविधियों को भी नया बल मिल रहा है। सड़कों के चौड़ीकरण और नए मार्गों के निर्माण से माल की आवाजाही सुगम हो रही है, जिससे स्थानीय स्तर पर छोटे और मझोले उद्योगों के फलने-फूलने के अवसर बढ़ गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा इस बात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है कि विकास का लाभ केवल शहर तक सीमित न रहे, बल्कि ग्रामीण अंचलों तक इसकी पहुंच समान रूप से हो। इस सोच के साथ ग्रामीण कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली कई सड़कों पर निर्माण और मरम्मत का कार्य तेज गति से संचालित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस दूरदर्शी सोच और सुनियोजित नीतियों के परिणामस्वरूप बरेली का यह पावन क्षेत्र आज धार्मिक आस्था और आधुनिक विकास के मानचित्र पर एक नया अध्याय लिख रहा है। प्रदेश सरकार की पर्यटन और बुनियादी विकास से जुड़ी योजनाएं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन, आर्थिक सुदृढ़ता और जीवन स्तर को ऊपर उठाने में पूरी तरह सफल सिद्ध हो रही हैं, जो इस पूरे जनपद को प्रगति की एक नई दिशा दे रही हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# शिक्षा पर समाज को विशेष जोर देना चाहिए: ओमप्रकाश

▸ भारतीय आदिवासी गिहार महासभा की बुंदेलखंड की बैठक सम्पन्न

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सिविल लाइन स्थित एक लॉज में भारतीय आदिवासी गिहार महासभा की बुंदेलखंड की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलेदार सिंह ने किया तो वहीं संचालन रामबाबू गिहार द्वारा किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश गिहार ने भाग लिया तो सर्व सम्मति से राजेश गिहार को भारतीय आदिवासी गिहार महासभा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। वही मुख्य अतिथि ओमप्रकाश गिहार ने अपने संबोधन में कहा की शिक्षा पर समाज को विशेष जोर देना चाहिए क्योंकि शिक्षा ही उन्नति का मुख्य मार्ग है।उन्होंने सरकारों के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार इस समाज को जनजाति घोषित करने में सिर्फ आश्वासन ही देती आ रही है जिसके कारण आज यह समाज अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश गिहार ने नए प्रदेश अध्यक्ष राजेश गिहार को बधाई देते हुए कहा कि आज नौजवानों का नेतृत्व का मौका मिला है संगठन को गांव-गांव तक पहुंचा कर मजबूत करें। उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्ति की कि संगठन व समाज संगठित ना होने के कारण कोई भी राजनैतिक दल इस समाज को गंभीरता से नहीं लेता है। समाज को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए उन्होंने आवाहन किया कि नौजवानों को आगे आना चाहिए बैठक के दौरान समाज के हित से जुड़े करीब आठ प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से रचनात्मक चर्चा की गई। बैठक में हंसराज गिहार, जिलेदार सिंह, रामशंकर गिहार, सोनू भारती गिहार,धर्मेंद्र गिहार, अजय सिंह गिहार, नवीन गिहार, जयचंद्र गिहार,वीरन गिहार, रामबाबू उर्फ गुड्डन गिहार, जयपाल गिहार, गुड़िया गिहार, लाल सिंह गिहार, विष्णु गिहार, जसवंत गिहार, देवरानी गिहार, आर्यन गिहार, राम सिंह गिहार, विष्णु लाल गिहार, मनीष गिहार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पीडीए आरक्षित सीटों की हुई लूट: सुरेंद्र सिंह यादव

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह यादव मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि भाजपा सरकार के 10 साल में 22 प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित की गई जिसमें आरोप लगाया कि 11514 पीडीए आरक्षित सीटों की लूट हुई है। उन्होंने कहा शिक्षक भर्ती हो चाहे लेखपाल भर्ती हो पशु चिकित्सालय भर्ती, चिकित्सा अधिकारी भर्ती, सहायक चकबंदी अधिकारी भर्ती, अधिशासी अधिकारी भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती, प्रवर्तन कांस्टेबल भर्ती सहित तमाम भर्तियों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जो आरक्षण का लाभ पीडीए को मिलना चाहिए वह नहीं मिला है इन हालातो में आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में यह तमाम प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्र समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर सत्ता में बैठी भारतीय जनता पार्टी को सबक सिखाने का काम करेगी। क्योंकि अब आम जनमानस ऊब चुका है क्योंकि यह आरक्षण की खुली लूट किए हैं। लिहाजा आने वाले 2027 के विधानसभा में अब यही युवा इनको सबक सिखाएंगे। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गांव गांव जाकर अलग-अलग विधानसभा में इन बातों को रख रहे हैं और लोगों को बता रहे हैं किस तरीके से उनके साथ अन्याय हुआ है। इस अवसर पर जिला महासचिव चौधरी मंजर यार, राष्ट्रीय प्रवक्ता जगदीश सिंह जालिम, नंदकिशोर पाल, रीता प्रजापति, प्रदेश सचिव महिला सभा की रत्नेश रत्ना भी मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### यादव महासभा की मासिक बैठक हुई संपन्न



**फतेहपुर।** समाजवादी विचारधारा और सामाजिक समरसता के साथ यादव महासभा की मासिक बैठक एवं भव्य स्वागत समारोह रविवार को फतेहपुर में संपन्न हुआ। बैठक में जिले भर से आए सैकड़ों पदाधिकारियों व समाजबंधुओं ने भाग लेकर संगठन को नई ऊर्जा दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को शिक्षा व रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ संगठनात्मक मजबूती पर चर्चा करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगनायक सिंह यादव प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी व कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष यादव महासभा ने शिरकत की। मुख्य अतिथि जगनायक सिंह यादव ने कहा कि यादव महासभा का जन्म ही सामाजिक एकता और पिछड़ों को मुख्यधारा में लाने के लिए हुआ है। आज समय की मांग है कि हम अपने बच्चों को शिक्षा से जोड़ें, उन्हें आईएएस, पीसीएस, इंजीनियर, डॉक्टर बनाएं। केवल राजनीति से समाज का भला नहीं होगा, जब तक हर घर में एक पढ़ा-लिखा युवा नहीं होगा। बाबू सिंह यादव ने बार एसोसिएशन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि समाज के कमजोर वर्ग को न्याय दिलाने के लिए हमें कानूनी रूप से भी जागरूक होना होगा। यादव महासभा को एक मंच बनाकर हर पीड़ित की मदद करनी चाहिए। जिलाध्यक्ष अतुल यादव ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि अब यादव महासभा बूथ स्तर तक अपना नेटवर्क खड़ा करेगी। हर गांव में युवा टोली बनेगी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए काम करेगी। सभी अतिथियों का यादव महासभा जिलाध्यक्ष अतुल यादव ने अंगवस्त्र, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर जगनायक सिंह यादव, बाबू सिंह यादव, अध्यक्ष बार एसोसिएशन फतेहपुर, कल्याण सिंह, अध्यक्ष बार एसोसिएशन बिंदकी, मलखान सिंह यादव महासचिव बार एसोसिएशन खागा, अतुल यादव जिलाध्यक्ष, हनुमान सिंह यादव, जेपी यादव, पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रजीत यादव, आशीष यादव, वीरेंद्र यादव, अमर सिंह, गुड्डू यादव, सहित जिले के तमाम ब्लॉक अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष उपस्थित रहा।

### सीओ ने कोतवाली में पुलिस कर्मियों को दिलाई तम्बाकू निषेध की शपथ



**कोंच (जालौन)।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कोंच कोतवाली परिसर में रविवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तम्बाकू और उससे बने उत्पादों के सेवन से दूर रहने तथा समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीओ परमेश्वर प्रसाद ने कहा कि तम्बाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। इसके कारण कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित अनेक जानलेवा रोग उत्पन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को तम्बाकू सेवन के दुष्परिणामों से अवगत कराना और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आह्वान किया कि वे स्वयं तम्बाकू से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आमजन को भी इसके सेवन से बचने के लिए प्रेरित करें। शपथ के दौरान सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने तम्बाकू एवं नशे से दूर रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कोतवाली में तैनात पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से तम्बाकू मुक्त समाज के निर्माण और जनस्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम ने पुलिस विभाग की सामाजिक जिम्मेदारी और जनजागरूकता के प्रति प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**रामपुरा (जालौन)।** कस्बा रामपुरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 301वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र सिंह निरंजन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने मार्मिक उद्बोधन में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों, समाजसेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षक नेता अशोक राठौर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में अनेकों ऐसे कार्य किये जो आज भी समाज को संदेश देने का कार्य कर रहे। उनके समाज हितैषी कार्यों से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विधायक प्रतिनिधि महेश प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रामपुरा संतोष प्रजापति, अमर सिंह पाल, चंद्र प्रकाश पाल, रामबाबू पाल, मंगल पाल, हिमांशु चिरवरिया, बेटू महंत, अजय पुरवार, सुभाष पाल, रिंकू पाल सहित अनेक सम्मानित बंधु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी आयुष्मान सुविधा का लाभ मिले

**उरई (जालौन)।** बेसिक शिक्षा सेवानिवृत्त कल्याण परिषद द्वारा आदेश गोस्वामी एवं सर्वेश द्विवेदी को बनाया तहसील प्रभारी सेवानिवृत्त कल्याण परिषद की बैठक शिक्षक भवन स्टेशन रोड स्थित उरई में हुई जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष केदार स्वर्णकार ने की जबकि संचालन जिला मंत्री जालिम पाल ने किया। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा हुई तथा सरकार के दोहरे चरित्र पर चिंता व्यक्त की गई जहां सरकार ने शिक्षा विभाग में सबको आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी है वही सेवानिवृत्त शिक्षकों को इससे बंचित किया गया है। संगठन सरकार से मांग करता है कि वह सेवा निवृत शिक्षको को भी इसका लाभ देना सुनिश्चित करें। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक रामराजा द्विवेदी, अशोक त्रिपाठी, सर्वेश द्विवेदी, आदेश गोस्वामी, लक्ष्मण गुप्ता, केदारनाथ, जालिम पाल, महेंद्र भाटिया सहित अनेक शिक्षक उपस्थित थे।

# आदर्श व्यापार मंडल गर्ग गुट ने गठित की युवा नगर कमेटी

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



आदर्श व्यापार मंडल (गर्ग गुट) की जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कलक्टरगंज स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार, व्यापारियों की समस्याओं के समाधान एवं सदस्यता अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, विशिष्ट अतिथि कालीशंकर श्रीवास्तव एवं युवा प्रदेश अध्यक्ष संजय पाण्डेय, स्क्रेप प्रदेश उपाध्यक्ष मो शमीम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश चन्द्र साहू ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अमित शरण बाबी ने किया। जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न ट्रेड इकाइयों का गठन किया जाएगा, जिससे व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। इसी क्रम में युवा नगर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में ऋषु तिवारी को युवा नगर अध्यक्ष, मोटो बिलाल को युवा नगर महासचिव, रवि गुप्ता एवं मूसा खान को युवा नगर उपाध्यक्ष, सलमान खान को युवा नगर उपाध्यक्ष, अमित श्रीवास्तव को युवा नगर कोषाध्यक्ष, शुभम गुप्ता को युवा नगर मीडिया प्रभारी, गोलू कश्यप को सह मीडिया प्रभारी तथा सूरज सिंह, गोविंद अग्रहरी, साकेत एवं कृष्ण कुमार गुप्ता को युवा नगर सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवगठित कमेटी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और व्यापारी हितों की आवाज और अधिक मजबूत होगीबैठक में निर्णय लिया गया कि 1 जून से 30 जून 2026 तक सदस्यता माह मनाया जाएगा। अभियान की जिम्मेदारी अभिनव यादव, अमित शरण बाबी, अमर गुप्ता, मुन्नेन्द्र तिवारी, सुभाष शुक्ला, प्रशांत केसरवानी, आनंद गुप्ता, राजीव गुप्ता, राहुल सोनी एवं मोटो इमरान को सौंपी गई। इस अवसर पर महिला नगर अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, रागिनी सिंह, सानू गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, गोपाल पुरवार, संजीव चौरसिया, अमित सोनी, बबला सोनी, अभिषेक गुप्ता, अशोक यादव, सूर्यकांत, मोटो साद, नीरज सोनी, राहुल सोनी, हर मंगल सिंह,रोहित पाल, चंद्रकांत तिवारी, गोविंद सिंह, किशन त्रिपाठी, आजम खान, विनोद गौतम, हार्दिक गुप्ता, ब्रह्म स्वरूप फौजी मोहम्मद आसिफ चिश्ती शिव कुमार, विनोद केसरवानी एवं तरुण पुरवार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## सपा कार्यालय में मनाई गई माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



**उरई (जालौन)।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कालपी रोड में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की जबकि पूर्व मंत्री श्रीराम पा,ल जिला महासचिव जमालउद्दीन मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उसके आदर्शों को याद किया। इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर जमालउद्दीन संयुक्त रूप से कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में जनकल्याणकारी धार्मिक स्थलों के विकास तथा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए उनका जीवन त्याग सेवा और न्यायप्रियता का प्रतीक रहा है। उन्होंने समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया जिसमें आज भी लोग प्रेरणा लेते हैं। कार्यक्रम में मोहम्मद तारिक, महेश विश्वकर्मा जीवन बाल्मीक, संतोष कोरी, महेश सर, श्रीराम पाल पूर्व मंत्री, वेद प्रकाश यादव सुरेंद्र बजरिया, संतोषी प्रजापति, दीपशिखा श्रीवास सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थन उपस्थित रहे।

# डीएम, एसपी ने कारागार निरीक्षण में मूलभूत सुविधाओं का लिया जायजा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने आज जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बैरकों, रसोई घर, अस्पताल कक्ष, सुरक्षा चौकियों तथा सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था की विस्तार से जांच की। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि बंदियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं स्वच्छ वातावरण हर हाल में उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने जेल परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने तथा संवेदनशील बंदियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि जेल की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने गेट चेकिंग, मुलाकात व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी तथा सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, जेल अधीक्षक नीरज देव, सहित संबंधित अधिकारी एवं कारागार स्टाफ उपस्थित रहे।

## त्रियोदशी से वापस लौटते समय बाइक पेड़ से टकरायी, तीन घायल

**कोंच (जालौन)।** कोंच क्षेत्र में शनिवार देर रात 10 बजे एक सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग, महिला और दो बच्चे घायल हो गए। यह दुर्घटना कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के पास सड़क किनारे गिरे पेड़ की चपेट में आने से हुई। सभी घायलों को राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक ओमप्रकाश कुशवाहा (50 वर्ष) पुत्र हरिराम कुशवाहा, निवासी ग्राम लौना, अपनी रिश्तेदारी में आयोजित त्रयोदशी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शनिवार देर रात परिवार के साथ बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे जब वह कोंच-कैलिया रोड पर झला पठा के समीप पहुंचे, तभी सड़क किनारे गिरा पड़ा पेड़ उनकी बाइक के सामने आ गया। अंधेरा होने के कारण उन्हें पेड़ दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक उससे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में ओमप्रकाश कुशवाहा के अलावा उनकी पुत्री साधना पत्नी राकेश, साधना का 7 वर्षीय पुत्र देवांश तथा 9 वर्षीय पुत्री रेन्सी घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉ. गौरव शर्मा के नेतृत्व में घायलों का उपचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे गिरे पेड़ों और अन्य अवरोधों को समय पर नहीं हटाए जाने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# बीएड परीक्षा केंद्रों का क्षेत्राधिकारी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

▸ परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरों की जांच तथा पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर अरूण कुमार सिंह द्वारा बी-एड प्रवेश परीक्षा को शुचिता पूर्ण, निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का गहनता से अवलोकन किया गया तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई। साथ ही ड्यूटीरत पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी निर्वहन करने एवं परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा देने की सुविधा उपलब्ध हो सके।

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर महोबा अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना जनपद महोबा के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। इस अभियान के अंतर्गत उ.नि. लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह उ.नि. सुरेश कुमार सचान द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त मूलचन्द्र उर्फ घउवा पुत्र लक्ष्मीकुशवाहा, उम्र लगभग 33 वर्ष, निवासी ग्राम बदौरा कला थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर (मध्य प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त के विरुद्ध केस नं. 255/2013 धारा 25 आर्म्स एक्ट के अंतर्गत माननीय न्यायालय सिविल जज (सीनियर डिवीजन) महोबा द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू वारंट लंबित था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को उसके निवास स्थान ग्राम बदौरा कला थाना प्रकाश बम्हौरी जनपद छतरपुर (मध्य प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## सेवानिवृत्त बीईओ को पितृ शोक

**उरई (जालौन)।** रामनगर स्थित आवास पर पूर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी कपूर सिंह के पिता शंकर सिंह का सौ साल की उम्र प्राप्त कर गोलोकबासी हो गए हैं। जैसे ही उक्त जानकारी शिक्षक समाज को पता चली तो शोक की लहर दौड़ गयी। शिक्षकों ने मृत आत्मा की शांति व शोकाकुल परिवार को धैर्य धारण की ईश्वर से प्रार्थना की। बताया जाता है कि अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम सिकरी व्यास में सोमवार सुबह किया जाएगा।

# थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पनवाड़ी पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी बीरेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में गठित टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक सनय कुमार मय हमराह कां. उमेश कुमार द्वारा 1 नफर वारण्टी अभियुक्त प्रमोद कुमार खंगार पुत्र बैजनाथ, उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी ग्राम हैवतपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू मु.नं. 6812/2021 एवं मु.नं. 8987/2022, सरकार बनाम प्रमोद कुमार, मुअसं. 238/2020 व मुअसं.137/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत वारंट निर्गत था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को ग्राम हैवतपुरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# शादी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बैठक सम्पन्न

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आगामी 11 जून 2026 को जनपद के कस्बा खरेला में ऑल इंडिया मंसूरी समाज का शादी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज की एक अहम बैठक ग्राम जैतपुर में संगठन के जिला अध्यक्ष राका मंसूरी की अध्यक्षता व पूर्व जिला अध्यक्ष अजीज मंसूरी पनवाड़ी, पूर्व जिला अध्यक्ष आज़ाद मंसूरी जैतपुर की उपस्थिति में आयोजित हुई । इस बैठक में समाज के लोगों ने सम्मेलन को व्यवस्थित तरीके से सफल बनाने तथा रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला महासचिव शब्बीर मंसूरी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से अधिक से अधिक शामिल होकर सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शादी सम्मेलन का मकसद शादी कराना ही नहीं है साथ ही समाज के लोगों को एक साथ लाकर उनकी विभिन्न समस्याओं का निराकरण करना भी है इस तरह के आयोजनों से समाज को एक दूसरे से मिलने तथा प्रेम भाव को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि 11 जून 2026 को कस्बा खरेला में आयोजित शादी सम्मेलन की व्यवस्था तथा रूपरेखा बनाने के लिए यह बैठक आहूत की गई है। जिला अध्यक्ष राका मंसूरी ने शादी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों से उपस्थित होकर सहयोग करने की अपील की है। इस बैठक में अंसार मंसूरी महोबा, शकील उर्फ बबलू सम्मेलन अध्यक्ष जैतपुर, रहीम बक्स मंडल अध्यक्ष जैतपुर, जावेद जैतपुर मंडल उपाध्यक्ष, अकबर मंसूरी खरेला, नवी बक्स जैतपुर, फैयाज जिला उपाध्यक्ष अकठोहा आदि समाज के लोग मौजूद रहे।

## सूचना

मेरी पुत्री अक्षरा की सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल के अंकपत्र में त्रुटिवश उसकी जन्मतिथि 18-01-2008 व मेरा नाम राजीव वर्मा अंकित हो गया है, जबकि अन्य सभी अभिलेखों में उसकी जन्मतिथि -18-01-2009 व मेरा नाम राजीव कुमार दर्ज है, जोकि सही है। अब यही कर दिया जाए। **राजीव कुमार पुत्र रमेशचंद्र, बजरिया, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# अहिल्या बाई होल्कर की श्रद्धा के साथ मनाई गई जयंती

समृद्धि न्यूज़

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम बासा में राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर जगदीश प्रसाद धनगर के आवास पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के निवर्तमान मंडल अध्यक्ष केवल प्रसाद रहे जबकि संचालन ओमप्रकाश वर्मा ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनके जीवन व्यक्तित्व एवं समाज के प्रति योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि केवल



प्रसाद ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने अपने शासनकाल में समाज सेवा धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक धार्मिक एवं शैक्षिक विकास के लिए कार्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने राजमाता की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए प्रत्येक परिवार से अपने घर में उनका चित्र लगाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सहज राम धनगर, सूर्य प्रकाश धनगर, कुलदीप धनगर, श्रीकेशन धनगर, विद्या प्रसाद, मनीष कुमार, रूपनारायण, रामबख्श धनगर, रामविलास, राममिलन, नंदकिशोर सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिसकर्मियों को एसपी ने दी भावभीनी विदाई



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 03 पुलिसकर्मी को ससम्मान विदाई की गयी। जनपद बाराबंकी में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए रेडियो उ0नि0 विनोद कुमार दीक्षित, उ0नि0 ना0पु0 अरविन्द कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 स0पु0 शमशुद्दीन अहमद को पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## सड़क हादसे में 3 घायल, एक की हालत नाजुक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई में एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं अन्य दो घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस घटना से इलाके में चिंता और दहशत का माहौल है।

## पांच जून को होगी राजकीय पॉलीटेक्निक जगदीशपुर में वृक्षों की नीलामी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** संजय गांधी राजकीय पॉलीटेक्निक, जगदीशपुर में स्थापित किए जा रहे टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस परियोजना के निर्माण कार्य को सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से निर्माण कार्य में बाधक वृक्षों की नीलामी आगामी 5 जून को आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए संस्थान के प्रधानाचार्य रामरतन ने बताया कि वृक्षों की नीलामी 5 जून 26 को अपराह्न 12:30 बजे संस्थान परिसर में गठित समिति की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति एवं फर्में निर्धारित समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकती हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा वृक्षों का निर्धारित मूल्य 27 हजार रुपये तय किया गया है। इस मूल्य से कम की कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जाएगी।

# हक़ पर चलने वाला ज़ुल्म के सामने समझौता नहीं करता : मौ. डॉ. अदीब

- कभी बैअत को उठाकर, कभी गुल करके चराग़, आग में सोने को दो बार तपाया उसने: डा. रज़ा मौरानवी

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मजलिस-ए-अज़ा का बाराबंकी कर्बला में आग़ाज़ तिलावत-ए-क़ुरआन-ए-मजीद से हुआ, जिसकी सआदत जनाब मौलाना इब्ने अब्बास साहब को हासिल हुई। इसके बाद निज़ामत के फ़राइज़ डॉ. मुहिब मेरावी साहब ने अदा किए और अपने ख़ूबसूरत अंदाज़ में मजलिस को आगे बढ़ाया। महफ़िल में अहलेबैत (अ.स.) की मोहब्बत से सरशार कलाम पेश किए गए। सबसे पहले जनाब हाजी सरवर अली कर्बलाई साहब ने अपने असरदार कलाम ....फ़िक्र में इश्के अली लाओ उजाला आये,

कुफ़्र और बुग्ज़ मिटे दिल से अंधेरा जाये

फिर जनाब मेहदी बराबकवी ने अपना कलाम पेश किया : 'लहद में छाया हुआ है नूर-ए-हुसैनियत, इसलिए भी मेहदी,

निशान-ए-मातम तेरे सीने पर इस तरह रौशन हुआ है।' इसके बाद डॉ. मुहिब मेरावी साहब ने अपने



कलाम पेश किए :

सदाए महवर-ए-ततहीर अल-अता ज़हरा,
अगर मदीना ज़हरा है तो कर्बला ज़ैनब,
और वहीं रुकेगा ज़बानों का क़ाफ़िला ज़ैनब,
जहाँ पे खींच दिया दायरा ज़ैनब। '

फिर जनाब अजमल साहब ने अपना कलाम पेश किया : 'यूँ ही नहीं मासूमा-ए-क़ुम कहती है दुनिया,
मासूम के औसाफ़ तेरी साँस में दम है,
ईमान को किस तरह परखेंगे वो लोग,
जो पैकर-ए-इंसान में पत्थर के सनम हैं,
जो सारे ज़माने को सज़ा बाँट रहे हैं,
ईरान के आगे वो सितमगर लब-ए-दम हैं,
यह कहकर ज़बानों में इन्हें क़ैद न कीजिए,
मासूमा-ए-क़ुम सुल्तान-ए-अजम हैं। '

इसके बाद जनाब डॉ. रज़ा मौरांवी साहब :
'जलाते तिश्ना-लबी में गिरा पानी उसने,
कितने दरियाओं को नज़रों से गुज़ारा उसने,
कर्बला दर्सगाह-ए-फ़ितरत-ए-इंसानी हुई,
हुर के नौकर को भी सीने से लगाया उसने,
कभी बैअत को उठाकर, कभी गुल करके चराग़,
आग में सोने को दो बार तपाया उसने। '

मौलाना अदीब हसन ज़ैदपुरी साहब ने मजलिस खिताब करते हुए फ़रमाया कि अल्लाह का दीन कभी बिना रहनुमाई के नहीं छोड़ा जाता। हर ज़माने में ऐसी हस्तियाँ मौजूद रहती हैं जो लोगों को सही रास्ता दिखाती हैं और दीन-ए-हक़ को ज़िंदा रखती हैं। ग़ैबत-ए-इमाम के दौर में भी दीन की तब्लीग़ और उसकी हिफाज़त की ज़िम्मेदारी कुछ लोगों के कंधों पर होती है।

मौलाना ने बताया कि मुझ जैसा, उस जैसे की बैअत नहीं कर सकता। यह सिर्फ़ एक ऐतिहासिक बयान नहीं था, बल्कि हर दौर के लिए एक उसूल है। जब हक़ और बातिल आमने-सामने हों, तो हक़ पर चलने वाला व्यक्ति जुल्म के सामने समझौता नहीं करता, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कुर्बानी क्यों न देनी पड़े। मुबाहला के वाक़िये का ज़िक्र करते हुए मौलाना बताते हैं कि जब पैग़म्बर अपने साथ अहलेबैत को लेकर मैदान में आए तो ईसाई पीछे हट गया।

अहलेबैत का मक़ाम बहुत ऊँचा है।
वे सच्चाई और दीन की नुमाइंदगी करते हैं।
उनकी मौजूदगी हक़ की ताक़त की निशानी है।
आखिर में उन्होंने ने कर्बला के मसाएब पढ़ें

पूरी मजलिस का पैग़ाम यह है कि कर्बला सिर्फ़ एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि एक ज़िंदा स्कूल है जो इंसान को सिखाता है कि हक़ पर डटे रहो। जुल्म के सामने मत झुको।दीन और इंसाफ़ के लिए कुर्बानी दो मोहब्बत, वफ़ादारी और सब्र को अपनाओ। अल्लाह की राह में आने वाली मुश्किलों से मत डरो।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को क्षेत्राधिकारी ने दी विदाई



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार 31 मई को जनपद में नियुक्त उ0नि0 एलआईयू विमल कुमार शुक्ल को ऐच्छिक सेवानिवृत्ति व अनुचर राम नरेश यादव व अनुचर सालिक राम को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे-फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी कर्मचारी गण को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने व पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।

### पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** शनिवार को देर शाम पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में यातायात निदेशालय उ0प्र0 द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस व परिवहन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत स्थित टोल प्लाजा गौरीगंज पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करते हुए ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई। चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।



## औघड़ आश्रम मुंशीगंज में सैकड़ो मरीजों को दी गई पथरी की दवा



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ आश्रम मुंशीगंज रायबरेली में आज रविवार के दिन पूर्व की तरह ही सैकड़ों पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य जी ने मरीजों को दवा लेने का तरीका बताएं,तथा दवा लेते समय किस-किस चीज का परहेज करें इसे कैसे खाएं इन सब चीजों के विषय में आए हुए मरीजों को विस्तार से समझाया. आए हुए मरीजों में कई पुराने मरीज़ थे जो इससे पहले यहां से दवा ले जाकर उसे खाकर अपनी बीमारी में राहत महसूस कर रहे थे और उनके साथ ही सैकड़ों नए मरीज भी दूर दराज से दवा लेने औघड़ आश्रम मुन्शीगंज आए. औघड़ आश्रम मुंशीगंज में हर रविवार को आयुर्वेदिक पद्धति से दवा वितरण का यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चलता रहता है हर रविवार को सैकड़ों लोग दवा लेने आश्रम पहुंचते हैं।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेषज्ञों ने दिया जागरूकता का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** अंतरराष्ट्रीय तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर डलमऊ कस्बे के पड़वा नाला स्थित अंकल जी हेल्थ केयर सर्विसेज एवं गायत्री परिवार शाखा डलमऊ के सहयोग से विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञों द्वारा तंबाकू के सेवन एवं नशीले पदार्थों से होने वाले विकार एवं दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम में आर्यन दीप पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तंबाकू व नशीले पदार्थ से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा समाज को नशीले पदार्थ जैसे तंबाकू बीड़ी सिगरेट गुटका खैनी आदि व्यस्नों से दूर रहने का



संदेश दिया आयोजकों ने प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद मनो चिकित्सा डॉ विदिया सिंह, एवं बाल मनो चिकित्सा डॉ स्निग्धा अवस्थी ने तंबाकू एवं नशीले पदार्थों से होने वाली बीमारियों एवं दुष्प्रभावों से बचाव के तरीके बताए तथा इससे जुड़ी जानकारी देते हुए लोगों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इस मौके पर डॉ प्रदीप गुप्ता डॉ प्रियंका गुप्ता अंजली गुप्ता शीतला प्रसाद गुप्ता कार्यक्रम संचालक सुधांशु त्रिपाठी शिक्षक महेश प्रताप यादव राहुल गुप्ता रोहित गुप्ता गायत्री परिवार जिला समन्वयक अनिल श्रीवास्तव सतीश साहू उदय बजाज गणेश साहू प्रदीप शुक्ला सरयू प्रसाद सोनकर घनश्याम जायसवाल एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**समृद्धि न्यूज़, डलमऊ रायबरेली।** मलमास माह की पूर्णिमा पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने डलमऊ गंगा तट के विभिन्न स्नान घाटों पर गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाकर मन्नते मांगी और गंगा तट पर स्थित देवी मंदिरों एवं शिवालयों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की। मलमास पूर्णिमा को अधिक मास पूर्णिमा भी कहते हैं इस पूर्णिमा पर नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व माना गया है रविवार को अधिक मास की पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गंगा नदी में स्नान करने के लिए जनपद समेत विभिन्न स्थानों एवं क्षेत्रों से श्रद्धालु डलमऊ गंगा तट पर एक दिन पहले ही पहुंचकर घाटों पर अपना जमावड़ा कर लिया था। रात्रि के समय स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं ने ढोल और मजीरो की धुन में भक्ति गीत गाए।

## वाटर फ्रीजर 20 प्रधानमंत्री आवास व तालाब के सौंदरीकरण की सौगात दे रहे हैं: प्रभात

महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।

प्रधानमंत्री आवासों की स्थिति देखने वार्ड में पहुंचे नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने नगर के लोगों को दो नए फ्रीजर की सौगात दी इसी के साथ एक तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने की भी घोषणा की।रविवार को कस्बे के पूरे रानी वार्ड में बन रहे 20 प्रधानमंत्री आवासों का नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने निरीक्षण किया और आवास की दूसरी किस्त जल्द ही जारी करवाए जाने का आश्वासन दिया वहीं पूरे रानी में स्थित एक



तालाब का सौंदर्यीकरण करवाए जाने के लिए प्रस्ताव भेजने की बात कही। इसी के साथ भीषण गर्मी में लोगों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दो फ्रीजर जिसमें एक पूरे रानी और एक फ्रीजर पूरे सुखई चौराहे पर जगह चिन्हित किया है और जल्द ही फ्रीजर लगाने की घोषणा है। वार्ड के लोगों ने शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष सरला साहू व प्रभात साहू का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## ऑपरेशन चक्रव्यूह में पच्चीस हजार रुपये का इनामिया गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में 'आपरेशन चक्रव्यूह' के तहत अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में थाना रामगंज



पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना रामगंज में वांछित व 25,000/- रुपये इनामिया अभियुक्त मुमताज उर्फ सूरज पुत्र सलीम उर्फ पप्पू उर्फ नसीब अहमद निवासी मकरा चौराहा थाना जलालपुर जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रांतीय शिक्षा संवर्ग में पदोन्नति पाने पर बीइओ का हुआ अभिनन्दन

**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा बाराबंकी।** प्रांतीय शिक्षा संवर्ग (पीईएस) पद पर पदोन्नति होने पर सूरतगंज के खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार का ब्लॉक संसाधन केंद्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों ने उपस्थित होकर उन्हें फूल माला पहनाकर व बुके प्रदान कर उनका स्वागत किया और उन्हें नवीन पद पर पदोन्नति होने की बधाई दी। कार्यालय के समस्त कार्मिकों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां बाँटी। शिक्षकों का लगातार कार्यालय में आकर बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। इस अवसर



पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सूरतगंज के अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयराज सिंह,बूटा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल (नादिम),उच्च प्राथमिक विद्यालय सूरतगंज के इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजीत प्रताप सिंह,अध्यापक पवन कुमार सिंह कज़ियापुर,अमित कुमार रहटा,राजेश कुमार दौलतपुर, वरिष्ठ अध्यापक मदन पाल सिंह, एआरपी भूपेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक एमआईएस प्रदीप कुमार वर्मा, क्वालिटी कोऑर्डिनेटर शुभम श्रीवास्तव, कार्यालय सहायक अजय द्विवेदी, दिलीप कुमार मिश्रा, सतेंद्र बहादुर सिंह, अनिल कुमार, शिव प्रताप सिंह, जगदीश सिंह, अनिल कुमार वर्मा, अतुल कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## बहुजन समाज पार्टी ने की बूथ व सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बहुजन समाज पार्टी ने नजदीक विकास भवन गौरीगंज धर्मराज के आवास पर बूथ व सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक किया। बैठक में बूथ, सेक्टरों की समीक्षा करते हुए जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार कमल ने बताया कि बसपा 2027 में सत्ता में वापसी का प्रयास कर रही है। कार्यकर्ता पदाधिकारी ज़मीन पर उतरकर बूथ व सेक्टरों में लगातार, कार्य कर रहे हैं, सर्व समाज का गठजोड़ बहुजन समाज पार्टी से हो रहा है लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़ने के साथ-साथ लगातार जनाधार भी बढ़ रहा है। जिला महासचिव श्रवण कुमार यादव ने कहा कि भाजपा, सपा, कांग्रेस अपने घोषणापत्र में किए गए वादों को कितना पूर्ण किया जनता को देखने की जरूरत है। आने वाले समय में युवा बसपा से जुड़कर बसपा की सरकार बनाकर रोजगार, विकास की नींव रखेगा।



नकली नेता उर्फ़ बोध राम ने कहा हम जैसे सेक्टर और बूथ के कार्यकर्ता वादा करते हैं कि जब तक बसपा को 2027 में सत्ता में वापस लाकर बहन जी को मुख्यमंत्री नहीं बना देते हम सब चैन से बैठने वाले नहीं हैं।मंडल प्रभारी शिवराम गौतम ने जिला कार्यकारिणी, विधानसभा कार्यकारिणी को प्रेरित करते हुआ कहा आप सब जनता के बीच उनके सुख-दुख में जाएं जनता आपकी राह तक रही है। जिला उपाध्यक्ष बब्लू पाण्डेय ने कहा ब्राह्मण समाज बहन जी के नीतियों और कार्यो से प्रभावित है वह भी बसपा से जुड़ रहा है। बैठक में जिला पदाधिकारियों में जिला संयोजक रमेश मौर्य संजीव भारती, विधानसभा प्रभारी अध्यक्ष, एवं महासचिव लक्ष्मण प्रसाद गौतम, धर्मराज कोरी, विजय गौतम, राम अभिलाष बौद्ध, मोतीलाल, ओम प्रकाश पासी, रामफल फ़ौजी, सिद्धार्थ कन्नौजिया, श्याम कुमार, के के आर्या, शमशेर बौद्ध, आर एस चक्रवर्ती, जगदीश सविता, सुरेन्द्र अम्बेडकर, राम प्रसाद, राजेश कुमार, रामतीरथ, आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकली श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की शोभा यात्रा

- डीजे के गानों पर युवकों ने जमकर किया डांस



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** त्याग की मूर्ति और श्लोक माता जैसे कई उपनामों से सुशोभित माता अहिल्याबाई होल्कर की शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। डीजे के गानों पर युवकों ने जमकर डांस किया। पूर्वी बाईपास पर बड़ी संख्या में पाल व अन्य समाज के लोग एकत्र हुए। ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने श्लोक माता अहिल्याबाई होलकर की जीवंत झांकी का पूजन करके शोभा यात्रा की शुरुआत की। पीले झंडा फहराते युवक श्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की जय के नारे लगाते हुए चल पड़े। बड़ी संख्या में बाइकों व चार पहिया वाहनों का रेला भी शोभा यात्रा में शामिल था। तालग्राम चौराहे के पास नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे ने पुष्प वर्षा करने के साथ सभी के लिए ठंडा शरबत वितरित कराया। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, सभासद पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, शिवम दुबे, विश्वनाथ तिवारी, अजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। पश्चिमी बाईपास नहर निरीक्षण भवन पहुंचकर शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल ने कहा माता अहिल्याबाई का जीवन हमें निस्वार्थ सेवा और धर्मनिष्ठा का मार्ग दिखाता है। उनकी प्रेरणा से समाज में एकता और समर्पण का भाव जागृत होता है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बादाम पाल के संयोजन में निकाली गई इस शोभायात्रा में अरवेश पाल, विपिन द्विवेदी, जीतू तिवारी, मुनीश मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, मनीष पाल व सुशील शाक्य सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**शोभा यात्रा का कई जगह हुआ भव्य स्वागत**

छिबरामऊ कन्नौज शोभा यात्रा का कई जगह भव्य स्वागत किया गया पेट्रोल पंप के पास विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडे, श्यामू चौहान, हिमांशु चौहान, दिलीप गुप्ता, विवेक दुबे, रवि चतुर्वेदी, शिवम तिवारी, मनोज दुबे, पीपल चौराहे के पास राज्य मंत्री कैलाश राजपूत भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया, जीतू तिवारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे आदि ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

# देवी जागरण में भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता

- जीवंत झांकियों ने सभी का मन मोहा



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला बजरिया स्थित चंद्रकांता पैलेस में प्रिया म्यूजिकल ग्रुप जागरण पार्टी के कानपुर व मैनपुरी के कलाकारों द्वारा गाए गए देवी गीतों पर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। देर रात चले जागरण में कलाकारों ने देवी गीतों से समां बांधे रखा। जीवंत झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कानपुर की सिंगर रागिनी शर्मा ने चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है सुनाया। प्रवेश शुक्ला ने भक्ति गीत तेरे दरबार में मैया खुशी मिलती है गाकर महिलाओं व पुरुषों को झूमने पर मजबूर कर दिया। प्रिया दुबे ने मां अब तू ही दिखा रास्ता, ये दुनिया रास्ता रोके खड़ी है गीत सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इससे पहले ऊर्जा राज्यमंत्री कैलाश सिंह राजपूत, विधायक अर्चना पांडेय, पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजीव दुबे, सिकंदरपुर टाउन एरिया के पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद राजपूत, जितेंद्र शाक्य, गोलू गुप्ता व गौरव शाक्य ने कार्यक्रम के आयोजक हरिओम त्रिपाठी के साथ मां भगवती का पूजन कर आरती उतारी। इस दौरान एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, तहसीलदार अभिनव वर्मा, ललुआ तिवारी, आशीष त्रिपाठी, अम्बुज त्रिपाठी, प्रभात अग्निहोत्री, अशोक त्रिपाठी, सभासद धर्मेंद्र दुबे, सुशील पांडेय, बार एसोसिएशन के महासचिव पंकज मिश्रा, प्रतीक त्रिपाठी, कुलदीप यादव, वीरेश मिश्रा, सुशील चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा, सुशासन और लोककल्याण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उनके आदर्श आज भी समाज को नई दिशा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। आयोजन के संयोजक राजा गजेन्द्र सिंह पाल ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श जनकल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देते रहेंगे।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल, आशीष पाल, रामप्रकाश शाक्य, सुनील पाल, कुंवर जितेंद्र पाल, अर्पित शुक्ला, तीर्थराज शाक्य, वीरेन्द्र पाल, सुघर सिंह पाल, अनंत यादव, कुलदीप पाल और देवेश पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# होलकर सेना ने निकाली विशाल शोभायात्रा




**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की 301वीं जयंती पर होलकर सेना द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ खड़नी स्थित बरमदेव मंदिर से हुआ और समापन ज्ञान ज्योति इंटर कॉलिज तिर्वा रोड सौरिख पर हुआ। युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए। समापन समारोह में गणमान्य व्यक्तियों को पगड़ी, माला, शॉल और अहिल्या बाई की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी रहे इंजी. अनिल पाल ने कहा लोकमाता ने धर्म, जाति और लिंग से ऊपर उठकर न्याय, सेवा और कल्याण को प्राथमिकता दी, भारतीय संस्कृति और धार्मिक धरोहर में ऐतिहासिक योगदान दिया। होल्कर सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष सरमन पाल (संजय) ने उन्हें नारी सम्मान की प्रतीक और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करने वाली न्यायप्रिय प्रशासक बताया।

इस दौरान मनोज पाल, सुधीर पाल (प्रधान), वीनेश पाल (प्रधान),बलवीर पाल, मंजेश पाल, मोनू पाल, रबी पाल, संजीव पाल, दिलीप पाल (गुड्डू) शाहिद बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

# मटेहना की टीम ने प्रेमपुर को 11 रन से हराकर जीता उद्घाटन मैच

- माधौनगर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम पंचायत मिघौली के मजरा माधौनगर में रविवार को प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ बुजुर्ग राम प्रकाश सैनी ने फीता काटकर किया।

टूर्नामेंट के उद्घाटन मुकाबले में मटेहना और उत्तरी प्रेमपुर की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मटेहना की टीम ने निर्धारित ओवरों में 127 रन बनाए और प्रेमपुर के सामने 128 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरी प्रेमपुर की टीम ने जीत के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन निर्धारित ओवरों में 117 रन ही बना सकी। इस तरह मटेहना की टीम ने 11 रन से शानदार जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में विजयी आगाज किया। मटेहना के सलामी बल्लेबाज रितिक कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन समिति के अनुसार विजेता टीम को 5100 रुपये नकद व शील्ड तथा उपविजेता टीम को 2500 रुपये नकद व शील्ड प्रदान की जाएगी। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। आगामी दिनों में भी कई रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश, संगठन मजबूती पर दिया जोर



**कन्नौज।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में कन्नौज विधानसभा की मासिक बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाज कल्याण मंत्री एवं सदर विधायक असीम अरुण तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए असीम अरुण ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने और जनता के बीच निरंतर सक्रिय रहने पर जोर दिया। मंत्री ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनीं और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा कि बूथ और सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं की मेहनत के बल पर ही भाजपा आज मजबूत स्थिति में है। उन्होंने संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण और नियमित बैठकों की महत्ता पर प्रकाश डाला। बैठक में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार, संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति बनाई गई। इस दौरान जिला महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, रामसेवक कथेरिया, विक्रम त्रिपाठी, दीप शिखा पाल, अशोक सिंह, अभिषेक पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डॉ. विकास चंद्रा होंगे कन्नौज के नए मुख्य चिकित्साधिकारी

**कन्नौज।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने के उद्देश्य से डॉ. विकास चंद्रा को कन्नौज का नया मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे हरदोई स्थित स्वायत्तशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) के मेडिसिन विभाग में कार्यरत हैं।

डॉ. चंद्रा इससे पूर्व किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लखनऊ में सीनियर रेजीडेंट के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। चिकित्सा क्षेत्र में उनके अनुभव और प्रशासनिक दक्षता को देखते हुए उन्हें जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उनकी नियुक्ति से जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी उनके कार्यकाल से बेहतर समन्वय और प्रभावी स्वास्थ्य प्रबंधन की अपेक्षा व्यक्त की है।

### जमीन के विवाद में भाई बना बहन का दुश्मन

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के हाजीगंज खुर्द मोहल्ले में संपत्ति विवाद को लेकर भाई-बहन के रिश्ते में दरार का मामला सामने आया है। दिव्यांग महिला कुशमा ने अपने बड़े भाई शिवप्रसाद और भाभी पर हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। कुशमा ने बताया कि वह एक दुर्घटना में अपनी एक आंख गंवा चुकी हैं। उन्होंने जीवन भर अपने निःसंतान चाचा की सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर चाचा ने अपनी संपत्ति का एक हिस्सा उनके नाम कर दिया था। चाचा के निधन के बाद वह मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करती रहीं। बाद में उन्हें सहायक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में कार्य मिला।

# गनी मार्केट से अर्धसैनिक कैंटीन जाने वाला मार्ग बदहाल



- मोहल्लेवासियों ने की पक्की सड़क बनाने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के गनी मार्केट से अर्धसैनिक कैंटीन की ओर जाने वाला मार्ग आए दिन हो रही बारिश के कारण पूरी तरह जर्जर हो गया है। यह मार्ग पहले से ही क'चा था, लेकिन बरसात के चलते सड़क जगह-जगह दलदल और गड्ढों में तब्दील हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्लेवासियों का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति को देखते हुए वह कई बार आपस में सहयोग राशि एकत्र कर मिट्टी डलवा चुके हैं, लेकिन यह व्यवस्था केवल कुछ समय के लिए ही राहत दे पाती है। बारिश होते ही सड़क फिर से खराब हो जाती है और समस्या जस की तस बनी रहती है। स्थानीय निवासियों के अनुसार सड़क की बदहाली के कारण पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली ब'चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लेवासियों ने नगरपालिका प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस समस्या का स्थायी समाधान कराने के लिए पक्की सड़क बनाई जाए।

लोगों का कहना है कि यदि सड़क का शीघ्र निर्माण नहीं कराया गया तो बरसात के मौसम में परेशानी और बढ़ सकती है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच नकलविहीन संपन्न हुई बीएड प्रवेश परीक्षा

**कन्नौज।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2026 रविवार को जनपद के छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी के बीच शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनपद में केके इंटर कॉलेज, मुस्लिम मोहम्मदिया इंटर कॉलेज, पीएसएम पीजी कॉलेज, राजकीय महिला महाविद्यालय, सेठ वासुदेव सहाय इंटर कॉलेज और सुशीला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित छह केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बायोमैट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, कंट्रोल रूम संचालन तथा परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराई जाए। साथ ही उत्तर पुस्तिकाओं के मिलान, सीलिंग और सुरक्षित जमा करने की प्रक्रिया में पूरी सावधानी बरतने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता और विश्वसनीयता सर्वोच्च प्राथमिकता है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

- जेल का निरीक्षण करने पहुँचे डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, दिए आवश्यक निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लेने के लिए रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सुरक्षा व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, अस्पताल तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की विभिन्न बैरकों का भ्रमण कर निरुद्ध बंदियों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंधों और स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। डीएम ने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी- अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कारागार परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री जेल के भीतर प्रवेश न कर सके।



उन्होंने नए बंदियों का प्राथमिकता के आधार पर चिकित्सकीय परीक्षण कराने और उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसपी ने जेल प्रशासन को नियमित निरीक्षण करने तथा बंदियों की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक सूबेदार यादव सहित आदि लोग रहे।

### नगर में होगी फिल्म 'मिशन कनाडा' की शूटिंग, तैयारियां शुरू

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के लिए गौरव की बात है कि आगामी दो व तीन जून कों गंगेश्वर नाथ मंदिर पावर हाउस में फिल्म 'मिशन कनाडा' की शूटिंग होने जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग के संबंध में स्थानीय प्रशासन को प्रार्थना पत्र देकर अनुमति मांगी गई है। पत्र में बताया गया है कि फिल्म यूनिट निर्धारित तिथियों पर विभिन्न दृश्यों का फिल्मांकन करेगी। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं और सहयोग की मांग की गई है।

फिल्म की शूटिंग की खबर सामने आने के बाद नगरवासियों में उत्साह का माहौल है।

### बाइक सवार दंपत्ति पर चलती बिजली लाइन का पोल गिरने से मासूम सहित तीन घायल

**कन्नौज।** मायके से होकर रिश्तेदारी और इसके बाद अपनी ससुराल जाते समय बाइक सवार एक महिला उसके मासूम बच्चे सहित पति पर चलती बिजली लाइन का पोल गिरने से एक सड़क दुर्घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक मैनपुरी जिले के निवासी तीस वर्षीय संजीव कुमार पुत्र रामलखन की ससुराल कन्नौज के डालेपुर गांव में है।

बिगत दिन संजीव अपनी पत्नी 23 वर्षीय जोती और 6 साल के मासूम बच्चे सिद्धार्थ के अपनी ससुराल कन्नौज के डालेपुर गांव आए थे।

रविवार को उपरोक्त तीनों बाइक सवार मैनपुरी वापस जाने के लिए बाइक से रवाना हुए थे।

# बिजली का करंट लगने से संविदा सफाई कर्मचारी की मौत

- नाराज़ सफाई कर्मचारियों ने समधन मेन सड़क पर शव रखकर लगाया जाम
- अफसरों के आश्वासन पर करीब चार घंटे बाद खोला जाम



**समधन, समृद्धि न्यूज।** खेत पर भैंस के लिए घास लेने गए संविदा सफाई कर्मचारी के वहां पहले से टूटा पड़ा बिजली तार से करंट लग जाने से दर्दनाक मौत हो गई। समधन के मोहल्ला किदवई नगर निवासी राजकुमार करीब 30 वर्ष पुत्र श्रीपाल बाल्मीकि रविवार सुबह साढ़े नौ बजे नगर के पास खेत पर भैस के लिए घास लेने गए तभी वहां पहले से टूटा पड़ा बिजली तार का करंट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया घटनास्थल से शव को उठाकर ठाकुर द्वारा मन्दिर के पास मेन सड़क गुरसहायगंज व फर्रुखाबाद मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे गुरसहायगंज कोतवाल अजय कुमार अवस्थी ने घटना की जानकारी उच्च अफसरों को दी गइ। वाद में पहुंचे छिबरामऊ उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, सीओ सुरेश कुमार, नगर पंचायत चेयरमैन आसमा बेगम, ईओ दिव्या गुप्ता ने आक्रोषित सफाई कर्मचारियों को जाम खोलने के लिये बात की लेकिन मृतक के परिजन बीस लाख रुपये व पत्नी को सरकारी नौकरी की मांग उठाई जिस पर अधिकारी सहमत नहीं हुऐ वाद में मृतक पत्नी पिंकी देवी को बिजली विभाग की ओर पांच लाख रुपए व संविदा पर सफाई कर्मचारी पद पर नौकरी और दोनों बच्चों को भरण पोषण के लिए हर माह ढाई हजार रुपए प्रति माह देने के आश्वासन पर जाम खोलने पर राजी होकर जाम खोल दिया गया।

उधर पुलिस ने आनन-फानन में शव को बिना पंचनामा भरे लोडर पर रखवाकर पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया गया।

# बंद नाली से लोगों का जीना मुहाल, गंदगी और जलभराव से बढ़ी परेशानी



**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज/कन्नौज।** नगर के मोहल्ला राम किशन नगर में लंबे समय से नाली बंद होने के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे जलभराव और दुर्गंध की समस्या उत्पन्न हो गई है। मोहल्ला वासी प्रबंधक रामनाथ प्रजापति एवं स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और नगर पालिका प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। नाली में जमा कूड़ा-कचरा और सिल्ट के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी मंडरा रहा है। राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से जल्द नाली की सफाई कराकर जल निकासी व्यवस्था सुचारु करने की मांग की है। उनका कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने से पहले यदि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। इस संबंध में अशासकी अधिकारी अनिल कुमार का कहना है कि संबंधित मोहल्ला की सफाई नायक को सफाई के लिए कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं तीन दिनों के अंदर समस्या का निर्धारण कर दिया जाएगा और नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखकर इसका निस्तारण तत्काल होगा।

# शिव भक्ति की प्रतीक हैं अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियाँ: डा. जितेन्द्र सिंह यादव

▸ सपा नेताओं ने राज माता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भगवान शिव की अनन्य भक्त महान शासिका अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्टी कार्यालय में अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन मूल्यों, उनकी भक्ति एवं समाज को दिए गए उनके संदेशों के बारे में चर्चा की गई।



अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपा नेता

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर, मालवा साम्राज्य की होल्कर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में मालवा की महारानी के रूप में धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की स्मृतियां भगवान शिव की भक्ति की प्रतीक है। आज वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं। उनका योगदान सदैव याद किया जायेगा। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि राज माता अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल के दौरान भगवान शिव के सैकड़ों मंदिर बनवाए, वाराणसी में मणिकर्णिका घाट पर उनकी स्मृतियां जीवंत थीं, लेकिन इस सरकार ने डेवलपमेंट के नाम पर ऐतिहासिक प्रमाणों को नष्ट करने का काम किया है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वायदा किया है कि पीडीए सरकार बनने के बाद प्रत्येक समाज के महापुरुषों एवं ऐतिहासिक धरोहरों का सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने चारों धामों का पुनर्निर्माण कराया था, अपने शासनकाल में वह जनता दरबार लगाती थीं, उन्होंने महिलाओं को बहुत से सामाजिक अधिकार दिए, उनकी स्मृतियां आज भी हमारे समाज को प्रेरित करती हैं। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, डॉ0 जेपी वर्मा, अजीत यादव, शिव शंकर शर्मा, नीलम सिंह चौहान, पवन कठेरिया, शिवम पटेल, अर्चित शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर बंटी यादव, मित्रसेन यादव, पवन पाल, रितेश पाल, आयुष पाल, अशोक कुमार पाल, ऋषि पाल, मोहम्मद अनस आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली में उपचार के दौरान पूर्व सैनिक की मौत

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी पूर्व सैनिक जयद्रथ सिंह यादव अचरा चौकी के समाने कायमगंज रोड़ स्थित अपने नए आवास पर थे कि तभी उन्होंने गृह क्लेश में खुदकुशी करने के लिए रिवाल्वर से अपने सिर में तीन गोलियां मार ली थीं। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्वजनों ने उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां से आगरा के लिए रेफर कर दिया गया था। आगरा से दिल्ली भेज दिया गया था दिल्ली में शनिवार शाम 6 बजे उपचार के दौरान पूर्व सैनिक जयद्रथ सिंह यादव की मौत हो गई। स्वजन दिल्ली से उनका शव लेकर देर रात 1 बजे अचरा स्थित आवास पर पहुंचे। यह सूचना पाकर रात में ही काफी लोगों की मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। रविवार सुबह 9 बजे मेरापुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करने के उपरांत पीएम हेतु फतेहगढ़ भेज दिया। थानाध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि मृतक के स्वजन बता रहे है कि वह कुछ दिनों से मानसिक तनाव में रहने लगे थे, इसी वजह से उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अभी तक घटना की कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने एवं पीएम कार्यवाही के उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। घटना के बाद से पत्नी सुनीता यादव, पुत्र अंजुम यादव, पुत्री व भाई रामकीशोर यादव आदि स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक जयद्रथ सिंह यादव की पत्नी सुनीता यादव पूर्व ग्राम प्रधान एवं नवाबगंज वार्ड नंबर 2 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य रह चुकीं हैं। शाम को मृतक का शव पीएम के बाद आवास पर पहुंचा और बाद में स्वजनों ने खेत में ही शव का दाह संस्कार कर दिया।

## रोडवेज बस की टक्कर से पूर्व प्रधान की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बेटी को बीएड का पेपर दिलाने जा रहे पूर्व की बाइक में रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्री दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर पूर्व प्रधान को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव पैथान खुर्द निवासी पूर्व प्रधान प्रभात उर्फ प्रदीप शाक्य उम्र 55 वर्षीय पुत्र धनपाल शाक्य अपनी



मृतक का फाइल फोटो

बेटी निशा को बीएड का पेपर दिलाने फर्रुखाबाद बाइक द्वारा जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम रिटौल बिजली घर के निकट पहुँचे, तभी तेज रफ्तार कौशाम्भी डिपो रोजवेज ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

▸ बेटी को पेपर दिलाने जाते समय घटी घटना

जिससे बाइक सवार पूर्व प्रधान प्रभात उर्फ प्रदीप व उनकी बेटी निशा घायल हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल अवस्था में पूर्व प्रधान व उनकी बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर पूर्व प्रधान को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी प्रेमलता सहित दो बेटे-एक बेटी अन्य परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## आंधी से निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, वृद्ध की मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत नवाबगंज के रायपुर गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे निर्माणाधीन मकान की दीवार तेज आंधी आने के कारण गिरने से वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 9 बजे संतराम वर्मा (65 वर्ष) पुत्र नन्हें लाल अपने घर के अंदर चारपाई पर बैठे हुए थे। पास में पड़ी चारपाई पर पत्नी विमला लेटी हुई थी। इसी दौरान पास में बन रही नई कॉलोनी की दीवाल तेज आंधी आने के कारण एक दीवार अचानक भरभराकर संतराम वर्मा के ऊपर गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल



मृतक का फाइल फोटो

हो गए। पास में लेटी पत्नी बाल-बाल बच गई। पत्नी विमला के चिल्लाने पर परिवारीजन घर अंदर भागे तो देखा की संतराम के ऊपर दीवाल गिरने से ईंटो में दबे हुए थे। परिजनों ने उन्हें बाहर निकाला घटना की सूचना उनके भतीजे आलोक कुमार ने 108 एम्बुलेंस को दी। मौके पर पहुंची



मौके पर मौजूद ग्रामीण

एम्बुलेंस उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लेकर गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉ0 राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में भी स्थिति नाजुक बनी रहने पर चिकित्सकों ने उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार, लोहिया अस्पताल से सैफई ले जाते समय रास्ते में ही संतराम वर्मा ने दम तोड़ दिया। मृतक संतराम वर्मा अपने परिवार का भरण-पोषण सब्जी बेचकर करते थे। उनके परिवार में पत्नी विमला देवी, दो पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। तीनों पुत्रियों का विवाह हो चुका है। बड़े पुत्र दिनेश का भी विवाह हो चुका है, जबकि छोटे पुत्र अनमोल की अभी शादी नहीं हुई है। परिवार के पास लगभग डेढ़ बीघा कृषि भूमि है, घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सभासद शिवमंगल सिंह गौर ने घटना की जानकारी तहसीलदार और कानून गो को दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं से अभद्रता करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बा अमृतपुर में सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं के प्रति अश्लील इशारे और अभद्र हरकते करने की सूचना मिलते ही पुलिस ने पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को उपनिरीक्षक राहुल सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और कानून व्यवस्था की निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान बासी अड्डा के पास मौजूद कुछ महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी कि एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा होकर आने-जाने वाली महिलाओं की ओर अश्लील इशारे कर रहा है तथा अभद्र व्यवहार कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और महिलाओं द्वारा बताए गए स्थान की घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम हरिराम पुत्र पूसेलाल निवासी ग्राम दौलतियापुर थाना अमृतपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 296 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया।

### मांगों को लेकर उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन संविदा कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ ने मांगें पूरी न होने पर आंदोलन करने की धमकी दी है। इस संदर्भ में संगठन ने लिखित रुप से अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय/वितरण खण्ड को सौंपा।

जिसमें दर्शाया कि पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्य कर रहे कर्मचारियों का कार्य के अनुरुप अनुबंध न करने, वेतन भगतान में भेदभाव करने, वेतन 18 हजार रुपये निर्धारित न करने, उत्तर प्रदेश कार्पोरेशन एवं अन्य वितरण निगमों को नवगठित आउट सोर्स सेवा निगम में शामिल न करन, अपने स्वयं के आदेश दिनांक 15 मई 2017 का उल्लंघन कर लगभग 25 हजार बिजली आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को कार्य से हटाने, 11केवीए आउट गाइंग फिडरों पर 1 गैंग (एक लाइनमैन)प्लस पेट्रोल मैन, कुशल श्रमिक, दो अकुशल श्रमिक के स्थान पर एक कर्मचारी को तैनात करने, अकुशल श्रमिकों से एचटी/एलटी लाइनों, ट्रांसफार्मरों, ब्रेकरों आदि पर कार्य कराने आउट सोर्स कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में कई पैमाने पर मृत होने आदि के पैमाने पर संघ द्वारा चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है। जो 1 जून से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के अधीक्षण अभियंता कार्यालय व अधिशासी अभियंता कायमगंज में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करने 2 जून से प्रदेश भर में जन जागरण करेंगे। 3 जून को सांसद, विधायक, मंत्री अन्य को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत करायेंगे।

5 जून को जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेगें। मांगे पूरी न होने पर 24 जून को शक्ति भवन लखनऊ में धरना प्रदर्शन करेंगे। समस्याओं का समाधान न होने पर अनिश्चित कालीन चलता रहेगा। इस संदर्भ में जिलाध्यक्ष रामकिशन ने जानकारी देते हुए बताया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों मे विवाहिता का शव फाँसी के फंदे पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने जाँच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घसिया चिलौली निवासी ममता कोरी उम्र 35 वर्षीय पत्नी संजीव कोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बताया कि मृतका अपनी बेटी मान्या उम्र 3 वर्ष के साथ छत के कमरे में सो रही थी। ममता का पति संजीव दिल्ली में रहकर एक प्राइवेट नौकरी करता है। उनके दो पुत्र अनुज और अंशुल घर की ऊपरी मंजिल पर अपने दादा ओम प्रकाश के साथ थे। सुबह सास श्यामा देवी ने बताया कि वह सुबह को काम करने गई



मृतका का फाइल फोटो

थी। वापस लौटकर आई तो उसने कमरे में बहू ममता का शव दुपट्टे से छत के कुन्डे में लटका देख कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और



रोते बिलखते मृतक के परिजन

जांच पड़ताल की। वहीं फारेसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## बाइक की चॉबी न देने पर चचेरे भाईयों ने पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक की चॉबी देने से मना करने पर चचेरे भाइयों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर नादी निवासी मंसूर खान ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि रविवार को दोपहर लगभग 3 बजे घर के बाहर था, तभी चचेरे भाई असलम पुत्र शान मोहम्मद ने मंसूर की बाइक की चाबी मांगी, जिस पर मंसूर ने चाबी देने से मना कर दिया।

जिससे गुस्सायें चचेरे भाईयों ने मिलकर मंसूर को लात-घूसों व लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि उसका




जानकारी देता पीड़ित

सिर भी फट गया। पीड़ित ने घटना के संबंध में चचेरे भाइयों असलम पुत्र शान मोहम्मद तथा नदीम पुत्र शान मोहम्मद के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी।

पुलिस ने मंसूर खान को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नवाबगंज भेज दिया और जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## शिक्षा विभाग ने व्यावसायिक शिक्षा के सभी ट्रेडो में 25 छात्रों का नामांकन किया अनिवार्य

▸ कम नामांकन होने पर जिम्मेदार होंगे संबंधित प्रधानाचार्य

▸ विद्यार्थियों को रोजगार परक और कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के शासकीय व अशासकीय (सहायता प्राप्त) इंटरमीडिएट कालेजों में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत संचालित प्रत्येक ट्रेड में अब न्यूनतम 25 छात्रों का नामांकन अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें कम प्रवेश होने पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य जिम्मेदार होंगे।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी किये गये निर्देशों के अनुसार प्रदेश के जिन शासकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा व्यवस्था लागू है। वहां प्रत्येक ट्रेड में अब न्यूनतम 25 छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। विभाग की ओर से कहा गया कि व्यावसायिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के अनुरुप रोजगार परक और कौशल आधारित शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष उद्देश्य से व्यावसायिक शिक्षा के संचालित सभी ट्रेडो में छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर दिया गया है। विभागीय निर्देश के अनुसार शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत व्यावसायिक शिक्षा के तहत संचालित प्रत्येक ट्रेड में कम से कम 25 छात्रों का प्रवेश होना चाहिए।

25 से कम छात्रों का प्रवेश होने पर संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य की जिम्मेदारी तय की गई है। ज्ञातव्य है कि व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य है।

## साले ने बहनोई को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र मेरापुर के ग्राम हथोड़ा निवासी कप्तान का विवाह नवाबगंज थाना क्षेत्र के गाँव बबना निवासी जवर सिंह की पुत्री के साथ हुआ है। कप्तान शनिवार को अपनी ससुराल गाँव बवना पहुंचे। वहां मौजूद कप्तान के साले ने गाली-गलौज करना शुरु कर दिया और कहा की तुम अपने भाई की बात मानते हो तथा मेरी बहिन का ख्याल नहीं रखते हो। इसी बात को लेकर दोनों में कहसुनी होने लगी। जिस पर मामला बढ़ने पर साले ने बहनोई के साथ मारपीट शुरू कर दी। बहनोई कप्तान पड़ोस के ही गाँव गड़िया अपने



रिश्तेदार के घर जान बचाते हुए पहुँचे और वहां अपनी पूरी बात अपने रिश्तेदारों को बतायी। जिसके बाद पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। जिसमें कहा कि साले व ससुर ने उसके साथ मारपीट की और जेब में रखे 50 हजार रुपये निकाल लिये तथा मेरी बाइक भी छीन ली। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने किया विस्तार



प्रमाण पत्र दिखाते नवनियुक्त पदाधिकारी

▸ विपिन अवस्थी बने जिला उपाध्यक्ष व अंकित त्रिवेदी को युवा मोर्चा की कमान

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रवादी नवनिर्माण के जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी लगातार पार्टी का विस्तार करने में लगे हुए है। विपिन अवस्थी को जिला उपाध्यक्ष व अंकित त्रिवेदी को जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा की कमान सौंपी गई।

जिला अध्यक्ष पंकज अवस्थी ने दोनों पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा तथा पार्टी का पटका व माला पहनाकर स्वागत किया।

नव नियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हम सबको अपना घर मिल गया है अब गैरों का झंडा नही उठाएंगे।

सभी पार्टियों ने विप्र समाज को धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया है।

## डीएम ने दो अग्निकांड पीड़ितों को 35 हजार की सहायता स्वीकृत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कायमगंज क्षेत्र के ग्राम सिकंदरपुर तिहैया कंपिल में 30 मई को हुई अग्निकांड की घटना में प्रभावित परिवारों को जिला प्रशासन द्वारा त्वरित राहत प्रदान करने की कार्रवाई की गई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा क्षति का स्थलीय निरीक्षण कर विस्तृत आकलन किया गया।

जांच में पाया गया कि अग्निकांड से ग्राम निवासी नेत्रपाल पुत्र भगवान की 6 भेड़ों एवं पशुवाड़े को क्षति पहुंची है, जबकि कल्लू पुत्र भगवान की झोपड़ी आग की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। राजस्व विभाग द्वारा तैयार की गई आख्या के आधार पर



जानकारी देती जिलाधिकारी

राज्य आपदा मोचक निधि के प्रावधानों के अंतर्गत प्रभावितों को आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। स्वीकृत सहायता के अनुसार नेत्रपाल पुत्र भगवान को 6 भेड़ों एवं पशुवाड़े की क्षति के लिए कुल 27,000 रुपये तथा कल्लू पुत्र भगवान को झोपड़ी की क्षति के लिए 8,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

इस प्रकार दोनों प्रभावितों को कुल 35,000 रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत सहायता राशि 24 घंटे में लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए। जिससे प्रभावित परिवारों को समय पर राहत उपलब्ध हो सके।

साथ ही क्षेत्रीय लेखपाल को सहायता वितरण की निगरानी करने एवं प्रकरण का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर ने कहा कि आपदा की किसी भी स्थिति में प्रशासन प्रभावित नागरिकों के साथ खड़ा है तथा राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित किया जाता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वर्तमान ग्रीष्मकालीन मौसम में आग लगने की घटनाओं से बचाव हेतु विशेष सावधानी बरतें, विद्युत उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करें तथा खेतों, पशुबाड़ों एवं झोपड़ियों के आसपास ज्वलनशील पदार्थों के भंडारण में सतर्कता रखें।

किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रशासन अथवा संबंधित विभाग को सूचना देकर सहयोग प्रदान करें।

# ग्रीष्म कालीन कथक कार्यशाला का हुआ समापन

**बच्चों में निरखती प्रतिभा देश व समाज में सूरज की किरण का करती है काम: पल्लव सोमवंशी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित संस्था कलार्पण द्वारा संस्कृति विभाग के निर्देशन में आयोजित ग्रीष्म कालीन कथक कार्यशाला का समापन समारोह संपन्न हुआ।

रविवार को शहर के आईटीआई स्थित एक सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 पल्लव सोमवंशी, विशिष्ट अतिथि डॉ0 नवनीत गुप्ता, निहारिका पटेल, विद्यालय के प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव, धर्मपाल सिंह आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ0 पल्लव सोमवंशी ने कहा किसी भी कला को आत्मसात करना जिंदगी को सच्चे मायने में जीना होता है बच्चों में निरखती प्रतिभा देश व समाज में सूरज की किरण का काम करती है वर्तमान समय में ऐसी कार्यशालाएं बेहद जरूरी है। डॉ0 नवनीत गुप्ता ने कहा कि कलाकार अंधेरे में प्रकाश फैलाने का काम करते हैं कलाकार का जीवन संघर्षों से भरा होता है।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद बच्चे

जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुति भाव विभोर कर देने वाली थी समय.समय पर कार्यशाला बौद्धिक मानसिक विकास के लिए आवश्यक होती है। प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने कहा वह हमेशा हर प्रकार के सहयोग के लिए तैयार है उन्होंने कार्यशाला के बच्चों की सहराना की। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बच्चे ने आज की प्रस्तुति से मन जीत लिया। प्रशिक्षक शिवानी कटियार ने कहा कम समय में बच्चों ने बहुत कुछ सीखा है जो इनके उज्वल भविष्य के लिए अच्छा होगा। कार्यक्रम में अंशिका सिंह, शताक्षी, राधिका बाथम, ध्रुव सक्सेना, प्रियंका, अंजलि, अन्नया आदि ने गुरु वंदना व गणेश वंदना प्रस्तुत की। सौम्य, आरोही, तन्वी, दिव्यांशी, आस्था, मिष्ठी, अनुष्ठा आदि ने गंगा थीम पर जनजागरूक गंगा स्वच्छता पर भाव नृत्य प्रस्तुत किया। सुप्रिया, संतोषी, अश्का, सोनाक्षी, नैंसी, वर्तिका नाव्या आदि ने कथक नृत्य ग्रुप व एकल प्रस्तुति दी। संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया। अध्यक्ष डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। ग्रीष्म कालीन कथक कार्यशाला में प्रतिभाग करने वाले बच्चों प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम की व्यवस्था मनोज कश्यप, दिलीप कश्यप, अमित सक्सेना, नक्श थियेटर धीरज मौर्य, पंकज आदि ने देखी। इस मौके पर राज गौरव पाण्डेय, राम मोहन शुक्ल, रोहित दीक्षित, प्रियांशु पाण्डेय, हरि सिंह कटियार, नेहा सक्सेना, अभिषेक कटियार, सत्या सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों को दिलायी तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ



पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते सीओ लाइन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ में समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को तम्बाकू उत्पादों का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार निरीक्षक ने पुलिस लाइन में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू व अन्य मादक पदार्थो से दूर रहने तथा समाज को इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। क्षेत्राधिकारी ने तंबाकू निषेध की शपथ दिलाते हुए इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्मिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा तंबाकू मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। इससे न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रभावित होता है, बल्कि उसकी कार्यक्षमता और पारिवारिक जीवन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। एक स्वस्थ पुलिसकर्मी ही बेहतर ढंग से समाज की सुरक्षा और सेवा कर सकता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू का नशा एक धीमा जहर है, जो समाज और विशेष रूप से युवा पीढ़ी को नुकसान पहुंचा रहा है। इस मौके पर पुलिस अधिकारियों व जवानों ने शासन की ओर से संचालित नशामुक्ति अभियानों को प्रभावी बनाने तथा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी रखने का भी संकल्प दोहराया।

# उद्योग व्यापार मण्डल के अधिवेशन में युवा पदाधिकारियों को दिलायी गई शपथ



प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते जिलाध्यक्ष आदि

**प्रशिक्षण वर्ग की बैठक में ऑन लाइन व्यापार पर चिंता की गई व्यक्त**

**फर्रुखाबाद/बरेली, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट का अधिवेशन एवं युवा व्यापारियों का शपथ ग्रहण समारोह बरेली स्थित एक स्पर्श लॉन में सम्पन्न हुआ। जनपद फर्रुखाबाद के अलावा 25 से 30 जिलों के व्यापारियों ने भाग लिया। युवा पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने शपथ दिलायी। साथ ही दूसरे जनपद के आये व्यापारियों के साथ प्रशिक्षण वर्ग की बैठक ली। जिसमें व्यापारियों को आने वाले समय में तैयार रहने की नसीहत दी गई। व्यापार पर काफी दिनों से संकट गहरा रहा है। अर्थव्यवस्था को ठीक-ठाक बनाने के लिए व्यापारियों को अब अपने व्यापार में सोच समझकर व्यापार करने की जरुरत है। ऑन लाइन व्यापार से छोटे व्यापारियों का व्यापार चौपट हुआ है। साथ ही स्वदेशी वस्तुए अपनाने पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि संगठन को मजबूत करें। हर व्यापारी की समस्या मिलकर निदान करायें। अगर कोई अधिकारी व्यापारियों की समस्यायें नहीं सुनता है तो प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया जाये। जीएसटी सरलीकरण पर भी चर्चा हुई। प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश अध्यक्ष का जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला व युवा जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर गुप्ता के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम, युवा जिला कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता व युवा जिला महामंत्री आदित्य कटियार, रितु दुबे, प्रशांत वर्मा, युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव आदि ने अधिवेशन में भाग लिया।

## पांचाल घाट पर गंगा मइया का हुआ 630वां दीपदान

### पुरुषोत्तम मास पूर्णिमा पर उमड़ा श्रद्धा सैलाब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गंगा मइया स्वच्छता एवं दीपदान आयोजन समिति द्वारा पाञ्चाल घाट, निकट दुर्वासा ऋषि आश्रम पर प्रति रविवार को आयोजित होने वाले भगवान पार्थिवेश्वरनाथ पूजन, गंगा पूजन और गंगा दीपदान कार्यक्रम का 630वां आयोजन पुरुषोत्तम मास की पूर्णिमा पर संपन्न हुआ। समिति के अधिष्ठाता भगवान पार्थिवेश्वरनाथ और अधिष्ठात्री भगवती गंगा के सानिध्य में यह अनुष्ठान समिति के संस्थापक-अध्यक्ष सत्यव्रत पाण्डेय के आचार्यत्व में हुआ। **रेत से बने शिवलिंग का हुआ अभिषेक-**



भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का पूजन करते भक्तगण

सदस्यों ने गंगा की धार से रेत निकालकर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ का शिवलिंग निर्मित किया। इसके बाद दूध, दही, घी, शहद, शकर और पंचामृत से अभिषेक किया गया। गंगा मइया का भी अभिषेक कर दीपदान और आरती की गई। **विष्णु पादाब्ज सम्भूते मंत्र से हुई प्रार्थना-** समिति सदस्य अर्जुन पाठक, सर्वज्ञ पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने विष्णु पादाब्ज सम्भूते, गंगे त्रिपथगामिनि। ब्रह्मद्रवेति विख्याते, पापं मे हर जाह्नवि। मंत्र का जाप कर भगवान पार्थिवेश्वरनाथ और गंगा मइया से विश्व कल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर अमन अवस्थी, संजीव श्रीवास्तव, सौरभ त्रिवेदी, विनोद कुमार दुबे, संदीप बाजपेई उर्फ गुलची, गौरव तिवारी, सर्वज्ञ पांडे, देवनारायण अग्निहोत्री, आशु दुबे, शिवाजी मिश्रा, रौनक मिश्रा, वंशी दुबे आदि मौजूद रहे।

# बंसल गुट ने व्यापारी हितों की रक्षा के लिए भरी हुंकार

**जिला महामंत्री व नगर अध्यक्ष का हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल बंसल गुट जिले में फिर सक्रिय मोड़ में आ गया है। व्यापारियों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए संगठन ने संघर्ष का बिगुल फूंकते हुए विस्तार अभियान को तेज करने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता ने राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर नई नियुक्तियों की घोषणा की।

नगर के खाटू श्याम सभागार में हुई बैठक में व्यापारी नेता रविकांत गुप्ता को जिला महामंत्री और युवा नेता अंकित गुप्ता को नगर फर्रुखाबाद अध्यक्ष नियुक्त किया गया। दोनों को एक माह में अपनी कार्यकारिणी गठित कर संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।



बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारी

**वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जताया भरोसा**

बैठक में संगठन के संस्थापक जिलाध्यक्ष रोहित गोयल, संरक्षक के0एन0 वर्मा और वरिष्ठ नेता संजय गर्ग सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए व्यापारियों की आवाज बुलंद करने का संकल्प दोहराया। नगर महामंत्री विवेक गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, नीम करौरी अध्यक्ष विकास और वरिष्ठ व्यापारी रमेश चंद्र का भी स्वागत किया गया। **सशक्त संगठन ही लड़ सकता है व्यापारियों की लड़ाई**

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में व्यापारी कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए सशक्त संगठन ही प्रभावी लड़ाई लड़ सकता है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए व्यापारियों ने संगठन को मजबूती देने का भरोसा दिलाया।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**जगह-जगह पुष्पवर्षा कर हुआ स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अहिल्याबाई होल्कर महासचिव जयदेव पाल के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा, समाजसेवी एवं क्षेत्रीय नागरिक शामिल हुए।

शोभायात्रा थाना मऊदरवाजा क्षेत्र स्थित गुरुगांव देवी मंदिर से प्रारंभ होकर बीबीगंज, मऊदरवाजा, पक्का पुल, किराना बाजार, चौक, नेहरू रोड और घूमना होते हुए लाल गेट पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में डीजे की धुनों पर युवा उत्साहपूर्वक शामिल हुए और पूरे मार्ग में जयघोष करते रहे। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। हाथों में झंडे लेकर पैदल चल रहे युवाओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया तथा उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान किया। समापन समारोह में पाल सेना प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज पाल ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा, न्याय और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा, जिनके आदर्श आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर पंकज पाल, जयदेव पाल, सुदेश पाल, राहुल पाल, अवधेश पाल, संदीप पाल, शैलेंद्र सिंह राठौर, रूपेश गुप्ता, भैयन मिश्रा, उदयभान पाल, प्रभात अवस्थी, अभिषेक बाजपेयी, अनिल कश्यप, प्रदीप राठौर, विमल यादव, नवनीत पाल, शेर सिंह शाक्य, योगेश गुप्ता और शिवम दुबे आदि लोग मौजूद रहे। यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए थाना मऊ दरवाजा प्रभारी अजब सिंह एवं कोतवाली फर्रुखाबाद प्रभारी दर्शन सिंह, महिला पुलिस बल के साथ तैनात रहे। वहीं पाल समाज द्वारा राज माता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती मनायी गई। तृतीय भव्य शोभायात्रा में पाल बघेल, धनगर समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बड़ी संख्या में पैदल और मोटर साइकिल के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए।



शोभायात्रा में मौजूद पदाधिकारी

# राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की कांग्रेसियों ने मनायी जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय नाला शिमत शुमाल पर महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनाई गयी। शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा एवं शहर कमेटी के पदाधिकारीगण एवं सभ्रानत व्यक्तियों द्वारा महारानी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये एवं अपने विचार व्यक्त किये।

अंकुर मिश्रा ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की एक कुशल, न्यायप्रिय और लोकप्रिय आदर्श शासक एवं राजनीतिक प्रशासक रही हैं। जिन्होंने देश में बिना किसी आन्तरिक टकराव या जातीय अथवा साम्प्रदायिक विभेद के भारतीय संस्कृति एवं उसके गौरव के पुनरुत्थान लिये काम किया था। जिन्होंने अपने राजकोष का अधिकतम संभव सदुपयोग जनहित के कार्यो और धर्म कार्य के लिये किया। दरअसल वह अपने को शासक नहीं, ईश्वर की सेविका मानती थीं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनकल्याण के लिये समर्पित कर दिया जनता के प्रति निष्पक्ष होकर काम करना उनकी लोकप्रियता का आधार था। उनके शासनकाल में व्यापार, उद्योग, कपड़ा उत्पादन आदि के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई। कृषि के विकास के लिये भी उन्होंने खूब काम किया। आम लोगों, विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के साथ ही उनकी शिक्षा सहित सशक्तिकरण हेतु काम किया। भेदभाव रहित होकर जनता की सेवा के चलते अहिल्याबाई को लोक माता कहा गया। उन्होंने जातीय और साम्प्रदायिक सौहार्द के लिये जिस तरह काम किया। उससे इतिहास में उनकी छवि सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं पुनरुत्थान के साथ साथ एक सेकुलर या धर्मनिरपेक्ष शासक की रही है। अपनी इस तरह की रीति नीति के चलते अहिल्याबाई सर्व समाज के विश्वास की प्रतिनिधि शासक रहीं। इस अवसर पर वीरेंदर मिश्रा, अशोक राठौर, अतीक सलमानी, सलीम खान, अमर मिश्रा, विष्णु मिश्रा, हिमांशू मिश्रा, वत्सल्य मिश्रा, जयदा परवीन, हिमांगी सक्सेना, रोहित वर्मा, शब्बू खान, मुकेश कुमार, रघुवंरदयाल, संजय दिवाकर आदि लोग उपस्थित रहे।



अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते कांग्रेसी

## खबरें एक नजर में

### कल तक मेघगर्जन, वज्रपात व तेज हवाओं की संभावना

**मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट जारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ द्वारा जारी ताजा मौसम पूर्वानुमान के अनुसार जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों में 31 मई से 02 जून तक मेघगर्जन, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से झोंकेदार हवाएं चलने की प्रबल संभावना व्यक्त की गई है। संभावित मौसमीय परिस्थितियों को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। **31 मई से 01 जून तक मेघगर्जन एवं वज्रपात-** जनपद में अनेक स्थानों पर मेघगर्जन एवं वज्रपात होने की संभावना है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज एवं झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। इन परिस्थितियों के कारण कमजोर एवं अस्थायी संरचनाओं, कच्चे मकानों तथा फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। दृश्यता में कमी आने, विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने तथा यातायात बाधित होने की भी आशंका है। **01 जून से 02 जून तक-** मेघगर्जन, वज्रपात तथा 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से तेज हवाओं का क्रम जारी रहने की संभावना है। आमजन को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

### आपरेशन मुस्कान के तहत गुमशुदा बच्चे को किया सकुशल बरामद



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिले में गुमशुदा बच्चों की बरामदगी और उन्हें सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने के लिए पुलिस लगातार संवेदनशील एवं सक्रिय भूमिका निभा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के माध्यम से बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों से मिलाया गया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस ने 03 वर्षीय गुमशुदा बालिका को 02 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिवारीजनों को सुपुर्द किया। पीड़ित निवासी मोहल्ला कुचिया कोतवाली फर्रुखाबाद द्वारा अपनी 03 वर्षीय बालिका के घर से खेलते हुए कहीं चले जाने के सम्बन्ध में पुलिस को सूचना दी थी। प्राप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी की पुत्री को सूचना प्राप्त होने के 02 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों व आमजनमानस द्वारा पुलिस की तत्परता की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

# सार्वजनिक स्थानों पर दस-दस फुट के पेड़ लगाने के लिए डीएम से मांगी अनुमति

**फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने वन विभाग से नि:शुल्क टी-गार्ड उपलब्ध कराने की मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के प्रदेश मंत्री डा0 अरविन्द गुप्ता के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि 30 मई को डीएम की अध्यक्षता में जिला व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई थी। बैठक में पार्किंग, बेन्डिग जोन, आवारा पशुओं को पकड़ने के साथ-साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर हुये अतिक्रमणों को सीघ्र हटाये जाने पर विस्तार से चर्चा हुई तथा डीएम ने शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिये। दिनों दिन नये-नये भवनों के निर्माण एवं आवागमन हेतु हाई-वे आदि के निर्माण हेतु हरे भरे पेडों के कटान से पर्यावरण प्रदूषित होने तथा हीट वेव के बढ़ने से दिनों दिन गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, ऐसे में ज्यादातर आवागमन करने वाले यात्रियों को पेड़ों की छाया न मिलने के कारण गर्मी में यात्रा करना असहनीय हो रहा है। ऐसी स्थिति में यात्रियों को धूप से बचाव हेतु डा0 अरविन्द गुप्ता के दिशा निर्देशन में कुछ समय पूर्व बस स्टेशन प्रांगण में वृक्षारोपण अभियान चलाकर 64 पेड लगभग 10-10 फुट ऊँचाई के लगाये गये थे। रोडवेज प्रशासन की लापरवाही से उक्त 64 पेडों में 63 पेड़ बस चालकों द्वारा बसों से तोड़ दिये गये। मात्र एक पेड़ गोल्डमोहर बचा हुआ है, एंव लिंजीगंज के निकट बेसिक प्राइमरी स्कूल प्रांगण में बड़े-बड़े छायादार वृक्ष लगाये थे, जो यहाँ के स्टाफ की लापरवाही से सारे पेड़ नष्ट हो गये। चाचूपुर मोड़ पर यात्रियों को गर्मी से बचाव हेतु छायादार एक पाकड़ एवं एक बरगद का लगभग 100-100 वर्ष पुराने पेड़ लगे हुये थे, जिनसे लोगों को गर्मी से राहत मिलती थी। रोड़ चौकीकरण के नाम से जबरदस्ती उक्त दोनों पुराने पेड़ हटा दिये, जिनका हटाने का कोई औचित्य नहीं था, क्योंकि जो रोड चौड़ीकरण किया गया है उससे भी लगभग दो-तीन फीट दूर उक्त दोनों पेड़ लगे हुये थे। यहाँ पर एक पाकड़ और एक बरगद पेड़ लगभग 10-10 फीट ऊँचाई के पुनः लगाना चाहते है।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी नेता

# राज माता अहिल्याबाई होल्कर की बसपा नेताओं ने मनाई जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में राज माता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती जनपद की चारों विधानसभा में धूमधाम से कार्यकर्ताओं ने मनायी। सभी कार्यकर्ताओं ने माता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके जीवन में प्रकाश डाला। कायमगंज विधानसभा में मुख्य अतिथि मण्डल जोन प्रभारी विनोद कुमार गौतम रहे। अध्यक्षता धर्मेन्द्र राना ने की। अमृतपुर में मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी आच्छेलाल पाल व विधानसभा प्रभारी त्रिपुरेश गौतम ने अध्यक्षता की। सदर विधानसभा के मुख्य अतिथि शिव कुमार गौतम रहे। अध्यक्षता प्रदीप कठेरिया ने की। भोजपुर विधानसभा के मुख्य अतिथि मण्डल जोन प्रभारी विजय भास्कर रहे। अध्यक्षता अनिल गौतम व अरुण त्रिवेदी ने की। सभी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर विचार व्यक्त किये। चारों विधानसभा में सेक्टर व बूथ स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।



अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाते बसपा नेता

# स्वर्गधाम मार्ग का सदर विधायक ने किया शिलान्यास

**सीसी रोड सड़क निर्माण व नाला के साथ लगेगी लाइटें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट स्थित स्वर्ग धाम मार्ग का सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने रविवार को अपनी विधायक निधि से निर्माणाधीन सीसी रोड निर्माण कराने के लिए सड़क का शिलान्यास किया। पांचाल घाट कैंट रोड पर बने स्वर्ग धाम का सीसी रोड निर्माण एवं नाला निर्माण का अवलोकन कर शिलान्यास किया। सीसी रोड की लम्बाई 260 मीटर व चौड़ाई 600 मीटर लगभग है। जिसकी लागत 50 लाख रुपये है। मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने बताया कि इस रोड की निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। दोनों तरफ नाला एवं रोशनी के लिए सोलर लाइट लगायी जायेगी। विधायक ने संकल्प लिया कि यह रोड जिले की टाप रोड होनी चाहिए। दोनों साइड में सफेद पट्टी एवं बीच में बत्तियां लगायी जायेगी और नालों को ढका जायेगा। जिससे रोड की चौड़ाई बढ़ सके और आवागमन में असुविधा नहीं होगी।

पहले भी इस रोड का चौड़ीकरण भी विधायक द्वारा कराया गया था।



रोड का शिलान्यास करते सदर विधायक

# सदस्यता शुल्क सबसे पहले जमा करने में जनपद प्रथम

**माध्यमिक शिक्षक सम्मान समारोह में शैलेश दुबे हुए सम्मानित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन गणेश इंटर कालेज कासगंज में सम्पन्न हुआ। जनपद से जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, महामंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह में कासगंज के अलावा अन्य जनपद से पहुंचे शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे, महामंत्री नरेन्द्र सिंह सोलंकी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे को शाल ओड़ाकर सम्मानित किया। जनपद की सदस्यता में सबसे पहले जिला कोषाध्यक्ष शैलेश दुबे ने जमा की। जिस पर खुश होकर प्रदेश अध्यक्ष ने उन्हे बधाई दी। सेवानिवृत्त सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक वह धुरी है जो बच्चों को शिक्षा प्रदान करता है और प्रथम गुरु बनकर देश के युवाओं को शिक्षित बनाने में अपना योगदान देता है। उन्होंने जनपद फर्रुखाबाद के पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि सदस्यता अभियान में जनपद फर्रुखाबाद सबसे आगे है। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



शैलेश दुबे को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष

## खबरें एक नजर में

### राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर कांग्रेस की गोष्ठी आयोजित



गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर प्रदेशव्यापी कार्यक्रम के तहत जनपद लखीमपुर खीरी के विभिन्न स्थानों पर भारत की महान शासिका एवं लोककल्याणकारी शासन की प्रतीक अहिल्यबाई होलकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इसी क्रम में गोला गोकर्णनाथ स्थित भारत भूषण कॉलोनी में कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने की। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, जनकल्याण और धर्म-संस्कृति के संरक्षण के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया और अपने प्रशासनिक कौशल से इतिहास में अमिट छाप छोड़ी। महिला जगत में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक है। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव पिछड़ा वर्ग विभाग रामकुमार वर्मा, प्रेम कुमार वर्मा, मतीन शाह, रामशंकर पाल, अजय कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू, फकीर मोहम्मद, प्रशांत पटेल, नन्हे श्रीवास्तव, यीशू पटेल, विक्रम पटेल सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु 9 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई निवारक कार्रवाई



**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय में रविवार को उ.नि. जयसुशील मिश्रा मय हमराह द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका के दृष्टिगत कुल 9 व्यक्तियों को अंतर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई।ग्राम दुर्ग सराय भाव में जमीनी विवाद एवं निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों के मध्य तनाव एवं कसीदगी की स्थिति उत्पन्न होने पर 4 व्यक्तियों तथा ग्राम बारौ पटवारा में खड़ंजे की ओर दरवाजा खोलने के विवाद को लेकर 2 व्यक्तियों के विरुद्ध निवारक कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम बारौ नगरन का पुरवा में पारिवारिक विवाद के दृष्टिगत 01 व्यक्ति के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई।इसी क्रम में थाना बाघराय पुलिस द्वारा ग्राम मण्डल भासो में आबादी भूमि को लेकर उत्पन्न विवाद एवं संभावित शांति भंग की स्थिति के दृष्टिगत राजेन्द्र गौतम पुत्र जमुना प्रसाद गौतम एवं अजय कुमार मौर्या पुत्र सोहनलाल उर्फ मन्नू मौर्या निवासीगण मण्डल भासो थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ को अंतर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत हिरासत में लेकर निवारक कार्यवाही की गई।सभी व्यक्तियों को नियमानुसार हिरासत में लेकर गिरफ्तारी की सूचना उनके परिजनों को दी गई तथा सर्वोच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### विविध कार्यक्रमों में आज शामिल होंगे सांसद प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में बारह बजे से लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह यहां जन समस्याओं का निराकरण करायेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में तीन बजे पुरूषोत्तम माह के सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वह रामगंज भोजपुर, रायपुर तियाई तथा रानीगंज कैथौला में भी लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके पहले दिन में साढ़े ग्यारह बजे सराय संग्राम सिंह में भी जन संवाद करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

### बरुआ औरा में धूमधाम से मनाई गई राजमाता अहिल्या बाई होलकर की जयंती



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र के बरुआ औरा गांव में रविवार को राजमाता अहिल्या बाई होलकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में शामिल युवाओं ने पीले गमछे और साफा बांध रखे हैं और हाथों में पीले झंडे लिए हुए हैं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर राजमाता के आदर्शों और लोक कल्याण के कार्यों को याद किया। पूरा माहौल देशभक्ति और लोकमाता के प्रति सम्मान से भर गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हलिया ब्लॉक में आरोग्य मेले का आयोजन 211 मरीजों का हुआ उपचार



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। मेले में ग्रामीणों की भारी भागीदारी देखी गई और सैकड़ों लोगों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श का लाभ लिया। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में चिकित्सक विमल कुमार ने 49 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी ने 38 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में चिकित्सक अभिषेक जायसवाल व शालिनी सिंह ने 45नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज चिकित्सक बालकृष्ण मिश्रा ने 45 नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली चिकित्सक मनीष कुमार ने 38 मरीजों का उपचार किया कुल 211 लोगों ने आरोग्य मेले में हिस्सा लिया। सामान्य स्वास्थ्य जांच, बीपी-शुगर टेस्ट, गर्भवती महिलाओं की जांच, टीकाकरण, नि:शुल्क दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई गई। आरोग्य मेले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को घर के पास उपलब्ध कराना और लोगों को रोगों की रोकथाम व प्रारंभिक उपचार के प्रति जागरूक करना था।

## ओयल में विकास कार्यों की सौगात

# एमएलसी अनूप गुप्ता ने 2.67 करोड़ की परियोजनाओं का किया भूमि पूजन

- पीएम की 'मन की बात' सुनने के बाद विकास योजनाओं की रखी आधारशिला, आवास योजना और अतिक्रमण के मुद्दे भी उठे

**ओयल (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप कुमार गुप्ता ने रविवार को ओयल कस्बे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सजीव प्रसारण देखा। इसके बाद उन्होंने त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत करीब 2.67 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण परियोजनाओं का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया। एमएलसी ने नगर पंचायत ओयल के मुराउन टोला, कवडियन टोला तथा ग्राम पंचायत ओयल में प्रस्तावित चार विकास कार्यों की आधारशिला रखी। इनमें मुराउन टोला में रोहित शर्मा के मकान से देवी मंदिर तक 53.07 लाख रुपये की लागत से इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण, कवडियन टोला में दीनदयाल पार्क, लक्ष्मीनारायण हनुमान मंदिर और अंबेडकर पार्क के सामने से राजा रोड मोड़ तक 91.58 लाख रुपये की परियोजना, मुराउन टोला में त्रिभुवन के मकान से वेदप्रकाश के मकान तक 87.45 लाख रुपये तथा युवराज दत्त इंटर कॉलेज परिसर में 35.39 लाख रुपये



की लागत से इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य शामिल हैं। एमएलसी ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, नाली और बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे आम लोगों को सीधे लाभ मिलेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिभा, अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष शर्मा प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, अजय अवस्थी, डॉ. अखिलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

**आवास योजना को लेकर लाभार्थी ने रखी समस्या:** कार्यक्रम के दौरान मुराउन टोला निवासी प्रमोद कुमार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत आवास का लाभ न मिलने की शिकायत एमएलसी से की। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए अनूप गुप्ता ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को डूडा विभाग से जानकारी लेकर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों के अनुसार ओयल में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत अब तक केवल नौ लाभार्थियों को पहली किस्त जारी हुई है, जबकि वर्ष 2024 में चयनित 175 पात्र आवेदकों को अभी तक लाभ नहीं मिल सका है।
**अतिक्रमण हटाने को नगर पंचायत ने जारी किया नोटिस:** इस बीच नगर पंचायत ओयल ने लखीमपुर-सीतापुर मुख्य मार्ग के किनारे सरकारी भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण को हटाने के लिए नोटिस जारी किया है। अधिशासी अधिकारी ऋषिकेश वर्मा ने बताया कि सड़क किनारे साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाना है। ऐसे में अतिक्रमण करने वालों को तीन दिन के भीतर स्वयं कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर पंचायत स्वयं कार्रवाई करेगी और हटाने में आने वाला खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा।
**सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद:** कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना खीरी प्रभारी निरीक्षक निराला तिवारी एवं चौकी प्रभारी डिंपल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित, शिक्षा के प्रति किया जागरूक



**फरधान खीरी।** विकास खंड सदर की ग्राम पंचायत धौरहरा खुर्द में जनमानस कल्याण समिति द्वारा जरूरतमंद बच्चों के लिए स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 50 बच्चों को निःशुल्क कापी, पेंसिल, पेन व अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित कर नियमित रूप से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।

समिति के सदस्यों ने बच्चों के अभिभावकों को भी शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई के लिए भेजने की अपील की। समिति सदस्य मिलन मिश्रा ने बताया कि संस्था पिछले दो माह से असहाय एवं जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध करा रही है। कोचिंग से जुड़े 50 बच्चों को अध्ययन सामग्री भी प्रदान की गई, जिससे उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा न आए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को प्रतिदिन कोचिंग में उपस्थित रहने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर दिलीप वर्मा, राममिलन मिश्रा, मनोज वर्मा, राजेश वर्मा, नीरज शुक्ला, विकास खरे, शुभम उपाध्याय, लक्ष्मी श्रीवास्तव, आदित्य शर्मा, सुरेंद्र चक्रवर्ती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### छुट्टा गोवंश से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक गंभीर घायल

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** शहर के मिल बाईपास रोड पर शनिवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब सड़क पर घूम रहे एक छुट्टा गोवंश से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घायल युवक की पहचान 35 वर्षीय अजय कश्यप पुत्र रामरतन कश्यप उर्फ रामू निवासी मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना के रूप में हुई है।

## संस्कृत विवि परीक्षा परिणाम: धर्मापुर महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने 80फीसद से अधिक हासिल किए अंक

**बिजुआ (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की ओर से घोषित परीक्षा परिणाम में श्री माँ दुर्गा जगरानी देवी संस्कृत महाविद्यालय, धर्मापुर (भीरा) के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पूर्वमधमा (कक्षा-10) और प्राक्शास्त्री (10+2) परीक्षाओं में छह विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जबकि दो विद्यार्थियों ने 88 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पूर्वमधमा परीक्षा में अनुज कुमार ने 83.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शशी 81.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे और रीशू देवी 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं।

वहीं प्राक्शास्त्री (10+2) परीक्षा में निशी और चरन सिंह ने 88-88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। शोहिल कुमार ने 84 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय प्रशासन ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम परीक्षा परिणाम में दिखाई दिया है। क्षेत्र के लोगों और अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।



शशि | रीशू देवी | सोहिल कुमार | अनुज कुमार | चरण सिंह | निशी

## योजनाओं की समीक्षा में प्रभारी मंत्री सख्त, बोले- पात्रों तक समयबद्ध पहुंचे योजनाओं का लाभ

- बाढ़ सुरक्षा कार्य 15 जून तक पूरे करने के निर्देश, सड़क बहाली में देरी पर जताई नाराजगी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने रविवार को लखीमपुर खीरी पहुंचकर विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक बिना किसी देरी के पहुंचे और क्रियान्वयन में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति



योजनाओं से वंचित न रहे। कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री ने बाढ़ एवं कटान निरोधक परियोजनाओं, पेयजल योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, आवास योजनाओं, कृषि विभाग और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिले में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के प्रयास दिखाई दे रहे हैं, लेकिन जहां कहीं भी कार्यों में सुस्ती है, उसे तत्काल दूर किया जाए। बाढ़ एवं कटान निरोधक 12 परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जियो ट्यूब और जियो बैग तकनीक से कार्य कराए जा रहे हैं और सभी स्वीकृत परियोजनाओं को 15 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी प्राथमिकता से अमल में लाया जाए। जल निगम (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान सड़क पुनर्स्थापन कार्यों की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है, उन्हें तत्काल क्रियाशील किया जाए और सड़क बहाली के कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में मेडिकल कॉलेज की अस्पताल विंग में विद्युत कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना, टीकाकरण अभियान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और जननी सुरक्षा योजना की भी समीक्षा की गई। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की प्रगति बताते हुए अधिकारियों ने जानकारी दी कि स्वीकृत 283 केंद्रों में से 237 का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष केंद्रों पर कार्य जारी है। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 6,900 किसानों से 52 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 66 प्रतिशत है। वहीं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की पहली किस्त 5.91 लाख से अधिक किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। आवास योजनाओं की समीक्षा में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति भी प्रस्तुत की गई। बैठक से पहले प्रभारी मंत्री का एक अलग अंदाज भी देखने को मिला। वे लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन से कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार तक वाहन से जाने के बजाय पैदल पहुंचे। उनके साथ जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी पैदल चलते हुए बैठक स्थल तक पहुंचे। आमतौर पर वीआईपी मूवमेंट में वाहनों के काफिले चर्चा में रहते हैं, लेकिन प्रभारी मंत्री का यह सादगीपूर्ण अंदाज दिनभर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। सड़क पर मौजूद लोगों ने भी उन्हें पैदल चलते देखा और यह दृश्य लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा।

### राजू दूबे के आकस्मिक निधन पर शोक

**महराजगंज।** धानी गांव निवासी राजू दूबे यानी (राजू बाबा) का आकस्मिक निधन बीते दिनों गोरखपुर एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया है वह लगभग 55वर्ष के रहे उनका अंतिम संस्कार धानी घाट पर कर्मकांड विधि से सम्पन्न हुआ है ।उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है।जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार ,इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव , अधिवक्ता व राजनीतिज्ञ उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान पूर्व सभापति गणेश शंकर पाण्डेय,फरेंदा के पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह,पूर्व विधायक विनोद तिवारी पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह , डॉ निशांत मणि त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख राजेश मणि, त्रिपाठी,वृजेश मणि ,डॉ कुंवर पाल सिंह, छट्ठू सिंह,वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, रामफेर त्रिपाठी, केशव मणि, सुनील मणि, स्कन्द बाबा, राधेश्याम सिंह, रंजन मिश्र, पूर्व वार के अध्यक्ष अरविंद मिश्र पूर्व अध्यक्ष रामसहाय गुप्ता विनोद तिवारी अजीत मणि, परमात्मा अग्रहरि रेवेन्यू वार अध्यक्ष जितेंद्र सैनी, प्रदीप अग्रहरि अधिवक्ता अभिषेक, विभूती नारायण पाण्डेय शैलेन्द्र सिंह श्याम सुंदर, अशोक कुमार अर्जुन अग्रहरि, पशुपति अग्रहरि, व ग्राम प्रधान कानापार संजय साहनी सहित नात- रिश्तेदारों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है। इसी क्रम में धानी बाजार निवासी सेठ त्रिलोकी प्रसाद इण्टर कालेज के प्रवन्धक व पूर्व शिक्षक दयाराम गुप्त का लम्बी बीमारी के दौरान आज उनके आवास पर निधन हो गया है वह लगभग 75 वर्ष के रहे । इनका अंतिम संस्कार धानी घाट पर कर्मकांड विधि से सम्पन्न हुआ है। इनके निधन की खबर सुनते ही शिक्षक राजनीतिज्ञ सहित व्यापारियों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया है और शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है ।

## मंदिर से भगवान शंकर के चोरी हुए शिवलिंग को पुलिस ने किया बरामद

- मंदिर में दोबारा से हुई शिवलिंग की स्थापना

**राजगढ़ मीरजापुर, समृद्धि न्यूज़।**

राजगढ़ थाना क्षेत्र के पूरेनिया गांव में स्थित मंदिर से शंकर जी की शिवलिंग चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरों द्वारा शिवलिंग चोरी किए जाने के बाद गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल है। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राजगढ़ थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। ग्रामीणों से पूछताछ के साथ आसपास की गतिविधियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव के



लोग जैसे ही सुबह में मंदिर में घुसे शिवलिंग चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई उन्होंने तत्काल इसकी सूचना राजगढ़ थाने को दिए राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए।चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। निकरिका गांव में भी चोरों ने समरसेबल का तार और स्टेबलाइजर चोरी कर लिया। चोरी की घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मंदिर से शंकर जी की शिवलिंग चोरी हुई है और उसी के बगल में एक और शंकर जी की शिवलिंग है जिसे चोरों ने नहीं चुराया। यह शिवलिंग बहुत पुरानी भगवान शंकर की शिवलिंग थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। इस इस संबंध में जब राजगढ़ थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडे से बात हुई तो उन्होंने कहा कि गांव के ही किसी मधबुद्ध व्यक्ति ने शिवलिंग को हटा दिया था। दोबारा से वहां पर शिवलिंग को लगा दिया गया है।

## गिट्टी लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलटा, चालक सुरक्षित

**हलिया (मीरजापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के पास रविवार सुबह गिट्टी लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। संयोग था कि हादसे में ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश से गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रेलर जैसे ही सुबह नौ बजे के करीब लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के आगे पहुंचा तो अनियंत्रित होकर हाइवे पर पलट गया। हादसे में 30 वर्षीय ट्रेलर चालक संजय निवासी लहुरियादह बाल बाल बच गया। सूचना पर पहुंचे एसआइ सुभाष यादव हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव ने घटना की जांच की।ट्रेलर पलटने से हाइवे पर गिट्टी



बिखरने से एक लेन से आवागमन बाधित हो गया है। मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले लेन से वाहनों आवागमन हो रहा है।एसआइ सुभाष यादव ने बताया कि लहुरियादह गांव में नेशनल हाइवे पर गिट्टी लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया।पलटे ट्रेलर को हटवाने के एनएचएआई के कर्मचारियों व ट्रेलर मालिक को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को हाइवे से हटा दिया जाएगा।

## विशेष पुलिस किशोर इकाई के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस लाइन सभागार में विशेष पुलिस किशोर इकाई के सदस्यों के लिए एक दिवसीय मनोसामाजिक सहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी सदर अंकुर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण का आयोजन पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति की ओर से किया गया। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम महराजगंज के मनोवैज्ञानिक डॉ. शुभ अभोज एवं मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. निहारिका लोधी ने प्रतिभागियों को प्रभावित एवं संवेदनशील परिस्थितियों से गुजर रहे बच्चों तथा उनके परिवारों को प्रभावी सहायता



प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया। मनोसामाजिक सहयोग एवं परामर्श संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

प्रशिक्षण का उद्देश्य: विशेषज्ञों ने बच्चों के साथ संवाद स्थापित करने, उनका विश्वास जीतने, संवेदनशील एवं सकारात्मक भाषा का प्रयोग करने, उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने तथा परिवार की समुचित काउंसलिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न मामलों में अपनाई जाने वाली व्यवहारिक एवं कानूनी प्रक्रियाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

सीओ का बयान: सीओ ने कहा कि बच्चों एवं उनके परिवारों को बेहतर परामर्श और सहयोग उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित कर बच्चों के हित एवं संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य किए जाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में मानव तस्करी विरोधी थाना महराजगंज, जनपद के समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, अभियोजन विभाग, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति, प्लान इंडिया तथा सर्व हितकारी सेवा संस्थान के प्रतिनिधियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनसीसी के सीएटीसी-152 शिविर का हुआ समापन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज, आनंदनगर में आयोजित 102 यूपी बटालियन एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर सी एटीसी-152 का शनिवार को भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ।समापन अवसर पर कैडेट्स के अनुशासन, उत्साह और देशभक्ति की भावना ने उपस्थित सभी अतिथियों को प्रभावित किया।समारोह को संबोधित करते हुए कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने कहा कि शिविर के दौरान कैडेट्स को पीटी, ड्रिल, फायरिंग, ऑप्टिकल ट्रेनिंग, मैप रीडिंग सहित विभिन्न सैन्य एवं व्यक्तित्व विकास संबंधी प्रशिक्षण दिए गए। उन्होंने कैडेट्स से प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार हेतु सुझाव भी आमंत्रित किए और कहा कि एनसीसी का प्रत्येक कैडेट देशहित को सर्वोपरि रखते हुए अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन का आधार बनाए।इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा



ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। क्वार्टर गार्ड, फ्लैग एरिया, ड्रिल, पेंटिंग, फायरिंग, मैप रीडिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामान्य ज्ञान एवं रस्सा-कस्सी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया गया। बेस्ट गर्ल्स कैडेट (एसडब्लू) प्रतिमा, बेस्ट गर्ल्स कैडेट (जे डब्ल्यू) - विजय लक्ष्मी, बेस्ट बॉयज कैडेट (एसडी) - दीपांशु पाठक, बेस्ट बॉयज कैडेट (जेडी)अभिजीत, ओवरऑल बेस्ट कैडेट, अभिजीत ,ओवरऑल चैंपियन कॉलेज बीके, आईसी, पिपराइच, महराजगंज,ओवरऑल चैंपियन कंपनी चार्ली कंपनी।

सायंकाल आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न विद्यालयों के कैडेट्स ने देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आनंद कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा व मुख्य अतिथि परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज के प्रबंधक बजरंग बहादुर सिंह, प्राचार्य डॉ. अशोक भारतीय, 1971 के युद्ध सेनानियों, पीआई स्टाफ, एएनओ तथा बड़ी संख्या में उपस्थित कैडेट्स ने लिया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कैंप कमांडेंट एवं कॉलेज प्रबंधक द्वारा 1971 के युद्ध सेनानी सूबेदार मेजर एस.बी. गुरुंग (168 फील्ड रेजिमेंट) तथा नायब सूबेदार पी.बी. गुरुंग (6/8 जीआर) को बटालियन की ओर से प्रतीक चिह्न प्रदान कर उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समापन समारोह भारत माता की जय के जोशीले नारों एवं सामूहिक रात्रि भोज के साथ हुआ। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक आयुष्मान सिंह उर्फ राणा, लेफ्टिनेंट डॉ संजय शर्मा सहित तमाम लोग मौजूद रहें।